




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 245

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

बुधवार | 19 जून, 2024


# काशी के लोगों को डबल बधाई, आपने सिर्फ एमपी नहीं बल्कि लगातार तीसरी बार पीएम भी चुना है: पीएम मोदी

## किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को किसानों के खाते में किया ट्रांसफर

- आपका ये विश्वास लगातार आपकी सेवा के लिए और देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है: पीएम
- किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब विकसित भारत का मजबूत स्तंभ, तीसरे कार्यकाल की शुरुआत इन्हीं के सशक्तिकरण से की है
- कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों सुनिश्चित करेगी: प्रधानमंत्री मोदी
- पीएम किसान सम्मान निधि आज दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर स्कीम बन चुकी है: नरेंद्र मोदी
- हमारा सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए: पीएम
- पीएम ने कहा, जब सही नीयत होती है, सेवा की भावना होती है तो ऐसे ही तेजी से किसान हित और जनहित का काम होता है



जन एक्सप्रेस | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में ट्रांसफर किया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने काशी की जनता को उन्हें लगातार तीसरी बार सांसद और प्रधानमंत्री बनाने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बनारस के हर मतदाता का लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी वासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। ये बनारस के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि काशी के लोगों ने सिर्फ अपना एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। इसलिए आपलोगों को तो डबल बधाई। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

### जब सही नीयत होती है तो तेजी से जनहित का काम होता है

पीएम मोदी ने कहा कि हमने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब इन्हें विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे पहला फैसला किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा लिया गया है। देश भर में गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने हों या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो, यह फैसले करोड़ों लोगों की मदद करेंगे। आज का ये कार्यक्रम भी विकसित भारत के इसी रास्ते को सशक्त करने वाला है। थोड़ी देर पहले ही देश भर के करोड़ों किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 20 हजार करोड़ रुपए पहुंचे हैं। आज तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की तरफ भी बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों सुनिश्चित करेगी। पीएम किसान सम्मान निधि आज दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर स्कीम बन चुकी है। अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि में सही लाभार्थी को लाभ पहुंचाने के लिए टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हुआ है। कुछ महीने पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी एक करोड़ से अधिक किसान इस योजना से जुड़े हैं। सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए कई नियमों को भी सरल किया है। जब सही नीयत होती है, सेवा की भावना होती है तो ऐसे ही तेजी से किसान हित और जनहित का काम होता है।

### काशी के विकास की यह गाथा अनवरत जारी रहेगी

पिछले 10 वर्ष में काशी के किसानों के लिए केंद्र सरकार ने और 7 वर्षों से राज्य सरकार ने पूरे समर्पण के साथ काम किया है। बनास डेयरी ने तो बनारस और आसपास के किसानों और पशुपालकों का भाग्य बदलने का काम किया है। आज ये डेयरी हर रोज करीब 3 लाख लीटर दूध जमा कर रही है। अकेले बनारस के ही 14 हजार से अधिक पशुपालक इस डेयरी से रजिस्टर्ड हो चुके हैं। अब बनास डेयरी अगले एक डेढ़ साल में काशी के ही 16 हजार और पशुपालकों को अपने साथ जोड़ने जा रही है। बनास डेयरी आने के बाद बनारस के अनेक दुग्ध उत्पादकों की कमाई में 5 लाख रुपए तक की वृद्धि हुई है। पिछले साल 100 करोड़ रुपए से ज्यादा बोनस पशुपालकों के खाते में भेजा गया था। पीएम मत्स्य संपदा योजना से बनारस के सैकड़ों किसानों को लाभ हो रहा है। उन्हें अब किसान क्रेडिट कार्ड की भी सुविधा मिल रही है। चंदौली में करीब 70 करोड़ की लागत से आधुनिक फिश मार्केट का विकास भी किया जा रहा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से यहां करीब 40 हजार लोग रजिस्टर्ड हुए हैं। बनारस के 2100 से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लग चुका है। अभी तीन हजार से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगाने का काम चल रहा है। आज काशी में देश के सबसे पहले सिटी रोपवे का काम अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच रहा है। गाजीपुर, आजमगढ़ और जौनपुर के रास्तों को जोड़ती रिंग रोड विकास का रास्ता बन गई है। फ्लाई ओवर बनने से जाम से जूझने वाले बनारस के लोगों को बहुत राहत हुई है। काशी और कैंट रेलवे स्टेशन एक नए रूप में पर्यटकों और बनारसी लोगों का स्वागत कर रहे हैं।

### खेती में भी जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट वाले मंत्र को बढ़ावा देना है

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बडी भूमिका है। हमें वैश्विक रूप से सोचना होगा, ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। हमें दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी, ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपोर्ट बढ़ रहा है और उत्पादन भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का होने लगा है। अब हमें पैकेज्ड फूड के ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है। मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए। इसलिए हमें खेती में भी जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट वाले मंत्र को बढ़ावा देना है। मोटे अनाज श्रीअन्न का उत्पादन हो, औषधीय गुण वाली फसल हो या फिर प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना हो, पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के माध्यम से किसानों के लिए एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है।





## देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना अन्नदाता किसान: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मोदी जी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी के द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में कहीं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (20 हजार करोड़ रुपये से अधिक) का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। साथ ही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### पीएम मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचान

सीएम योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मां गंगा के यशस्वी पुत्र नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।

### दुनिया ने काशी को नए रूप में बदलते हुए देखा है

सीएम योगी ने कहा कि हमने बदलती हुई काशी को देखा है। काशी नए कलेवर और नई काया के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रही है। नई काशी पूरे देश-दुनिया को आकर्षित कर रही है। 10 वर्ष में नई काशी के कायाकल्प के लिए न सिर्फ हजारों करोड़ रुपये लगे हैं, बल्कि दुनिया ने काशी को नए रूप में बदलते हुए देखा है।

### खेती को नई दिशा देंगी कृषि सखियां

पीएम मोदी ने कृषि में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि माताओं-बहनों के बिना खेती की कल्पना भी असंभव है। इसलिए अब खेती को नई दिशा देने में भी माताओं बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी की तरह ही कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। हमने आशा कार्यकर्ता के रूप में बहनों का काम देखा है, हमने बैंक सखियों के रूप में डिजिटल इंडिया बनाने में बहनों की भूमिका देखी है, अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलते हुए देखेंगे। आज 30 हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाणपत्र दिए गए हैं। अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई है और आने वाले समय में पूरे देश में हजारों महिला समूहों को इससे जोड़ा जाएगा।

## गाजीपुर में आग लगी: चार पक्के मकान, 40 झोपड़ियां राख, बेघर हुए 29 परिवार, एक बछिया और 12 बकरियों की झुलसकर मौत

जन एक्सप्रेस। गाजीपुर



गाजीपुर के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित यादव बस्ती में मंगलवार को आग ने तांडव मचाया। आग की लपटों के बीच सिलिंडर फटने से लोग सहम गए। घटना में चार पक्के मकान और 40 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इसमें पांच लाख 85 हजार रुपये, दो लाख के आभूषण और अन्य सामान भी नष्ट हो गए। एक बछिया और 12 बकरियों की झुलसकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने आग से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी। इसके मुताबिक 29 लोग बेघर हो गए हैं। नारायणपुर गांव में सुबह आठ बजे एक पक्के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पास की एक झोपड़ी को आगोश में ले लिया। झोपड़ी में रखा सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे आग की लपटें बेकाबू हो गईं और तीन और पक्के मकान के साथ झोपड़ियों को आगोश में ले लिया। क्षेत्रीय लेखपाल उपेंद्र कुमार ने क्षति की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी। ग्राम प्रधान रमेश यादव ने पीड़ितों को तिरपाल और पांच-पांच किलो राशन की व्यवस्था की है।

## यूपी में गर्मी से हाहाकार: प्रयागराज और आसपास के इलाकों में 20 लोगों की ली जान, कई अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



प्रयागराज के मंडल के तीन जिलों में भीषण गर्मी जानलेवा बनी हुई है। लू और गर्मी की चपेट में आकर मंगलवार को 20 लोगों की मौत हो गई। इसमें 15 प्रयागराज, प्रतापगढ़ में चार और एक की कौशांबी में मौत हो गई। वहीं, गर्मी से हालत बिगड़ने पर कई लोगों को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालात यह हैं कि दिन ही नहीं रात में भी तापमान अधिक होने से सुकून नहीं मिल पा रहा है। सूरज की तपिश के कारण सुबह 10 से शाम चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा है। गर्मी के विकराल रूप को देखते हुए मौसम विभाग ने 22 जून तक लू का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने का अनुमान है। आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद से अंगार बन चुकी सड़कों पर एक कदम चलना भी मुश्किल हो रहा है। कई राहगीरों को सिर दर्द व बेचैनी की समस्या रही। अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं रोजाना डायरिया के 15 से 20 मरीज सामने आ रहे हैं। मौसम के जानकारों के मुताबिक मानसून 22 जून के बाद आने की संभावना है।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## सज़ा नहीं, न्याय केंद्रित है तीन नए आपराधिक कानून, तय समय में मिलेगा न्याय: डीजीपी प्रशांत कुमार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



देशभर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनके लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले।इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है। यूपी पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार लखनऊ से खास बातचीत में नए आपराधिक कानूनों को लेकर जानकारी दी।

### सज़ा नहीं न्याय आधारित कानून

प्रशांत कुमार ने बताया कि समय की मांग को देखते हुए ये नए आपराधिक कानून लाए जा रहे है । उन्होंने कहा कि नए कानूनों में दंड पर नहीं बल्कि न्याय पर जोर दिया गया है ।भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले । नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए है । डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न ना हो ।

### महिला और बच्चों की सुरक्षा पर फोकस

यूपी पुलिस के महानिदेशक ने जानकारी देते हुआ बताया की नए आपराधिक कानूनों में महिला और बच्चों से जुड़े सभी अपराधों को एक साथ पांचवें अध्याय में रखा गया है। 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ होने वाले अपराध के लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान किया गया है । वहीँ इनमे पीड़ित को अब एफआईआर की एक प्रति मुफ्त हासिल करने का अधिकार दिया गया है, साथ ही 90 दिन के अंदर जांच की प्रगति की जानकारी देने को जरूरी बनाया गया है। भारतीय न्याय संहिता, श्रम या वेश्यावृति के लिए बच्चों की खरीद-फरोख्त को दंडनीय अपराध बनाती है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने किशोर अपराधों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि अक्सर कई ऐसे मामले सामने आते है जिनमें अपराध गंभीर होने पर भी कम उम्र होने के कारण आरोपी बच जाते थे लेकिन अब मानसिक परिपक्वता के आधार पर तय होगा की अपराधी वयस्क है कि नहीं और उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मानव तस्करी पर कसेगा शिकंजा

यूपी डीजीपी ने बताया कि मानव तस्करी एक बड़ी चुनौती हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में इससे निपटने के लिए कानूनों को और मजबूत किया गया है। किसी भी व्यक्ति की तस्करी, वेश्यावृति और फिरौती के लिए मानव तस्करी को इनमें शामिल करते हुए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के प्रावधान किए गए है। इनमें भिक्षावृत्ति को भी जोड़ा गया है।

### तकनीक के साथ न्याय होगा आसान, गवाह को मिलेगी पूरी सुरक्षा

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में अपराध स्थल से लेकर जांच और मुकदमें तक की प्रक्रियाओं को तकनीक से जोड़ा गया है । पीड़ित किसी भी प्रकरण में ई-एफआईआर करा सकते है। पीड़ित के साथ ही अपराधी को सजा दिलाने में गवाह की भूमिका बड़ी होती है ॥ प्रशांत कुमार ने बताया कि गवाहों को धमकियों से बचाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गवाह संरक्षण योजना को शामिल किया गया है ।उन्होने बताया कि गवाहों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही देने की भी आजादी होगी। उन्होंने कहा कि जेलों में बढ़ते कैदियों के दबाव को देखते हुए नए आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान जोड़े गए है । नई तकनीक के जरिए मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी जिससे न्याय जल्दी मिलेगा जिससे जेल में कैदियों की संख्या कम होगी। इसके साथ ही छोटे अपराधों के लिए कम्युनिटी पनिशमेंट का प्रावधान किया गया है जिससे अनावश्यक तौर पर जेल जाने से मुक्ति मिलेगी। यूपी डीजीपी ने कहा कि नोटिफिकेशन आने के बाद से ही नए आपराधिक कानूनों को लागू कराने के लिए पुलिस विभाग ने तैयारी शुरु कर दी थी । प्रदेश के जितने भी प्रशिक्षण संस्थान है उसमें पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है ॥ नए आपराधिक कानूनों की खास बात ये है कि ये लिंग तटस्थ है जो हर नागरिक के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। साथ ही ये निरीक्षण तंत्र की जवाबदेही को समयबद्ध तरीके से तय करते हैं और अपराध की नई चुनौतियों से निपटने के लिए तंत्र को सक्षम बनाते हैं।

# डीएम ने ली राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवृत्यो पर चर्चा हुई।
जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्षा जल का अधिक से अधिक मात्रा में खेत तालाब के माध्यम से संचयन करके भूगर्भ जल स्तर में वृद्धि एवं संचित जल से अधिक क्षेत्र की जीवनदायिनी सिंचाई करते हुए सकल फसल उत्पादक बढाकर, तालाबों में मत्स्य पालन, जैविक खेती द्वारा कृषकों की आय बढाना एवं उनको आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही मनुष्य तथा जानवरों के लिए पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराना है। उन्होंने खेत तालाब के अंतर्गत प्रगति ठीक न पाए जाने पर भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय व उनके अधीनस्थ सभी जेई को कारण बताओं नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि अनुपालन व्याख्या नहीं हुआ तो कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने उप कृषि निर्देशक को निर्देशित किया कि खेत तालाब का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारीयों को निर्देशित किया कि खेत तालाब पर ट्री गार्ड व फेंसिंग के साथ वृक्षों को अधिक से भी अधिक लगाए। उन्होंने पीएमकेएसवाई के अंतर्गत आजीविका संवर्धन, वाटरशेड विकास कार्य के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने खेत तालाब निर्माण के अंतर्गत भौतिक लक्ष्य व वित्तीय लक्ष्य की जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि तालाब का स्थल चयन खेत में ऐसी जगह होनी चाहिए जहां प्राकृतिक रूप से वर्षा जल बहकर एकत्रित हो सके। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि स्पिंगलर के लिए जो किसान रजिस्ट्रेशन करने आते हैं, उनसे कहें कि खेत तालाब के अंतर्गत भी रजिस्ट्रेशन कराएं। जिलाधिकारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत कहा कि बिहड एवं बंजर भूमि को सुधार एवं कृषि उत्पादन योग्य के लिए जिन गांवों को चयनित किया गया है, उन गांव में स्थल को चिन्हित कर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर गांव में 10 स्पॉट ऐसे चिन्हित करें कि बरसाती नाला उस तालाब से जोडा जा सके। ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि जनपद में पानी की समस्या है, तालाबों में पानी भरने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने मनरेगा, क्षेत्र पंचायत व अन्य विभागों से कहा कि एक-एक तालाब पर कार्य किया जाए तो पानी की समस्या नहीं हो पाएगी। जिलाधिकारी ने अटल भूजल योजना के सम्बन्ध में कहा कि इसमें बीहड, बंजर भूमि सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत समोच्च रेखीय बंध, पेरीफेरल बंध, जल संचयन बंध, चेक डैम, भूमिगत पाइप वितरण व अन्य जो कार्य कराए जाने हैं, उसे जल्द से जल्द कराए। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय आजीविका सरोवर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जो नए तालाब खोदे जाएंगे इसमें तहसील वार माइक्रो प्लान बनाकर गांव चिन्हित कर कार्य कराए। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देशित किया कि खंड विकास अधिकारियों को लेकर तालाब योग्य भूमि चिन्हित करें। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है उसे शासन के मनसा अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए।
इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक राजकुमार, भूमि संरक्षण इकाई प्रथम देवेंद्र सिंह निरंजन, भूमि संरक्षण चित्रकूट इकाई तुलसीराम, भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय राजकुमार यादव, जिला पिछडा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, ब्लॉक प्रमुख मऊ सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्य आरक्षी अरविन्द दुबे पदोन्नति पाकर बने उपनिरीक्षक



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मुख्य आरक्षी पद से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले उप निरीक्षक अरविन्द दुबे के कन्धों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नति पाने वाले उपनिरीक्षक को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी डायल 112 शिवमूरत यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सड़क चौड़ीकरण के निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पटेल तिराहा से देवांगना एयरपोर्ट तक सड़क चौड़ीकरण के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने औचक निरीक्षण किया।
जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित स्थान पर स्थापित विद्युत पोल को तत्काल शिफ्ट कराएं, जिससे कि सड़क के चैड़ीकरण के कार्य को शीघ्र ही पूरा कराया जा सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि जहां पर मिट्टी का कार्य पूरा हो गया है वहां पर जीएसबी आदि सामग्री डलवाकर सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ कराएं। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

### दहेज की करें शिकायत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि दहेज समाज की कुरीतियों को बढावा देता है। जिससे समाज में अप्रिय घटनाएं कारित होती रहती है। दहेज लेना एवं दहेज देना दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत अपराध माना गया है। हम सभी को इस कुरीती को खत्म करने के लिए सार्थक प्रयास किया जाना नितांत आवश्यकता है।
जनपद के समस्त नागरिकों को अवगत कराना है कि जनपद में दहेज से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए कार्यालय जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी में संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाफ सेंटर में जाकर दहेज से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र दिए जा सकते हैं।

### राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में संवासियों को कराया गया योगाभ्यास

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने बताया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आवासित संवासियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योगाचार्य संजय कुमार एवं अरविंद सिंह द्वारा आवासित संवासियों को प्रोटोकॉल के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही सभी संवासियों को योग का अर्थ, महत्व, लाभ तथा सावधानियों की भी जानकारी दी जा रही है।

### डीएम ने किया बेड़ी पुलिया गेट निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को कार्यदाई संस्था यूपीसीएल द्वारा कराए जा रहे बेडीपुलिया में गेट निर्माण, फूट प्लाजा के पास पार्किंग व्यवस्था, रामघाट पर लाइट व्यवस्था एवं निर्मोही अखाड़ा व फूट प्लाजा के पास निर्माणाधीन गेटों के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को बेड़ी पुलिया गेट निर्माण कार्य पर सहायक अभियंता ने बताया कि पायलिंग व फुटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, कालम का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेडी पुलिया चैराहा के सौन्दर्यीकरण कार्य को भी शुरू कराया जाए। साथ ही डिवाइडर की फेंसिंग करें एवं फुटपाथ भी बनाया जाए। पार्किंग स्थल के निरीक्षण पर उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि जो अतिक्रमण अभी शेष है, उसको लेखपाल से चिन्हित कराकर तत्काल हटवाएं। उन्होंने गेट निर्माण पर कहा कि गेट निर्माण के कार्य को तेजी से कराया जाए। क्लाइडिंग का कार्य जो अधूरा है उसे पूर्ण कराए। आरती स्थल रामघाट पर अच्छी तरह से स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराई जाए, पूरे रामघाट के अंतर्गत जो फाउंडेशन प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट का जो बन गया है, तार पोल लगाने की व्यवस्था शुरू कराया जाए। उन्होंने मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश बॉर्डर की पुलिया के चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया।

# जिलाधिकारी ने किया पाठा जलकल पेयजल योजना का औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को पाठा जलकल पेयजल योजना कर्वी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पाठा जलकल पेयजल योजना के निरीक्षण के दौरान नदी से आने वाले पानी को देखा तथा ट्रीटमेंट प्लांट में जो शोधित जल किया जा रहा था, उसका भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सत्संगी को निर्देश दिए कि अवर अभियंता एवं कर्मचारियों को लगातार लगाकर पानी को शोधित कराए, जो पानी में पीलापन आ रहा है, उसको और अच्छी तरह से आप स्वयं अपनी देखरेख में शोधित कराकर साफ स्वच्छ आम जनमानस को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि जो पानी में हल्का पीलापन आ रहा है यह समस्या जनपद में वर्ष 2018 में इस तरह की आई थी जो बरसात होने के बाद यह समस्या नहीं रहती है, पानी में कोई समस्या नहीं है। लगातार समस्त क्षेत्र वासियों को सुबह-शाम 4 घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रयास करके जो हल्का पीलापन पानी में आ रहा है, उसको शोधित करके आम जनमानस को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर अवर अभियंता जल संस्थान मुलायम सिंह आदि मौजूद रहे।

# पत्नी का शव देखकर पति ने भी तोड़ा दम, घर से एक साथ उठी दो अर्थी

जन एक्सप्रेस। जालौन

नगर के मोहल्ला हृदेशया बजरिया में अचानक हालत बिगड़ने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। पत्नी का शव देखकर वृद्ध पति की भी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घर से एक साथ उठी दो आर्थियों को देखकर मोहल्ले में मातम से छा गया।
नगर के मोहल्ला हृदेशय बजरिया निवासी मगन लाल प्रजापति 78 वर्ष अपनी पत्नी पार्वती देवी 74 वर्ष व अपने बेटे अनूप कुमार उर्फ टेकचन्द, अशोक कुमार 42 वर्ष व अरूण कुमार 38 वर्ष व पुत्रवधुओं के साथ रहते थे। पूरा परिवार खुशी खुशी अपना जीवन यापन कर रहा था। भीषड़ गर्मी के कारण रविवार को पार्वती देवी को बुखार आ गया और उनकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग सोमवार को उन्हें जिला चिकित्सालय ले गये। जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जब परिवार के लोग उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। पत्नी के बीमार होने और बाहर रेफर होने की खबर जैसे ही पति को मिली वह भी बेचेन हो गये। सोमवार को शाम के समय जैसे ही पत्नी का शव घर पहुंचा। तो वह शव देख विचलित हो गये। अंतिम विदाई देते समय उनकी भी हालत बिगड़ने लगी। उधर मां के शव को लेकर श्मशानघाट पहुंच गये और अंतिम क्रिया करने जा रहे थे। तभी घर से सूचना पहुची कि पत्नी की मौत के सदमे में मगन लाल की भी मौत हो गयी। इस दौरान परिवार के लोग अंतिम संस्कार को रोक कर घर पहुंचे, तो वह भी मृत अवस्था में मिले। इसके बाद उनके भी अंतिम संस्कार की व्यवस्था की गयी और उन्हें भी अंतिम संस्कार के लिए श्मशानघाट ले जाया गया। बताया कि पति पत्नी के लिए एक ही चिता बनायी गयी थी, और बड़े पुत्र अनूप चन्द्र उर्फ टेकचन्द ने अपने माता-पिता की चिता में अग्नि दी। एक साथ पति पत्नी की मौत की घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई। निर्जला एकादशी के दिन दम्पति की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है और लोग अपने अपने ढंग से शुभ बता रहे हैं। वहीं माता-पिता की मौत के बाद पूरा परिवार गमगीन है। जबकि बाबा दादी की मौत के बाद नाती कृष्णा नातिन नेहा, दीपिका, नैनशी, प्रिंशी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मौके पर पहुंची पुलिस

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर बघौरा निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर बघौरा निवासी अनिल कुमार 40 वर्ष की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पिता बद्री प्रसाद ने बताया कि वह शराब का आदी था। उसकी पत्नी की 4 वर्ष पहले मौत हो चुकी है, उसके एक पुत्र एक पुत्री है, वह घर में अकेला था। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# लेखपालों की साप्ताहिक मीटिंग में बाढ़ से पहले व्यवस्थाओं पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। कालपी





एसडीएम हेमंत पटेल अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बिरासत के मामलों को जल्द निपटाने के लिए जोर दिया गया।
तहसील के सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदारों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली बारिश तथा बाढ़ की सम्भावना के पहले इलाकों में पुख्ता इंतजाम कर लिये जायें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित है उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। बैठक में नायाब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक, स्टैनो सलीम खान, सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसे में दो सगी बहनों सहित आधा दर्जन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** यातायात व्यवस्था के कारण सड़को पर हादसों में कमी नहीं हो पा रही हैं। एक ही दिन में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी कालपी में भर्ती कराया गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमलतास तिराहे के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। जिससे 45 वर्षीय मनोरमा पत्नी नारायण दास निवासी नौबस्ता कानपुर और 18 वर्षीय शाहिद पुत्र रफीक निवासी पुखरायां कानपुर देहात घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। इसीक्रम में जोल्हूपुर-मदारीपुर मार्ग में बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे 60 वर्षीय जसवंत निवासी ग्राम मुसमरिया व बाइक सवार सौरभ पुत्र लल्लन सिंह निवासी गोरा महेवा घायल हो गए। दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। देर रात लगभग 10 बजे जोल्हूपुर मोड़ में सब्जी की दुकान बंद करके घर वापस आ रही नगर के मुहल्ला हरीगंज निवासिनी दो बहनें आयशा और आसमा पुत्रीगण मजरुल की स्कूटी में ट्रक ने मार दी। जिससे दोनों बहने गम्भीर रूप से घायल हो गई, और दोनों घायल बहनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. गोलाल जी द्विवेदी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दोनों बहनों को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रिफर कर दिया गया।

### टेम्पो चालक से झगड़ा करने में दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर मोड पर ऑटो चालकों से विवाद करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। जिसमें ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर चौराहे में यात्री वाहनों व छोटे वाहनों का आवागमन निरंतर रहता है। मंगलवार को युवक सोनू पुत्र चंद्रशेखर निवासी ग्राम बारदौली और मोहर सिंह निवासी ग्राम हरकुंडी जिला हमीरपुर ऑटो चालकों से झगड़ा करने लगे। घटना की सूचना पाकर निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने जानकारी लेते हुए उत्पात मचा रहे दोनों आरोपी युवको को पकड़ कर शांति भंग में चालान कर दिया।

# गणेश बाग में हुआ विशेष योग कार्यक्रम का शुभारम्भ



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ निरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों के क्रम मे मंगलवार को ऐतिहासिक स्थल, गणेश बाग में आयुष विभाग एवं पतंजलि योग संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान गणेश की प्रतिमा में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं डॉ आशुतोष तिवारी नोडल अधिकारी आयुर्वेद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग संस्थान के योग प्रशिक्षकों मंजू केशरवानी, मीरा श्रीवास्तव एवं अरविन्द शिवहरे ने किया। जिसमे दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम योग स्वयं व समाज के लिये पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देशन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक विभाग के समस्त चिकित्साधिकारी, कर्मचारी व योग प्रशिक्षकों के साथ लगभग 200 लोग उपस्थित रहे।

### दो किसान सहित तीन लोगों की लू लगने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो किसानों सहित तीन लोगों की तेज धूप के कारण लू लगने से मौत हो गई। देर शाम समाचार लिखे जाने तक मृतकों के शवों का पंचनामा नहीं हो सका है। कदौरा थाना क्षेत्र के बागी निवासी राधे 45 वर्ष, राहुल 28 वर्ष की तेज गर्मी तेज गर्मी के कारण हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राधे एक गरीब किसान था। जो खेती के साथ साथ मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। बताया कि वह खेत पर गया था। जहां पर उसे लू लग गई। जबकि राहुल के भाई जीतू ने बताया कि वह धान लगाने गया था। जहां उसकी तेज धूप के चलते लू लगने से उसकी मौत हो गई। इसीक्रम में एट थाना क्षेत्र के ग्राम पचोखरा गांव निवासी हरि सिंह 42 की अचानक हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह ट्रक चलाता था, जो भीषण गर्मी के कारण घर में अचानक अचेत हो गया। अचेत अवस्था में जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उसकी लू लगने से मौत हुई है।

### दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पिता की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के आरोप में जेल में निरुद्ध पिता की हालत बिगड़ने पर उसे कानपुर रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में एट थाने के एक गांव निवासी महिला ने अपने ही पति काली चरण अहिरवार पुत्र तिमोले निवासी थाना एट पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसने अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। तहरीर मिलते ही तत्काल हरकत में आई पुलिस ने आरोपी कलयुगी पिता के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद थाना पुलिस ने 2 जनवरी 2024 को आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। जब से आरोपी जेल में ही निरुद्ध चल रहा था और कुछ दिन पूर्व ही उसकी हालत बिगड़ गई। जिसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताया गया है कि आरोपी कालीचरण अहिरवार को कुत्ते के काटने से रेबीज पूरे शरीर में फैल गया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष एट विमलेश कुमार ने बताया कि मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

# दिव्यांगजन दुकान संचालन के लिए करें ऋण आवेदन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा जोडने के लिए दुकान निर्माण, संचालन ऋण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए दुकान संचालन के लिए ऋण एवं अनुदान देने के लिए प्रति लाभार्थी का 10,000 रूपए दिये जाने का प्राविधान है। जिसमें 2500 रूपए अनुदान राशि एवं 7500 रूपए ऋण की धनराशि है। साथ ही दुकान निर्माण के लिए ऋण एवं अनुदान प्रति लाभार्थी क्रमशः 20,000 रूपए दिया जाता है। जिसमें 5000 अनुदान राशि एवं 15000 रूपए ऋण देना प्रस्तावित है जो कि चार प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ऋण के रूप में दिया जाता है। ऋण की धनराशि को दिव्यांग लाभार्थी द्वारा 250 रूपए प्रति त्रैतासिक 30 किस्तों में विभाग को वापस किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन बेव पोर्टल पर अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन कराकर ऑनलाईन अपलोड समस्त अभिलेखों की छायाप्रति कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर जमा करें।

### दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान के लिए करें आवेदन

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजना दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान योजना के अन्तर्गत युवक-युवती में से युवक के दिव्यांग होने पर 15000 रूपए व युवती के दिव्यांग होने पर 20,000 रूपए तथा दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 रूपए की धनराशि दी जाती है। योजना के अन्तर्गत शादी की दिनांक को युवक की आयु 21 वर्ष से कम न हो एवं 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत वित्तीय वर्ष में सम्पादित विवाह के आवेदन पत्र ही अनुमन्य होंगे। आवेदक अपना आय प्रमाण पत्र पति-पत्नी में से कोई भी आयकर दाता न हो (आय प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा निर्गत) पति व पत्नी का संयुक्त खाता, पति व पत्नी का आधार कार्ड की छायाप्रति एवं पति व पत्नी की संयुक्त फोटो एवं शादी का कार्ड सहित बेव पोर्टल पर अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन कराकर ऑनलाईन अपलोड समस्त अभिलेखों की छायाप्रति के कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर जमा करें।

# सुर और ताल के बेहतर सामंजस्य से बाल कलाकारों ने यादगार बना दी शाम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट





आनंदेश्वरम संगीत अकादमी द्वारा आयोजित द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सूर्यकांतधर दुबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट, कार्यक्रम की अध्यक्ष डा विवेक फडणवीस विभाग अध्यक्ष संगीत विभाग, सत्य प्रकाश द्विवेदी प्रेस क्लब अध्यक्ष, शिवशंकर त्रिपाठी, महेंद्र पांडेय, आदर्श कथा वाचक उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 150 प्रतिभागियों ने संगीत गायन का प्रदर्शन किया।
राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी लगभग 40 बच्चों ने गायन तथा वाद्य यंत्रों के साथ गीत प्रस्तुत कर मनमोहन लिया। इसी क्रम में रितिक सिंह, रुद्र का समुंदर ने यह तो सच है कि भगवान है गीत गाकर लोगों की खूब तालियां बटोरी, वही काव्य निगम और श्रेया अग्रवाल ने कुछ पाकर खोना है कुछ खोकर पाना है गीत गाकर एक प्यार का नगमा है माहौल को गमगीन कर दिया, सौर प्रताप सिंह ने एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल गाकर लोगों की तालियां बटोरी। सामूहिक गीत छोटे विद्यार्थियों ने आयु लगभग 5 से 6 वर्ष के बालकों द्वारा तेरे जैसा यार कहां प्रस्तुति देकर लोगों को आकर्षित किया, आरुष तिवारी ने हमारे साथ श्री रघुनाथ तो फिर किस बात की चिंता है गाकर माहौल को भक्तिभाव विभोर कर दिया। राघव पांडेय, अरुंधति दीक्षित, सूरज द्विवेदी, पार्थ चतुर्वेदी, निया श्रीवास्तव, ऋषभदेव त्रिपाठी, जय सिंह आदि ने अनेक भक्तिपूर्ण गीत गाकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया।
कार्यक्रम के अंत में समाज के प्रमुख लोगों को आनंदेश्वरम संगीत अकादमी के संस्थापक विनय पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ विवेक फडनीस को संगीत जगत में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मान किया गया। गणेश मिश्र समाजसेवी को संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान दिया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जनपद में संगीत विद्या को आगे बढाने में हम सब युवाओं को आगे आना चाहिए, जिससे रचनात्मक कार्यक्रम को गति मिल सके। डॉ विवेक फडणवीस ने कहा कि जहां शब्द खत्म हो जाते हैं वहां संगीत शुरू होता है। संगीत भावना प्रधान है यह आंतरिक सुख का एकमात्र साधन है। गणेश मिश्र ने कहा कि जनपद में प्रतिभा का पलायन न हो इसलिए संगीत कौशल के माध्यम से तन मन व हृदय के नकारात्मकता से मुक्त करने की आवश्यकता है। वर्तमान युग में व्यक्ति भौतिकता की इस अंधी दौड में इस कदर शामिल हो गया है कि मनुष्य कहीं खो गया है और अशांति अशांति छा गई है। ऐसे समय में संगीत ही एकमात्र साधन है जो मानव मन को तनाव रहित करता है। इस अवसर पर विनय पांडेय संस्थापक आनंदेश्वर संगीत अकादमी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गणेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर रवि श्रीवास्तव, उपेंद्र तिवारी, यामेंद्र पांडेय, नवनीत निगम, सिद्धार्थ गुप्ता, लवलेश गुप्ता, डॉ रमाकांत गुप्ता, आलोक पांडेय, लवलेश पटेल, गिर्वाण दत्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार है किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है द तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार है

अधिकतम (डिग्री0से0) : 45.2 (+4.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 29.0 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 34 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 19 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक






# हीट वेव: सिपाही समेत आधा दर्जन की मौत पके आम की तरह पेड़ से गिरकर मर रहे चमगादड़

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर विष्णू राठौर

**कानपुर नगर।** शहर में भीषण गर्मी हीट वेब ने हाहाकार मचा रखा है, इस गर्मी का शिकार सैकड़ों की संख्या में पशु पक्षी भी हो रहे हैं और दर्जनों की संख्या में इंसानी जानें जा रही हैं। कानपुर नगर में मंगलवार को पुलिस कांस्टेबल समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गर्मी की चपेट मे आकर स्वर्ग सिधार गए हैं और एक सैकड़ा से अधिक चमगादड़ भी नहीं बचे हैं। सैकड़ों की संख्या में चमगादड़ों की मौत का सिलसिला तो रोजाना चल रहा है।

आपको बताते चलें कि लगातार एक माह से भी अधिक का समय बीत चुका है लेकिन हीट वेव अपनी चरम सीमा को पार कर चुकी है। कानपुर नगर में लगभग दो सैकड़ा से भी अधिक अज्ञात लोगों की जान इस हीट वेव ने ले ली है। अज्ञात के रूप में मरने वाले ज्यादातर भिखारी थे। इसके साथ-साथ ही सैकड़ो की संख्या में आम नागरिक भी स्वर्ग सिधारे हैं। हालांकि जिला प्रशासन के आंकड़े में यह सभी हीट वेव के चलते नहीं स्वर्ग सिधारे हैं।



### थाना कलक्टरगंज क्षेत्र में मिला अज्ञात शव

मंगलवार को समय करीब 10 :30 बजे दुकान नंबर 120 के सामने एक्सप्रेस रोड पर एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा हुआ मिला है, पहचान कराये जाने के लिए पुलिस ने प्रयास किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाकरगंज चौराहे पर मिला अज्ञात शव

मंगलवार को थाना बाबू पुरवा क्षेत्र स्थित बाकरगंज चौराहा के प्रदीप प्रजापति की दुकान के सामने नीम के पेड़ के नीचे एक अज्ञात शव मिला जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष जोकि लाल रंग की टी-शर्ट नीले रंग की लोवर पहने था। आस पास के लोगों ने बताया कि काफी समय से बीमार था । भीख मांग कर जीवन यापन करता था। किसी समय बीमारी के चलते गुजर गया। पुलिस ने सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है।

### थाना सचेण्डी क्षेत्र में अज्ञात की मौत

मंगलवार को थाना सचेंडी के जुगराजपुर बंबा रोड पर कस्बा सचेंडी में केश्एसश् इंटर कॉलेज के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला । जिसकी उम्र करीब 45 साल बताई गई है। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नही हो पायी है। मृतक व्यक्ति मजदूर किस्म का लग रहा था। जिसकी गर्मी/लू के कारण मृत्यु होना प्रतीत हो रहा था। मौके पर पीश्एमश् आदि की आवश्यक कार्रवाई पुलिस ने की है।

### अवकाश पर जा रहे सिपाही की मौत

पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही जो तीन दिन का अवकाश प्राप्त कर अपने घर जा रहा था। गर्मी के कारण उसकी कानपुर सेंट्रल पर अचानक से तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। ए.सी.पी. कलक्टरगंज मोहसिन खान ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्य आरक्षी बृज किशोर सिंह जो कि पुलिस लाइन कानपुर नगर में नियुक्त थे कल मंगलवार को 03 दिवस अवकाश पर रवाना होकर अपने घर झाँसी जा रहे थे, सेन्ट्रल स्टेशन पर अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े, सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है।

### चमगादड़ों की रोजाना हो रही सैकड़ों की संख्या में मौत

लोग गर्मी से निजात पाने के लिए कूलर एसी और ठंडा तरल पदार्थ का सेवन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस भीषण गर्मी के चलते 47 डिग्री पारे में अब पशु पक्षी शिकार हो रहे हैं। कानपुर के कंपनीबाग नाना राव पार्क में हजारों की तादाद में चमगादड़ भीषण गर्मी का शिकार हो नीचे गिरकर मौत के मुंह में जा रहे हैं। कंपनी बाग में परिवार के साथ घूमने आए लोगों ने बताया कि इस पार्क में शाम के समय हजारों की तादाद में लोग बच्चों के साथ घूमने आते हैं और वहीं भीषण गर्मी के चलते पार्क में जगह-जगह चमगादड़ मरे हुए पड़े दिखते हैं और कुछ भीषण गर्मी के चलते तड़पते हुए दिखाई दिए हैं ।वही कंपनी बाग नाना राव घाट के इंचार्ज अमरनाथ ने बताया कि वर्तमान में 47 डिग्री से 48 डिग्री पहुंच रहा है जिसके चलते चमगादड़ पेड़ों से गिर मरते जा रहे है रोजाना सैकड़ो की तादाद में चमगादड़ मर रहे हैं जिसकी सूचना नगर निगम मुख्यालय पर दी गई है साथ ही रोजाना मरे हुए चमगादों को साफ किया जा रहा है जिससे किसी प्रकार की गंदगी और बीमारी न फैल सके क्योंकि परिवार के साथ बच्चे भी पार्क में सैर करने आते हैं और गर्मी से मरे हुए चमगादड़ों की बदबू फैलने से लोग परेशान हैं। रोजाना नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा मरे हुए चमगादड़ों के शव को हटाया जाता है लेकिन भीषण गर्मी के चलते रोजाना पेड़ों से चमगादड़ गिर रहे हैं और मौत के मुंह में समा रहे हैं।


### थाना रायपुरवा क्षेत्र मिला अज्ञात शव

थाना रायपुरवा क्षेत्र अन्तर्गत मंगलवार को जीटी रोड पर मकान नंबर 84/78 के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला है, आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि उपरोक्त व्यक्ति कचड़े बिनने वाला था जिसकी मृत्यु अत्यधिक गर्मी लगने के कारण प्रतीत हो रही है मौके पर पंचायतनामा की कार्रवाई पुलिस ने की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राहगीरों को भीषण गर्मी में किया शरबत वितरण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। मौसम का मिजाज बहुत ही गर्म है बढ़ती गर्मी से राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के सदस्य रो अभिषेक मेहरोत्रा ने फादर्स डे के उपलक्ष्य में अपने पिता स्व. संजय मेहरोत्रा की स्मृति में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन फजलगंज में किया जिसका उदघाटन इत्र व्यसायी सुमित मेहरोत्रा एवं क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने किया व कार्यक्रम निदेशक रो अभिषेक मेहरोत्रा रहे ।क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने बताया कि इस शरबत वितरण कार्यक्रम में लगभग 2200 लोगो ने शरबत का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुमित मेहरोत्रा, क्लब के चार्टर सचिव मयंक गहोई, डॉ. बी यन आचार्य, क्लब कोषाध्यक्ष गोपाल शुक्ला प्रचार गुरु, क्लब सचिव अमित खन्ना, रो हरमोहिंदर सिंह उपस्थित रहे व विशेष सहयोग त्रिलोकी सैनी व अंकित प्रजापति का रहा।




### पीएम किसान निधि वितरण समारोह का किया सजीव प्रसारण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के सभागार में मंगलवार को 17वीं पीएम किसान निधि वितरण समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंगलवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का ट्रांसफर देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में सीधे वाराणसी से ट्रांसफर किया गया जिसका सीधा लाभ किसानों को प्राप्त हुआ। इस सजीव प्रसारण को देखने के लिए केंद्र के सभागार में 42 महिला कृषक सहित कुल 87 कृषक व केंद्र के सभी वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कल्याणपुर कोतवाल के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर पुलिस ने सघन चेकिंग के दौरान चार पहिया व 18 चक्का वाहनों के चेकिंग के दौरान नौ हूटर12 प्रेशर हॉर्न साथ में चढ़ी काली फिल्म हटवाई. इस सघन चेकिंग अभियान में डेढ़ सौ चालान कल्याणपुर पुलिस ने किया. इस तरह की कार्रवाई में थाना कल्याणपुर क्षेत्र में गाड़ियां चेकिंग से बचकर अगल-बगल के गलियों से निकलती नजर आई. इस चेकिंग अभियान में कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल प्रताप सिंह पनकी रोड चौकी अवनीश पटेल, पनकी रोड चौकी में दीपक कुमार जितेंद्र कुमार हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



### कल्याणपुर क्षेत्र की झाड़ियों में लगी आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर में बगिया क्रॉसिंग के पास दलहन अनुसंधान संस्थान के खेतों में खड़ी झाड़ियों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग सौ मीटर के दायरे में फैल गई। वहीं पर रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने पुलिस को सूचना दी। करीब आधे घंटे बाद मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ फजलगंज से दमकल की एक गाड़ी पहुंची। लेकिन रास्ता न होने के कारण गाड़ी आग के पास तक नहीं पहुंच सकी। आग कुछ कम हुई तो पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने पेड़ों की झाड़ियां पटक कर आग पर काबू पाया।




### पीड़िता को जान से मारने की मिली धमकी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कल्याणपुर क्षेत्र में पीड़िता द्वारा मुकदमा वापस न लेने पर जेल से छुटकर आए आरोपी ने गाली गलौज करते हुए पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र थाना कल्याणपुर में दिया है। पीड़िता ने बताया कि वह बैरी कल्याणपुर की रहने वाली है उसका विवाद अरविंद से चल रहा है उसी विवाद में अरविंद अभी 5 महीने की जेल काटकर जमानत पर बाहर आया है. कल पीड़िता रोड पर अपने काम से कहीं जा रही थी. तभी आरोपी अरविंद, ऋषभ, अमित और दो अन्य लड़के रास्ते में आ गए और पीड़िता के साथ गाली गलौज की और चाकू से मारने की कोशिश की. पीड़िता ने बताया कि जो लोग उसके पक्ष में उसके साथ हैं उनको भी गाली-गलौज की है और उनको भी जान से मारने की धमकी दी है. पीड़िता ने अपना प्रार्थना पत्र थाना कल्याणपुर में दे दिया है. कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## विश्वविद्यालय के तरण ताल में हुई जल योग प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत मंगलवार को जल योग प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के तरणताल में आयोजित की गयी। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वन्दना पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव ने दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि जलयोग अपने आप में एक अलग तरह का योग है। इस योग में बहुत ही एकाग्रता की आवश्यकता होती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. वन्दना पाठक ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्रम में मनाये जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 में जल योग प्रतियोगिता का आयोजन और उसमें केवल महिलाओं का प्रतिभाग करना अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह ने योगोत्सव पखवाड़े में सभी विद्यार्थियों को बढ-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार ने योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी। जलयोग प्रतियोगिता की संयोजिका निमिषा कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम में 17 लोगों ने जलयोग प्रतियोगिता और लगभग 65 लोगों ने जलयोग प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। इन सभी प्रतिभागियों का प्रशिक्षण पिछले एक माह से संचालित था।सहायक आचार्य राम किशोर द्वारा प्रतियोगिता में शवासन, ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन और मत्स्यासन आसनों को कराया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर ईरा बाजपेई ,द्वितीय पर सौम्या कुशवाहा,तृतीय पर डिंपल रही और,सांत्वना पुरस्कार अराधना को मिला ।धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. आर.पी. सिंह, डा. प्रभाकर पांडे, डॉं.आशीष कटियार, सोनाली धनवानी, अंशु सिंह, विजय कुमार, राहुल दीक्षित, शोभित दीक्षित, मोहित तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार, आसी वर्मा, सौरभ तिवारी सहित शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।



## नशे की हालत दूसरी मंजिल से गिरकर राजमिस्त्री की स मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र में गोसाईनपुर पेम में देवी प्रसाद का बेटा पवन राजपूत उम्र 35 वर्ष रविवार देर रात घर की दूसरी मंजिल से नीचे सिर के बल सीसी सड़क पर गिर पड़ा। आनन फानन परिजनों ने पवन को इलाज के लिए कल्यानपुर स्थित निजी नर्सिंग होम ले गए। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मंधना रामा अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान पवन ने दम तोड़ दिया। मां तुलसाना देवी ने बताया राजमिस्त्री का काम करने वाला पवन शराब का लती थी रविवार को देर रात नशे की हालत में घर लौटा और छत पर सोने के लिए गया था रेलिंग न होने की वजह से वह नीचे गिर पड़ा। जानकारी होने पर 20 दिनों से मायके में रह रही पत्नी गीता दोनो बच्चे घर लौटे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## लूट के लिए कैब ड्राइवर की हत्या करने वाले आरोपी दबोचे



जन एक्सप्रेस । कानपुर/लखनऊ

लूट के आशय से कैब ड्राइवर की हत्या की गई थी जिसका खुलासा थाना हनुमंत विहार की पुलिस ने किया है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी जल्द अमीर बनना चाहते थे इसलिए उन्होंने इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार नारायण सिंह पुत्र स्व0 भीखम सिंह नि0 अर्रा नई बस्ती ने अपने साले पुष्पेंद्र सिंह उम्र करीब 35 वर्ष की गुमशुदगी की रिपोर्ट 13 जून को दर्ज कराई गयी थी। जिसकी जांच उ0नि0 कप्तान सिंह द्वारा की जा रही है थी जांच के क्रम में जानकारी हुयी कि गुमशुदा पुष्पेंद्र सिंह का शव थाना पनकी क्षेत्र में मिला है जिसकी शिनाख्त के लिए मौके पर परिजन को फोटो व कपड़े आदि दिखाये गए जिनके द्वारा शिनाख्त करते हुये कहा कि यह पुष्पेंद्र है। जिसके बाद नारायण सिंह द्वारा अपने साले की हत्या कर देने के संबंध में गुजैनी थाने पर धारा 302/201 आईपीसी बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। इस मामले में गुजैनी पुलिस ने एक बाल आपचारी और एक अभियुक्त निखिल भदौरिया को गिरफ्तार किया है।


आरोपियों ने पुलिस टीम को बताया कि पूर्व से सुनयोजित योजना के तहत घंटाघर से अपने निवास स्थान मकसूदबाद जाने के लिए कैब बुक की थी परंतु देहात क्षेत्र होने के कारण कैब ड्राइवर राइड कैंसिल कर दे रहे थे परंतु अभियुक्तगण द्वारा कैब ड्राइवर को अधिक रुपए देने के नाम पर बुक हुयी राइड को कैंसिल कर उसी गाड़ी में बैठ कर मकसूदबाद क्षेत्र स्थित नौरंगाबाद पुलिया के पास सुनसान जगह देखकर व मौका पाकर ड्राइवर से लूटपाट की गई जिसका विरोध करने करने पर ड्राइवर की थर्माकोल कटर से गला काटकर हत्या कर दी गई और उक्त गाड़ी को बेचने के आशय से अपने साथ ले गए और मृतक को छिपाने के उद्देश्य से पनकी कपली अंडर पास सुनसान जगह झाड़ियो के किनारे फेंक दिया था।

बाद मे गाड़ी को खेरेश्वर मंदिर ले जाकर गाड़ी की धुलाई कर साक्ष्य मिटाए गए थे जिसके बाद गाड़ी को जवाहरपुरम पनकी सुनसान बने फ्लैटो के बीच झाड़ियो के किनारे खड़ी कर फरार हो गए थे।

## बिठूर के पौराणिक टीलें में हो रहा कटान कानपुर का अस्तित्व खतरें में

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** बिठूर जिसका पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। इसी स्थान से मानव सभ्यता की शुरुआत हुई थी। यही वह स्थान है जहां पर सृष्टि के पालन करता भगवान विष्णु के आदेश से परमपिता ब्रह्मा ने सृष्टि के पहले स्त्री पुरुष मनु शतरूपा की उत्पत्ति की थी। ध्रुव तिरा जो मनु शतरूपा की राजधानी हुआ करता था। गंगा के कटान की वजह से अब खतरे में है। इसी के साथ-साथ यदि टीला ऐसे ही कटता रहा तो कानपुर का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। बिठूर जो सतयुग में स्वयंभू मनु की राजधानी हुआ करती थी। जिनके पुत्र उत्तानपाद हुए और उत्तानपाद के पुत्र भक्त ध्रुव हुए। जिन्होंने 36000 वर्ष तक इसी क्षेत्र पर राज्य किया था। सन 1976 में गंगा में आई बाढ़ के बाद ध्रुव मंदिर और ध्रुव घाट पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान समय में भक्त ध्रुव की वही मूर्ति पेशवाओं द्वारा निर्मित दत्तात्रेय मंदिर में रखी हुई है। जिसकी देखभाल बाजीराव पेशवा प्रथम के साथ आए 1800 परिवारों में से एक परिवार जो की यहीं पर रह गया आज भी कर रहा है। टीलें का लगातार कटान हो रहा है जिसकी वजह से काफी तिल गंगा में समाहित हो चुका है वहीं कुछ अवशेष अभी भी बाकी है। बरसात के समय जिस वक्त गंगा मां उफान पर होती हैं उसे वक्त टीलें का अधिक कटान होता है। आने वाले समय में यदि टीलें संरक्षण नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब कानपुर का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। *शेष अगले अंक में...*



## छज्जा गिरने से दो मजदूर गम्भीर घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हैलट हॉस्पिटल में मंगलवार दोपहर दो मजदूर छज्जा तोड़ते समय नीचे आ गिरे,इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को तत्काल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार चल रहा है वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंचे अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया इसके बाद वह इमरजेंसी में पहुंचे और घायलों का हाल जाना।हैलट हॉस्पिटल के पीछे के सब स्टेशन का निर्माण चल रहा है यहां पर दोपहर में करीब चार मजदूर काम कर रहे थे दो मजदूर छज्जा तोड़ने में लगे थे छज्जा पुराना और जर्जर था इसलिए अचानक से पूरा छज्जा नीचे आ गिरा छज्जे के साथ दोनों मजदूर सूरज और सनी भी नीचे आगे रहे जिससे कि वह घायल हो गए मजदूरों को गिरते ही घटनास्थल पर हड़कंप मच गया साथी मजदूर और ठेकेदार मिलकर दोनों घायलों को इमरजेंसी में ले गए इसके बाद घटना की जानकारी प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर आरके सिंह को दी गई वह तुरंत पहले घटना स्थल पर गए यहां पर उन्होंने ठेकेदार व साथी मजदूरों से बातचीत की इसके बाद वह वहां से निकलकर घायल मजदूरों से मिलने पहुंचे यहां उनका हाल-चाल जानने के बाद उन्होंने डॉक्टरों को आदेश दिए कि घायलों का उचित इलाज करें इसके साथ ही उन्हें सभी प्रकार की दवाई उपलब्ध कराई जाए। वही ठेकेदार को भी आदेश दिए की सभी सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को कराया जाए मजदूरों के सिर कमर और हाथ में चोट आई है हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि मजदूर खतरे से बाहर है।

### शादी के तीसरे महीने ही नवविवाहिता ने फांसी लगा दी जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिठूर के शारदा विहार ब्लू वर्ल्ड के पास रंजीत गौतम की पत्नी अनीता उम्र 23 वर्ष ने सोमवार शाम कमरे को अंदर से बंद करके छत के कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्थर घिसाई का काम करने वाले पति रंजीत ने पुलिस को बताया कि शाम को करीब 6 बजे वह शहर से काम करके वापस लौटा तो खिड़की से देखा कि कमरे के अंदर अनीता का शव छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटक रहा है।

## कानपुर लोकसभा सीट पर हार की समीक्षा के लिए शहर अध्यक्ष को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर लोकसभा सीट पर जीत के करीब पहुंचने के बाद किन कारणों से कांग्रेस को सीट गंवानी पड़ी इस पर गहन चर्चा और चिंतन मनन होने की नितांत जरूरत है, इस संबंध में पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृपेश त्रिपाठी ने कानपुर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी को पत्र लिखकर जल्द प्रत्याशी की हार पर समीक्षा बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

श्री त्रिपाठी ने लिखे गए पत्र में उल्लेखित किया है कि हम सभी के नेता राहुल गांधी की 10000 किलोमीटर से अधिक की भारत जोड़ो यात्रा, राहुल गांधी के अदम्य साहस और बेहतरीन रणनीति से लोकसभा चुनाव में सारे देश में जनता में एक अंडर करेण्ट पैदा किया परिणाम स्वरूप हमारी पार्टी की लोकसभा सदस्य संख्या बढ़ी और साथ ही नरेंद्र मोदी के अहंकार को भी भारत की महान जनता ने तोड़ने का काम किया। कानपुर में भी जनता ने अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया जिसे देखते हुए हर व्यक्ति यह जान रहा था कि कानपुर की लोकसभा सीट काँग्रेस जीतने जा रही किन्तु ऐसा हो न सका और हम चुनाव हार गए । कानपुर की जनता इंडिया गठबंधन के साथियों ने हमारे प्रत्याशी आलोक मिश्रा को जीत के काफी नजदीक पहुँचा दिया। उसके बाद भी आलोक मिश्रा जीत के काफी करीब जाकर जीत पाने से वंचित रह गए। श्री त्रिपाठी की माने तो बीजेपी के प्रत्याशी को उनके ही कार्य करता चुनाव नहीं लड़ा रहे थे। उसके बाद भी बीजेपी का प्रत्याशी जीत गया इसलिए हार की समीक्षा होनी जरूरी है।


कृपेश त्रिपाठी

## विश्व हिंदू परिषद का 10 दिवसीय शिक्षा वर्ग का हुआ समापन



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** विश्व हिंदू परिषद् अवध प्रान्त, कानपुर प्रान्त व नेपाल प्रान्त के परिषद् शिक्षा वर्ग के समापन के अवसर पर माननीय चम्पत राय केन्दीय उपाध्यक्ष ने कहा कि भारत की संस्कृति हिंदू धर्म गौ रक्षा मठ मंदिर लव जिहाद सनातन धर्म पर कार्य करेंगे, विहिप और भगवान राम जन्मभूमी तीर्थक्षेत्र न्यास ट्रस्ट के महामंत्री जी का सम्मान करते हुये विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी हरीश चन्द्र शर्मा ने माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। उनके साथ में जिलाध्यक्ष विवेक सिंह और मंत्री धन्नजय पान्डेय, दिनेश बहादुर लोधी, उमेश पांडे, सुरेश सिंह, संतोष सोनी, आलोक कुमार सहित लगभग डेढ़ सौ लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हज यात्रा के नाम पर 18 लाख की ठगी कांग्रेस नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में हज यात्रा के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक एक कांग्रेसी नेता ने हज करवाने और वीजा देने के नाम पर 4 लोगों से ठगी करते हुए 18 लाख रुपये ठग लिए। इसकी शिकायत पुलिस से हुई है। पुलिस ने कांग्रेसी नेता पर मुकदमा दर्ज कर जांच में शुरू कर दी है। एक कांग्रेसी नेता ने चार लोगों को हज भेजने के नाम पर 18 लाख रुपए ऐंठ लिए। अट्ठारह लाख खर्च करने के बाद भी जब पीड़ित बिना हज किए वापस घर आ गए, तो पूरे मामले का खुलासा किया। ठगी के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नाम पर रिश्वत लेने की बात सामने आई है।

आरोपी कांग्रेस नेता सोशल वेलफेयर ट्रस्ट चलता है। इसी ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को मक्का भेजता है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कमरौली थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में रहने वाला कांग्रेस नेता खुर्शीद अजीज अल अजीज सोशल वेलफेयर के नाम से एक ट्रस्ट चलाता है।इसी ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को हज के लिए मक्का भेजता है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के महोना पश्चिम गांव के रहने वाले इमानुल्ला ने कांग्रेस नेता के माध्यम से अपने माता पिता और बुआ को हज के लिए भेजा। बिना हज यात्रा के ही हज यात्री किसी तरह जान बचा कर वापस घर आ गए। पीड़ित ने कांग्रेस नेता पर 18 लाख की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कमरौली थाने में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।



### परिवार के लोगों से ही की ठगी

पीड़ित इमानुल्ला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पासपोर्ट में देरी के कारण सरकारी सुविधा नहीं मिल पाई। इसके बाद वो खुर्शीद अजीज के पास पहुंचे। अजीज ने एक व्यक्ति के हिसाब से चार लाख पचास हजार रुपये की डिमांड की। आमतौर पर करीब सात लाख रुपये लगते हैं। जब उनसे पैसे कम लेने की बात कही गई तो खुर्शीद अजीज ने कहा कि एक लाख रुपये एक व्यक्ति पर बचता है। मंत्री स्मृति ईरानी को डेढ़ लाख रुपए देने पड़ते हैं। जो वो नही देंगे,इसलिए उनसे वो साढ़े चार लाख रुपये ही लेगा। इमानुल्ला ने अपने पिता अताउल्ला, मां जुबैदा बेगम, दूसरी मां शमापरवीन और बुआ जसीरुल निशा को हज भेजने के लिए खुर्शीद अजीज को दो किश्तों में 17 लाख 20 हजार और 80 हजार रुपये नकद दिए। सत्रह मई को सभी एयरपोर्ट पहुंचे। जहां सभी को हज वीजा की टूरिस्ट वीजा दिया गया। और कहा गया कि वहां के एयरपोर्ट पर आपको सभी पेपर मिल जाएंगे। वहां कोई नहीं मिला और पुलिस ने सख्त हिदायत देते हुए सभी को बॉर्डर के इलाके में छोड़ दिया। किसी तरह उन लोगों ने अपने घर फोन किया। जिसके बाद हम लोगों ने खुर्शीद अजीज पर दबाव बनाया तो उन्होंने टिकट कराया। इसके बाद सभी वापस लौटे। पूरे मामले में कमरौली एसएचओ अविनेश कुमार ने बताया की मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### व्यापारी के ऊपर हमले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल



**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** व्यापारी विकास गुप्ता विवेक गुप्ता के ऊपर दुकान कब्जे को लेकर 16 जून की रात लगभग 9 बजे कथित साधुओं द्वारा किये गये जानलेवा हमले के विरोध मे श्रृगांरहाट मे व्यापारी नेताओ की एक बैठक दोपहर 2 बजे व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन नन्द लाल गुप्ता ने किया। बैठक व्यापारी नेता नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दू' ने कहा यदि तीन पहले उपरोक्त व्यापारियों पर हुए हमले के बाद दर्ज एफआईआर पर कार्यवाही (गिरफ्तारी) हुई होती तो आज घटना की पुनरावृत्ति ना होती। वयापारी नेता अचल गुप्ता भरे बाजार में व्यापारियों पर हुए जानलेवा हमला निंदनीय है इस घटना से व्यापारी समाज आक्रोशित है। संचालन कर रहे महामंत्री नन्द लाल गुप्ता ने कहा इधर दो तीन महीने से इस प्रकार की घटनाएं बढ़ी है पुलिस प्रशासन को इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर हो रही ऐसे घटनाओं पर लगाम लगाना चाहिए। अन्त मे बैठक की अध्यक्षता करे पंकज गुप्ता ने बताया उपरोक्त घटी घटना पर कड़ी कार्यवाही किये जाने एंव आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापारीयों का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को कल दिनांक 18 जून दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे ज्ञापन देगा। श्री गुप्ता ने यह चेतावनी भी दिया कि यदि जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो व्यापारी समाज आन्दोलन के बाध्य होगा। बैठक प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दू' पंकज गुप्ता, नन्द लाल गुप्ता, अचल गुप्ता आदि शामिल रहे।

### हनुमानगढ़ी अयोध्या में हनुमान जी की कृपा से हुआ प्रसाद वितरण का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत रिंकू दास जी महाराज ने विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया छोटी देवकाली रामपथ अयोध्या मार्ग पर हनुमानगढ़ी के ठीक सामने विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में पूरी सब्जी बूंदी व ठंडाई का भक्तों ने खूब आनंद लिया भंडारे के आयोजन करता हनुमानगढ़ी के पूज्य महंत रिंकू दास जी महाराज ने बताया कि यह प्रसाद वितरण हनुमान जी महाराज की कृपा से पिछले कई वर्षों से ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को विशाल भंडारा होता है आगे भी हनुमान जी महाराज की इच्छा से होता रहेगा इस अवसर पर शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष अभय द्विवेदी, अमर प्रताप सिंह उर्फ (गब्बू सिंह), बृजेश तिवारी, महात्मा बलराम दास उर्फ बच्चों का हनुमान प्रसाद पांडे राघवेंद्र मिश्रा जी रमाकांत पांडे द्वारकाधीश शुक्ला जेपी सिंह कपिल तिवारी व तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### अयोध्या वासियों को एक वर्ष तक बिना प्रोसेसिंग फीस गृह ऋण दिलाएगी डिवाइन एजेंसी: आशीष



**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** ज्येष्ठ मंगल को श्री राम लला के दर्शन उपरांत डिवाइन एंटरप्राइज़स के सीएमडी आशीष श्रीवास्तव ने वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ एलआईसी स्थापना दिवस की पूर्वसंध्या पर बैठक कर अपनी फर्म द्वारा दी जा रही सेवाओ की जानकारी देते हुए बताया प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्ष में और अपनी फर्म के 11 वर्ष होने पर अयोध्या मंडल के वासियों के लिए अपने घर बनाने के सपने को पूरा करने में एलआईसी होम लोन के लिए आवेदन पत्रों पर उनकी फर्म अगले एक वर्ष तक कोई प्रक्रिया शुल्क नहीं लेगी तथा आसानी से गृह ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी। उन्होंने बताया 11 वर्ष पूर्व अपना भी एक घर हो के सपने देखने वालों की मदद के लिए कंपनी डिवाइन मेसर्स की स्थापना की और तब से अभी तक लगभग 12, हज़ार लोगों को सहयोग किया है , वर्तमान में वह इस माध्यम से तीन से चार सौ करोड़ का ग्रहऋण सहयोग करा ले जाते है जिससे बहुत से लोगो का स्वप्नसारथी बनने की खुशी होती है। इस अवसर पर शिशिर कुमार मिश्रा अमित श्रीवास्तव राजू पाठक अविनाश कश्यप अवधेश पाण्डेय विजय शंकर छोटूत्रिपाठी, रवि प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क में निर्माण होने पर अग्रिम आदेशों तक बन्द: उद्यान अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा ने आम जनमानस को सूचित किया है कि उद्यान विभाग के अधीन संचालित गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क में निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण पार्क अग्रिम आदेशों तक बन्द रहेगा, योग सप्ताह को दृष्टिगत रखते हुए मात्र योग करने हेतु आने वाले आगुन्तकों के लिए योग दिवस 21 जून 2024 तक पार्क में अनुमति रहेगी।

# स्वामी महेश योगी सरयू नदी में लगातार 11000 डुबकियां लगाकर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के लोकप्रिय संत स्वामी महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी अपनी निज आश्रम पर 2 अप्रैल 2024 से भोजन का त्याग कर अनवरत 11 घंटे प्रतिदिन कपालभाति की कठोर साधना कर रहे हैं। स्वामी जी प्रतिदिन 11 घंटे में 1 लाख स्ट्रोक कपालभाति करते हैं।

अब तक 75 दिनों में स्वामी जी ने 75 लाख स्ट्रोक कपालभाति कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। किंतु यह साधना अभी विराम नहीं हुआ है। लगभग 1 करोड़ 51 लाख स्ट्रोक कपालभाति करने हेतु उनकी यह साधना अभी अनवरत छः माह तक जारी रहेगी। साथ ही अयोध्या सरयू में जल योग के तहत एक और विश्व रिकार्ड बनाने का उन्होंने संकल्प लिया है।

19 जून, जल योग कार्यक्रम के संयोजक अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि अभी 75 दिवस की साधना पूर्ण होने के उपरांत, योग साधना के परीक्षार्थ स्वामी महेश योगी 19 जून 2024 भारत योग एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर श्री अयोध्या धाम नया घाट (आरती स्थल) मां सरयू के पावन तट पर 19 जून 2024, दिन- बुधवार को सायं 3ः00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लगभग 7 से 8 घंटे में अनवरत 11000 (ग्यारह हज़ार) डुबकियां लगाकर भारत के नाम एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

जिसका शुभारंभ 19 जून 2024, सायं 3:00 बजे दयाशंकर मिश्र (दयालू) राज्यमंत्री- (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के शुभ कर कमल द्वारा होना सुनिश्चित है। विशेष अतिथि के रूप में अयोध्या के वरिष्ठ पूज्य संत चरण की सादर उपस्थिति रहेगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अयोध्या लल्लू सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला



पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आई जी प्रवीण कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा आदि विशिष्ठ जनों की उपस्थिति रहेगी। स्वामी जी द्वारा अयोध्या सरयू जी में बनाया रहा यह विश्व रिकॉर्ड कोई आश्चर्य का विषय नहीं है, क्योंकि अयोध्या की धरती से स्वामी महेश योगी इसके पहले भी अनेकों आश्चर्यजनक विश्व रिकॉर्ड बनाकर संपूर्ण विश्व में अपना लोहा मनवा चुके हैं। आपके द्वारा बनाए गए विशेष कीर्तिमानों में अनवरत 76 घंटे तक योग मैराथन करने का विश्व रिकॉर्ड, अनवरत 51 घंटे कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, 1 मिनट में 21 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड, एक घंटा 15 मिनट शीर्षासन में कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, अयोध्या मां सरयू की गोद में लगातार 2378 बार डुबकियां लगाने का विश्व रिकॉर्ड, चित्रकला के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी व्यक्ति चित्र श्रृंखला बनाने का विश्व रिकॉर्ड, अब तक 11000 चित्रों का सृजन करने का रिकॉर्ड तथा दिव्य भारत गौरव ग्रंथ एवं भारत ऋषि ज्ञान एनसाइक्लोपीडिया के लेखन कार्य जैसे अनेकों विशिष्ठ कीर्तिमान महेश योगी जी के नाम से दर्ज है।

## मां शांति सेवा फाउंडेशन ने चतुर्थ बड़े मंगल को आयोजित किया पशु भंडारा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज ने चतुर्थ बड़े मंगल के शुभ अवसर पर अयोध्या रेलवे कैंट के समीप पशु भंडारे का आयोजन किया जिसमें संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में अध्यक्ष नेहा कुमारी कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव सदस्य रेनू जायसवाल एकता रस्तोगी विकास रस्तोगी विनय प्रकाश मौर्य ने बंदर एवं पशुओं को चना ब्रेड बिस्कुट केला आदि सामग्री खिलाया। सारे सदस्यों में हर्षोल्लास, मानवता एवं पशुओं के प्रति भावुकता दिखाई दिया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि संस्था सामाजिक कार्य में हर प्रकार से तत्पर है बड़े मंगल के शुभ अवसर पर पशुओं के लिए फल सहित अन्य सामग्री का भंडारा आयोजन किया क्योंकि जनमानव के लिए शहर में सैकड़ो भंडारे का आयोजन एवम व्यवस्था रहती है लेकिन पशु पक्षियों के लिए बहुत कम ही व्यवस्था दिखाई देती है ऐसे में फाउंडेशन ने पशु भंडारा का



आयोजन किया जिससे जन मानव में भी पशु पक्षियों के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो समाज सेवा किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है। सेवा का दूसरा नाम है मानवता और इंसानियत सभी व्यक्तियों को थोड़ा-थोड़ा सहयोग कर जन सेवक बनना चाहिए कार्यक्रम संयोजक ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

## अवध विवि. का स्वालंबी भारत अभियान के बीच हुआ एमओयू

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग तथा स्वालंबी भारत अभियान अयोध्या, उत्तर प्रदेश के बीच एम.ओ.यू किया गया। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र व स्वावलंबी भारत अभियान के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव के मध्य समझौता ज्ञापन प्रपत्र पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति ने बताया कि इस एमओयू से विद्यार्थियों में उद्यमिता व स्वालंबन की प्रवृत्ति विकसित होगी और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभागाध्यक्ष



डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र ने बताया कि विद्यार्थियों में उद्यमिता की ओर बढ़ावा देने के लिए अनुबंध किया गया है। मौके पर प्रो. शैलेन्द्र कुमार, अवध प्रांत के पूर्णकालिक राजीव कुमार और स्वदेशी जागरण मंच के दिलीप कुमार उपाध्याय, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव दिनेश मौर्य मौजूद रहे।

# जनता ही भगवान का रूप उसकी सेवा का सौभाग्य मिलना मुश्किल: सुल्तान अंसारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

भगवान राम की नगरी में लोगों सेवा की जो भावना दिख रही है शायद और किसी वार्ड में नही दिख रहा है। बताते चलें कि बाबा अभिराम दास वार्ड नंबर 1 पार्षद सुल्तान अंसारी सरल व्यक्तित्व व मिलनसार व्यक्ति है। पार्षद सुल्तान अंसारी ने प्रेस प्रतिनिधि से वार्ता के दौरान बताया कि अयोध्या की जनता ने जो अवसर हमें सेवा का दिया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करते है। प्रतिदिन जनता दरबार लगाकर क्षेत्र की जनता की समस्या सुनकर निस्तारण करने का प्रयास करते रहते हैं। जनता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

जनता ही भगवान का रूप उसकी सेवा का सौभाग्य मिलना मुश्किल। वार्डों में सफाई प्रकाश सड़क और नाली की विशेष सुविधा हेतु प्रयासरत रहकर लोगों को सुविधा मुहैया करा रहे हैं। प्रत्येक घरों में वाटर सप्लाई सड़कों की साफ सफाई व गलियों में नए विद्युत पोल लगवा कर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करा रहे हैं। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे इसके लिए जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण करने का प्रयास करते रहते हैं। हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण पर भी ध्यान दे रहे हैं।



रामनगरी में बाहर से आने वाले श्रद्धालु पर्यटक ऑन एवं राम भक्तों की सुविधा हेतु विश्राम वाले जलपान एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा समाज सेवी सुल्तान अंसारी ले रहे है। बाबा अभिरामदास वार्ड में कोई व्यक्ति भूखा ना रहे और दवा के अभाव में परेशान ना रहे। गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु उनके परिजनों को आर्थिक मदद भी समय समय पर करते रहे है। वार्ड में धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान यज्ञ एवं भंडारे पर नगर निगम द्वारा जल की व्यवस्था सफाई की व्यवस्था एवं प्रकाश की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देकर करने का प्रयास करते रहते हैं। जिससे अयोध्या की मान मर्यादा पर आंच न आने पाये।

## 'मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सु दसरथ अजर बिहारी' की चौपाइयों से गूंज उठा शहर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ज्येष्ठ माह के चौथे और आखिरी बड़े मंगल पर जिले में हनुमान भक्तों ने जगह-जगह पर सुंदर कांड भंडारे का आयोजन किया। भक्तों ने शहर के जेल गार्डन रोड स्थित श्री कृष्णा नर्सिंग होम में, डॉक्टर संजय रस्तोगी, डॉक्टर सुमेधा रस्तोगी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने पूड़ी सब्जी, हलवा, शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर इंजीनियर विजय रस्तोगी सहित जिले व शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में अस्पताल चौराहा, कैनाल रोड, हनुमान मंदिर सुपर मार्केट, डिग्री कॉलेज चौराहा, सिविल लाइन, रतापुर चौराहा,



त्रिपुला चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, हाथी पार्क, कैपरगंज, रेलवे स्टेशन, विकास प्राधिकरण, इंदिरा नगर, नेहरू नगर चौराहा पर लोगों ने हनुमान जी का पाठ सुंदरकांड हनुमान चालीसा सहित हवन पूजन करके इन तमाम जगहों पर प्रसाद वितरण किया। जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

### राहुल गांधी ने रायबरेली को लगाया गले वायनाड को किया बाय-बाय

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** लोकसभा 2024 चुनाव में राहुल गांधी की रायबरेली सीट से ऐतिहासिक जीत हुई। राहुल गांधी वायनाड से भी चुनाव लड़े और दोनों जगह से वह चुनाव जीते। कल देर शाम पार्टी के नेतृत्व ने यह फैसला किया की रायबरेली से सांसद बने रहेंगे और वायानाड की सीट को छोड़ेंगे, वायनाड से प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाएंगे। यह फैसला कल देर रात दिल्ली बैठक में लिया गया। राहुल गांधी ने कहा वायनाड सीट से हमारी बहन प्रियंका चुनाव लड़ेगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम खुश हैं हम रायबरेली अमेठी को नहीं भूलेंगे। रायबरेली अमेठी से हमारा पारिवारिक रिश्ता है हम वहां आते जाते रहेंगे हमेशा की तरह। जैसे ही यह खबर रायबरेली के कांग्रेस के लोगों ने सुनी की राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे और वायनाड को छोड़ेंगे वहां से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी।

## चौहान गुट ने 123वें लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। जनपद रायबरेली में अब तक चौहान गुट ने 123 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवा चुका है। दिनांक 13.6. 2024 को जनपद अमेठी के ग्राम धर्म सराय, मजरे पीढ़ी, थाना फुरसतगंज में एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 25-30 वर्ष का शव सड़क किनारे गड्ढे और झाड़ियों में मिला, जिसको लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना फुरसतगंज, जनपद अमेठी के एसआई महेश प्रसाद यादव ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल विधायक यादव, पीएनओः 182921298, थाना फुरसतगंज नगर जनपद अमेठी व महिला कां.



आरती तिवारी, पीएनओः 192922005, थाना फुरसतगंज, जनपद अमेठी की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। लगातार मिल रहे लावारिस शवों को लेकर चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि बीते दो सप्ताह के अंदर लगभग 6 लावारिस शवों का दाह संस्कार करवाया जा चुका है, इन लावारिस शवों की संख्या में इजाफा होना हम सभी के लिए चिंता का विषय है। सबसे बड़ी बात यह होती है कि इन शवों के परिजनों की जानकारी नहीं हो पाती है। लेकिन चौहान गुट लावारिस शव को पूरे रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करवाता है जिससे मृत आत्मा को शांति प्राप्त हो सके।

आपको बता दें कि ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, सूची व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष भोला शर्मा, ड्राइवर अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषक उत्पादक सेल गठित करेगी योगी सरकार, मिशन मोड में चलाएगी अभियान

**उत्तर प्रदेश में सक्रिय किसान उत्पादक संगठनों को सुदृढ़ करने और उन्हें ओएनडीसी तथा ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को मिलेगी गति**

- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना को किया गया क्रियान्वित, 3 महीने बड़े स्तर पर आयोजित होगा अभियान
- एफपीओ को इक्विटी ग्रांट, इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस, एनएससी सीड डीलरशिप समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मिलेगी मदद
- आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर किये गए हैं पंजीकृत



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की कृषि उत्पादकता को नए आयाम देने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश को देश के फूड बास्केट के तौर पर विख्यात करने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के अन्नदाता किसानों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की प्रगति व प्रशस्ति का मार्ग सुनिश्चित कर रही योगी सरकार अगले तीन महीने मिशन मोड में अभियान चलाने जा रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार प्रदेश में सक्रिय एफपीओ के ऑनलाइन पंजीयन, ऑनलाइन मार्केटिंग प्लैटफॉर्म से जोड़ने व लाइसेंसिंग तथा इक्विटी ग्रांट समेत तमाम प्रक्रियाओं के सरलीकरण की प्रक्रिया को क्रियान्वित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कृषक उत्पादक सेल का भी गठन किया जाएगा।

### कृषक उत्पादक संगठन सेल का होगा गठन

प्रदेश में एफपीओ फ्रेमवर्क को बढ़ावा देने के लिए अगले 3 महीने वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस क्रम में, कृषक उत्पादक सेल का गठन किया जाएगा जो इम्पलिमेंटिंग एजेंसी के तौर पर कार्य करेगा। एफपीओ को प्रोत्साहित करने के लिए इम्प्लिमेंटिंग एजेंसी शासन के साथ विभिन्न स्तरों की बैठकों का आयोजन करेगी और पूरे अभियान की रूपरेखा समेत विस्तृत प्रगति रिपोर्ट भी तैयार करेगी। इस रिपोर्ट की विभिन्न स्तर पर मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी जिससे पारदर्शिता के साथ ही कार्य की प्रगति की वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। राज्य सलाहकार समिति (एसएलसीसी) व जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी (डीएमसी) प्रक्रिया से संबंधित अभियान के कार्यों का पर्यवेक्षण करेगी।

### संतृप्तीकरण अभियान के जरिए कई लक्ष्यों की होगी पूर्ति

सीएम योगी की मंशा अनुरूप तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना के जरिए प्रदेश में एफपीओ को सुदृढ़ बनाने का जो फ्रेमवर्क निर्धारित किया गया है उसमें प्रमोशन, पारदर्शी कृषि बाजार का निर्माण, इनपुट लाइसेंसिंग प्रक्रिया (खाद, बीज, कीटनाशक), मण्डी लाइसेंस, जीएसटी लाइसेंस, एफएसएसआई लाइसेंस तथा मार्केट लिंकेज के लिए ओएनडीसी प्लैटफॉर्म पर ऑनबोर्ड कराना शामिल है। इस प्रक्रिया को ओएनडीसी तथा ई-नाम पोर्टल से जोड़कर पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा, इक्विटी ग्रांट, इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस सीड डीलरशिप लाइसेंस तथा उर्वरक लाइसेंस जैसी तमाम महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में मदद मिलेगी।

### 3,240 एफपीओ आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत पंजीकृत

योगी सरकार द्वारा कृषि विभाग को सक्रिय किसान उत्पादक संगठनों को सुदृढ़ करने और उन्हें ओएनडीसी तथा ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कृषक उत्पादक सेल का गठन किया जाएगा जो इम्पलिमेंटिंग एजेंसी के तौर पर कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 3,240 एफपीओ आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत कार्यरत हैं जिनको शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है।

# आर्यकुल कॉलेज में हुआ सुंदरकांड और भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के तत्वाधान में आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी एंड रिसर्च, आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन तथा आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट में बड़े मंगल के अवसर पर सुंदरकांड एवम् भंडारे का आयोजन किया गयाद्ध प्रभु इच्छा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में बड़े मंगल पर सुंदरकांड एवम् भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज के चेयर मैन श्री के जी सिंह व कॉलेज के निदेशक डॉ सशक्त सिंह ईश्वर की ओर अपनी आस्था और भक्ति को प्रकट करते हुए सभी श्रद्धालुगणो के साथ सुन्दरकांड किया और फिर मंत्रोच्चार के साथ हवन तर्पण कर कन्यायों को भोग लगा भंडारा प्रारम्भ किया बड़े मंगल पर आयोजित इस पावन कार्य में कॉलेज के सभी स्टाफ और छात्रों ने भक्तों को अपनी सेवा प्रदान की और स्वयँ को भाग्यशाली माना। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल की अपनी ही एक विशेष महत्ता है। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को लखनऊ बड़े मंगल के रुप में मनाया जाता है. 25 मई से शुरू हुआ बड़ा मंगल पर्व इस बार इसलिए भी खास है, क्योंकि इस बार 4 मंगल पड़ रहे हैं जिसे अद्भुत संयोग माना जा रहा है। बड़ा मंगल और निर्जला एकादशी एक साथ पड़ने पर इसका महत्व कई गुना बढ़ गया है बड़े मंगल का यह पर्व 18 जून अथार्त आज अपने आखरी पड़ाव पर है , ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार होने के चलते भले ही आज यह पर्व समाप्त हो रहा है लेकिन भक्तों का उत्साह और उमंग अपने चरम पर है। इस दौरान शहर से लेकर गांवों तक लोग जगह-जगह स्टाल लगाकर भंडारा करते हैं। ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का अलौकिक महत्व है. बड़े मंगल को लोग 'कामना पूर्ति मंगल ' के नाम से मानते हैं. बड़ा मंगल को बजरंग बली की सच्चे मन से पूजा करने वालों को बल, बुद्धि, विद्या एवं महालक्ष्मी की प्राप्ति होती है. साथ ही, श्रद्धा भाव से किए गए भक्तों की सेवाओं से भगवान राम व उनके अनन्य भक्त केसरीनन्दन वीर हनुमान प्रसन्न होते हैं. ज्योतिषियों के मुताबिक बड़े मंगल के दिन गुड़, गेंहू, मीठे पूड़ी का प्रसाद चढ़ाना चाहिए. हनुमान जी इस दिन दान का विशेष फल देते हैं. कहते है भगवान शंकर और श्रीराम ने हनुमान को वरदान दिया कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को उनकी विशेष पूजा होगी. इस माह हनुमान का दर्जा राम से भी बड़ा होगा. इसी मान्यता के चलते ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा मंगल मानते हुए श्रद्धालु विशेष पूजा अर्चना करते हैं. इस मौके पर आर्यकुल कॉलेज के रजिस्ट्रार श्री सुदेश तिवारी ,प्रबंधन विभाग की उपनिदेशिका डॉ अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी तथा रिसर्च विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर आदित्य सिंह शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रणव पाण्डेय, प्रधानाचार्य प्रोफेसर एस सी तिवारी, फार्मेसी एवं रिसर्च विभाग के विभागाध्यक्ष बी के सिंह , प्रियंका केशरवानी ,अंशिका शुक्ला, ममता पांडेय ,डॉ अंकिता श्रीवास्तव, डॉ स्नेहा सिंह,दीपिका कुमारी, रॉनी बिस्वास, वर्तिका सिंह, संगीता चौहान, स्वेता मिश्रा , आस्था तिवारी , निकिता गुप्ता , इंद्रदेव पाण्डेय, डॉ राहुल शर्मा , स्वर्णिम श्रीवास्तव, डॉ गौरव मिश्रा ,राजेश मौर्य, डॉ अनिल त्रिपाठी, प्रदीप कुमार , डॉ अब्दुल रब खान , दीप्ति सिंह , आकांशा सैनी ,डॉ रेखा सिंह , माधुरी शुक्ला, अनामिका ओझा, मोहिनी सिंह, व्योमा सेठ व अन्य शिक्षणगण व स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# बीकेटी विधानसभा में जगह-जगह हुए भंडारे लोगों ने पाया प्रसाद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा में जगह-जगह हनुमान भक्तों व श्री राम प्रभु के भक्तों द्वारा भंडारा किया जा रहा है। बीकेटी विधानसभा के इटौंजा के सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल वर्मा ने इटौंजा दुर्गा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला अपने कार्यकर्ता के साथ भंडारे में शामिल हुए और भक्त में प्रसाद वितरण किया। विधायक ने कहा कि हमारे विधानसभा में हर 200 मीटर की दूरी पर भंडारे हो रहे हैं।वही आईआईएम रोड,कुंम्हरावां,महिगवां,अमानीगंज, पहाड़पुर, उन?ई,इटौंजा सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी हाईवे रोड,सिंह हॉस्पिटल द्वारा भंडारा किया जा? रहा है, इटौंजा मार्केट ,माल रोड लखरैन माता मंदिर, रायपुर राजा, अकड़रियां कलां,दुघरा, जमखनवां, हरदा कॉलोनी, अस्ती रोड बीकेटी, कोटवां , नंदना, कठवारा रोड, बीकेटी हाईवे चंद्रिका देवी रोड गेट के पास गौरव सिंह चौहान द्वारा भंडारा किया जा रहा है, सिंघामऊ रोड पर यशवीर सिंह द्वारा भंडारा किया जा रहा है, अन्य कई जगहों पर हनुमान भक्तों द्वारा भंडारा किया जा रहा है, और इस बढ़ते तापमान व चिलचिलाती गर्मी में जहां लोग आसमान से बरस रही आग से बच रहे हैं, वहीं हनुमान भक्तों द्वारा लगातार अपने निवास स्थान या दुकान या प्रतिष्ठान व मकान के पास या मंदिर पर जगह-जगह भंडारे किये गये।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, निकट पुरानी कोतवाली, हजरतगंज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जाकर दर्शन एवं पूजन कर भोग लगाकर की। इसके बाद भंडारे वाले स्थल पर श्रीराम दरबार के चित्र की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंत्री ने शुभारंभ कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर किया और इसके पश्चात लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), धर्मवीर प्रजापति, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गोतम, मातृ एवं बाल कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश?वर शरण सिंह, मेयर लखनऊ सुषमा खरकवाल, विधायक महेश त्रिवेदी, इंजी. अवनीश सिंह, मनीष जायसवाल, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सलिल विश्नोई पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा, मुख्यमंत्री ओएसडी श्रवण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# सीएम के आदेश के बाद भी शिक्षक भर्ती के विज्ञापन अटके

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में एलटी ग्रेड शिक्षक, प्रवक्ता और महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यानि यूपीपीएससी को सालभर पहले तकरीबन साढ़े सात हजार रिक्त पदों के अधियाचन मिल चुके हैं। बीते दिनों सीएम ने अलग से बैठक कर भर्तियां शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसके बावजूद दोनों भर्तियों के विज्ञापन अटके हैं।एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के लिए पिछला विज्ञापन मार्च 2018 में आया था। तब 10768 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। समकक्ष अर्हता के विवाद के कारण हिंदी जैसे विषय में शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया अब तक जारी है।

# इटौंजा थाना परिसर में किया गया भंडारा एसीपी ने लोगों में प्रसाद किया वितरण



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना परिसर में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें कि इस भंडारे में बीकेटी एसीपी सुजीत दुबे तथा थाना प्रभारी व अन्य दरोगा सिपाहीयों ने मिलकर लोगों में प्रसाद वितरण किया। बता दे कि यह भंडारा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। जिसमें भक्तों को प्रसाद में केले का वितरण किया गया।

### बलि का बकरा बनाये जा रहे बिजली के आउटसोर्स कर्मचारी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं इसके सहयोगी निगमों में मानक से कम आउटसोर्स कर्मचारियों को तैनात कर अनुरक्षण व परिचालन का कार्य कराया जा रहा है। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति जहाँ चुनौती बनी हुई है वही दूसरी तरफ अनुरक्षण व परिचालन कार्य में तैनात कर्मचारियों में लगभग दस प्रतिशत कर्मचारियों से अधिकारियों द्वारा अपना निजी कार्य कराया जा रहा है,शेष बचे 90 प्रतिशत कर्मचारियों में से लगभग 40 प्रतिशत कर्मचारियों से असिस्टेंट मीटर रीडिंग पावर कारपोरेशन आपके द्वार नामक ऐप के माध्यम से उपभोक्ताओं कि मीटर की रीडिंग करायी जा रही है जबकि एजेन्सियों द्वारा पिछले कई वर्षों से उपभोक्ताओं कि मीटर रीडिंग का कार्य किया जा रहा है ऐसे में ये सवाल उठता है कि इतने भीषण गर्मी में एक माह में दो बार मीटर रीडिंग लेने का क्या उद्देश्य है। शेष बचे 50 प्रतिशत कर्मचारियों से सुरक्षा उपकरण दिए बगैर दबाव बनाकर अनुरक्षण व परिचालन का कार्य कराया जा रहा है जिससे बड़े पैमाने पर बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि दुर्घटनाओं में मृत्यु हो रही है वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को घंटों बिजली के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों से असिस्टेंट मीटर रीडिंग,पावर कारपोरेशन आपके द्वारा नामक ऐप से उपभोक्ताओं कि मीटर रीडिंग न कराने की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना के तहत 30 दिन के अंदर मिलेगी कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति

- नगर विकास विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जारी किए गए दिशा निर्देश
- नगरीय निकाय में विकास कार्य के लिए दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार प्रदान करेगी
- 40 प्रतिशत राज्यांश की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट प्रावधानों की जाएगी
- योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने का कार्य उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का होगा
- योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट वेब पोर्टल और मोबाइल एप तैयार करेगी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना शुरू की है, जिसे अब तेजी से क्रियान्वित किए जाने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार किसी नगरीय निकाय में विकास कार्य के लिए दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। ये 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट प्रावधानों की जाएगी। इसके अतिरिक्त दानदाता के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि इस योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को दी जाएगी। योजना का प्रस्ताव नगर निगमों द्वारा नगर आयुक्तों के माध्यम से तथा अन्य नगरीय निकायों (नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत) के अधिशासी अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार, यदि कोई दानदाता स्कूल व इंटर कॉलेज की कक्षाओं या स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है तो शेष धनराशि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के बजट से प्रदान की जाएगी। इसी तरह सामुदायिक भवन के लिए नगर विकास विभाग से, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लिए चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग से, पुस्तकालय और खेलकूद के लिए व्यायाम भवन और उपकरण हेतु खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से धनराशि ली जाएगी। वहीं सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस सिस्टम, फायर सर्विस स्टेशन के विकास के लिए गृह विभाग को, अंत्येष्टि स्थल के विकास और जल की व्यवस्था एवं सीवरेज, एसटीपी आदि के लिए नगर विकास विभाग शेष धनराशि देगा। बस स्टैंड और सोलर एनर्जी स्ट्रीट लाइट और पेयजल योजनाओं, आरओ प्लांट के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत व नगर विकास विभाग सहायक की भूमिका में होगा।

### क्या है उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना?

उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न शहरों में व विदेशों में कार्यरत हैं। ये सुविधा संपन्न लोग अपने नगर के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं, लेकिन कोई व्यवस्थित प्लेटफॉर्म उपलब्ध न होने की वजह से वांछित स्तर का सहयोग व योगदान प्रदान नहीं कर पा रहे हैं। इसी को देखते हुए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति, निजी संस्था किसी नगरीय निकाय में विकास कार्य, अवस्थापना सुविधा का विकास कराना चाहते हैं और कार्य की लागत की 60 प्रतिशत धनराशि वहन करने के इच्छुक हैं तो शेष 40 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। साथ ही निर्धारित आकार व प्रकार के शिलापट्ट पर सहयोग करने वाले व्यक्ति या संस्था का नाम उचित स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी के माध्यम से लागू होगी योजना

योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने का कार्य उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का होगा, जो नगरीय क्षेत्रों में निदेशक नगर निकाय निदेशालय के माध्यम से कराया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण में निदेशक नगरीय निदेशालय की सहायता प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट (पीएमयू) करेगी। पीएमयू द्वारा इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वेब पोर्टल और मोबाइल एप तैयार किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से दानदाताओं के दान की राशि एवं सरकार के अनुदान की राशि योजना के लिए खुलवाए गए अलग बैंक अकाउंट (एस्क्रो अकाउंट) में जमा होगी। इस राशि के जमा होने के बाद उससे संबंधित कार्य के लिए उसे व्यय किया जा सकेगा। किसी भी शेड्यूल बैंक की मदद से पोर्टल को खोला जा सकेगा। पोर्टल के ऊपर कार्यों का विवरण और कार्य का प्रकार आदि दर्शाना होगा, ताकि दानदाताओं को दान देने के लिए सभी प्रकार की सूचना उपलब्ध हो सके। सरकारी अनुदान, सीएसआर और अन्य ग्रांट भी पोर्टल के माध्यम से जमा होंगे। दानदाताओं के साथ सीधा संपर्क करने और अनुरोध व समस्याओं के निवारण के लिए एक कॉल सेंटर का प्रयोग किया जाएगा. योजना के प्रचार प्रसार के लिए देश एवं विदेशों में रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

### दानदाताओं को देनी होगी योजनाओं की जानकारी

दानदाताओं को योजना की जानकारी और कार्यों के विवरण का आदान प्रदान नगरीय निकाय स्तर पर संबंधित नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद दानकर्ता की ओर से प्रमाण पत्र मिलने के बाद इस योजना के तहत दानकर्ता एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की राशि के 0.5 प्रतिशत या अधिकतम प्रति कार्य 10 हजार रुपए की सीमा में नगर निकाय को फीस का भुगतान किया जाएगा। इस फीस की धनराशि 50 प्रतिशत दानकर्ता और 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी संबंधित दानकर्ताओं को संपर्क करके उन्हें इस योजना की जानकारी देंगे और नगरीय निकाय के विकास के लिए आवश्यक कार्यों का विवरण प्रदान करेंगे। साथ ही संबंधित निकाय के लिए निर्धारित किए गए कार्यों की प्रगति की लेटेस्ट डिटेल, फोटो के साथ वेब पोर्टल के माध्यम से दानदाताओं को समय समय पर सूचना प्रदान करेगा। योजना के तहत होने वाले कार्यों की पुनरावृत्ति किसी अन्य योजना के माध्यम से न हो, यह तकनीकी के प्रयोग (जियो टैगिंग आदि से) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम

**देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना ही होगा। नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता।**

*मोदी मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुईं। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से %मोदी का परिवार% हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं? इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**याद रख लें कि किसी ठोस विचारधारा के बिना किसी राजनीतिक दल का कोई मतलब नहीं है। संघ की मार्फत ही भाजपा राष्ट्रीय शब्द को गहराई से समझती है। मोहन भागवत ने एक बार कहा भी था कि राष्ट्रवाद शब्द समाज के लिए ठीक नहीं है। यह शब्द सीमित करता है। वहीं राष्ट्रीयता शब्द विस्तार देता है। वाद शब्द हमेशा स्वार्थ के लिए होता है। स्वार्थ की पूर्ति होते ही मोह भंग हो सकता है, जबकि राष्ट्रीयता से आत्मिक जुड़ाव होता है। मोहन भागवत साफ बोलते हैं। मणिपुर की अशांति पर भी मोहन भागवत ने अपनी राय रखी है। मणिपुर एक साल से शांति की तलाश में है। इस पर प्राथमिकता से चर्चा होनी चाहिए। राज्य पिछले 10 वर्षों से शांत था।**


# संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं



आर.के.सिन्हा

**निस्संदेह एक साल से मणिपुर जल रहा है। वहां पर हिंसा और कत्लेआम जारी है। स्थिति काबू में आ ही नहीं रही है। जब लगता है कि अब मणिपुर में अमन की बहाली होने वाली है, तब ही उधर से कोई बुरी खबर सामने आ जाती है। मणिपुर की स्थिति ने सारे देश को परेशान किया हुआ है।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मृदु स्वभाव वाले और मितभाषी हैं। वे किसी खास मुद्दे या अवसर पर ही अपनी बेबाक राय रखते हैं। लेकिन, जब भी वे कुछ कहते हैं तो उसे गौर से सारा देश सुनता और समझने की कोशिश करता है। उनके वक्तव्यों की पूरे देश में विभिन्न कोणों से व्याख्या होने लगती है। हाल ही में आए लोकसभा चुनावों के बाद डॉ. मोहन भागवत ने भाजपा नेताओं पर सांकेतिक और परोक्ष रूप से अहंकारी होने के आरोप लगाकर राजनीतिक क्षेत्रों में, खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भूचाल सा ला दिया है। मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के नागपुर में संघ के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक सच्चा सेवक काम करते समय मर्यादा बनाए रखता है। उसमें कोई अहंकार नहीं होता कि मैंने यह किया। केवल ऐसा व्यक्ति ही सेवक कहलाने का अधिकारी है। आखिर वे अहंकार पर चर्चा करके क्या कहना चाहते हैं? एक आम राय यह भी है कि डॉ. भागवत की दृष्टि में भाजपा के कुछ नेता सत्ता पर काबिज होने के बाद विनम्र नहीं रहे। वे अहंकारी हो गए। वे आम जनता के सरोकारों से दूर हो गए। उन्होंने जन सेवा के कामों से अपने को दूर कर लिया। इसी कारण के चलते ही जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं दी । मुझे भाजपा के एक प्रमुख सहयोगी संगठन के शिखर पदाधिकारी बता रहे थे कि वे कुछ माह पहले किसी जरूरी काम के सिलसिले में एक बार अति प्रमुख स्थान रखने वाले एक केन्द्रीय मंत्री से मिले। मंत्री जी उन महोदय के काम से और संघ निष्ठा से अच्छी तरह वाकिफ थे। वे उम्र और तजुर्बे में मंत्री जी से बड़े हैं। मंत्री जी को पता था कि उन्होंने संघ के कार्यकर्ता के रूप में अपना सारा जीवन खपा दिया है। इतना सब कुछ होने पर भी जब उन्होंने कहा कि संघ ने मुझे यह दायित्व दिया है और आपका सहयोग चाहिये ढ्ढ तब मंत्री जी ने कहा कि, यह दायित्व आपने मुझसे पूछकर लिया था क्या? उन केन्द्रीय मंत्री जी ने उन संघ निष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्त्ता सज्जन को खड़े-खड़े ही चलता कर दिया। मंत्री जी भूल गए कि भाजपा को मजबूती संघ और उसके सहयोगी संगठनों से ही मिलती है। इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा के उन नेताओं को अपनी सोच में बदलाव तो लाना होगा जो संघ के महत्व और विचारधारा से परिचित नहीं है। संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं है। कुछ



**जाहिर है कि मोहन भागवत की मणिपुर पर राय से सारा देश अपने को जोड़ता है। अब देश की चाहत है कि मणिपुर में अमन की बहाली हो जाए और संघ-भाजपा के संबंधों में पहले वाली गर्मजोशी दिखाई दे। यह होगा तभी जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रवादी सोच के नागरिकों का मनोबल बढ़ेगा।**

ऐसे लोग भी संघ के नाम पर भाजपा के शीर्ष पर पहुँच गये, जिनका स्वयं का संघ कार्य का न तो कोई अनुभव है न ही कभी वे संघ में किसी दायित्व के पदों पर रहे हैं ढ्ढ हाँ, यह अवश्य है कि वे संघ परिवार से आते हैं और उनके पिता या बड़े भाई संघ-निष्ठ कार्यकर्त्ता या पदाधिकारी रहे हैं। अपने भाषणो में मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तो हमेशा तारीफ़ करते रहे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय, मोहन भागवत ने कहा था-' इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने से पहले प्रधानमंत्री जी ने कठोर व्रत रखा। जितना कठोर व्रत रखने को कहा था उससे कई गुना अधिक कठोर व्रताचरण उन्होंने किया। मेरा उनसे पुराना परिचय है और मैं जानता हूँ, वो तपस्वी हैं ही। संघ भाजपा का अभिभावक संगठन है तो यह स्वाभाविक है कि उसका भाजपा पर असर तो रहेगा ही, साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के सक्रिय जीवनदानी पूर्णकालिक प्रचारक भी रहे हैं। अतः मोदी जी, राजनाथ सिंह आदि की बात अलग है। वे संघ को समझते हैं। कुछ समय से दबी-जुबान से यह भी चर्चा होती रही है कि क्या भाजपा हमेशा संघ के प्रभाव में ही काम करती है? अगर नहीं तो संघ का भाजपा पर नियंत्रण किस हद तक है। सही बात तो यह है कि संघ के पचासों आनुषांगिक संगठन अपना-अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करते हैं पर संघ का परोक्ष नियंत्रण और मार्गदर्शन तो रहता ही है जिसे सभी मानते भी हैं। क्या नड्डा को संघ और भाजपा के संबंधों पर यह सब कहना चाहिए था या नहीं, पर कहीं न कहीं संकेत तो ऐसे ही मिल रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान ही संघ और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच कुछ वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने लगे थे। हालांकि मैं इस संबंध में कुछ भी पुख्ता रूप से नहीं कह सकता कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव में हार के बाद संघ की ओर से ही उम्मीदवारों के चयन के लिए दिए गए सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। संघ और भाजपा लंबे समय से सभी चुनावों में मिलकर काम करते रहे हैं। हां, यह सच है कि भाजपा में अन्य दलों से बहुत सारे नेता शामिल होते रहे हैं। मुमकिन है कि संघ की सोच को लेकर उनकी कोई बहुत निष्ठा न भी हो। पर यह कोई नहीं मान सकता कि भाजपा को अब संघ के साथ और सहयोग की जरूरत नहीं रही है। भाजपा को संघ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करना ही होगा। पंडित दीनदयाल जी और अटल जी अहंकार से कोसों दूर थे। वे सज्जनता और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ही मुझे 1966 में भारतीय जनसंघ में लाये और उनके जीवन के अंतिम क्षणों तक मैं उनका प्रवास सहयोगी रहा ढ्ढ वे एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। जब मैंने उनके साथ बिहार में 1960 के दशक में काम किया तब मैं किशोर ही था । उनकी शख्सियत में दंभ का नामो-निशान तक नहीं था। एक बार हम प्रवास में झारखण्ड के एक सुदूर कस्बे में एक ही कमरे में ठहरे थे और मैंने उनकी धोती साफकर बाहर फैला दिया था। मुझे उनकी डांट पड़ी थी। उन्होंने कहा था कि यह काम मैं स्वयं करता हूँ, तुमने बिना पूछे क्यों किया ढ्ढ भाजपा के नेताओं को सदैव इन महान संस्थापकों के विचारों और जीवनशैली का अनुसरण करना होगा।

## एक्सप्रेस कविता

*आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,*
*ताज़ी हवाओ से उमंगें भर लेते हैं।*
*जमाने की तमाम बुराई रखे एक तरफ,*
*फूलों से दो पल,मुस्कुराना सीख लेते है।*
*पतझड़ में पत्तो को समेट देते है किनारे,*
*सावन की फुहारो से मन भिगो लेते है*

*कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,*
*भांवरों संग प्रेम गीत गुन-गुना लेते हैं।*
*क्या विलाप करे जिंदगी का भी,*
*नन्हो संग उन्मुक्त खिलखिला लेते है।*
*सुरज सुबह उगता, शाम अस्त होता हि है,*
*उजालों से कुछ मौज मना लेते है।*
*जीवन रहेगा ,कभी डाल कभी पात,*
*आओ जिंदगी से जीना सीख लेते हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप हार मान लेते हैं तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको जिता नहीं सकती, इसलिए कहा गया है, मन के हारे हार है मन के जीते जीत*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 07:28 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 17:23 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सिद्व, 21:11 |
| सूर्योदयः | 05:25 |
| सूर्यास्तः | 19:19 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 15:51-17:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | अभिजीत नहीं |

# जन एक्सप्रेस

### सबक सिखाना पाक को

*बैठकों का दौर है ।*
*करने को प्रहार ।।*
*सबक सिखाना पाक को ।*
*बड़ा अबकी बार ।।*
*गया सर से पानी ।*
*कस कमर तैयार ।।*
*बातचीत का पहले ही वो ।*
*खो चुका आधार ।।*
*करता देश इंतज़ार ।*
*घड़ी जल्द वो आए ।।*
*जैसे को तैसा मिले ।*
*उसकी जगह बताएं ।।*
*भरा घड़ा अब पाप का ।*
*निर्णय अंतिम दौर ।।*
*ना रहा कुछ शेष ।*
*बदल रहे हैं तौर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में चेहरे और होठों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लगाएं तरबूज का स्क्रब

**तरबूज** को गर्मियों में खूब स्वाद लेकर खाया जाता है। तरबूज में विटामिन ए, बी 6, सी और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह पोषक तत्व न सिर्फ गर्मियों में स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद होते हैं, बल्कि स्किन को भी खूबसूरत बनाने का काम करते हैं। गर्मियों में त्वचा पर तरबूज लगाने से स्किन की रंगत निखारने और ग्लोइंग बनाने में मदद मिलती है। तरबूज को त्वचा पर इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका है इसका फेस और लिप स्क्रब। तरबूज का स्क्रब स्किन को एक्सफोलिएशन और हाइड्रेशन देकर गर्मियों में होने वाली परेशानियों से बचाता है।

**त्वचा के लिए क्यों फायदेमंद है तरबूज?:** तरबूज में विटामिन ए, बी 6 और सी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। यह त्वचा में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाकर स्किन को कोमल और जवां बनाए रखने में मदद करता है। मल्टीडिसीप्लिनरी डिजिटल पब्लिशिंग इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए शोध के अनुसार, विटामिन ए त्वचा की कोशिकाओं के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है। इसके अलावा, तरबूज लाइकोपीन भी भरपूर होता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है। इसके अलावा, तरबूज में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो इससे त्वचा को हाइड्रेशन मिलता है।



**तरबूज का फेस और लिप स्क्रब कैसे बनाएं?:** तरबूज का फेस और लिप स्क्रब बनाना बहुत ही आसान है। इसे बनाने के लिए आपको किचन में मौजूद 3 से 4 चीजों की जरूरत पड़ेगी।

**बनाने का तरीका:** सबसे पहले एक ताजे तरबूज को टुकड़ों में काट लें। ब्लेंडर या फूड प्रोसेसर में तरबूज के टुकड़े डालें और इसे एक प्यूरी के तौर पर तैयार कर लें। तरबूज की प्यूरी को मिक्सिंग बाउल में डालें। आपको इसी बाउल में पूरा फेस स्क्रब तैयार करना है। इसलिए बाउल थोड़ा बड़ा होना चाहिए। इसमें दानेदार चीनी और नारियल का तेल डालें। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो इसमें 1 चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाने के लिए एक चम्मच या स्पैटुला का उपयोग करें और एक गाढ़ा, दानेदार पेस्ट तैयार कर लें। आपका तरबूज फेस और लिप स्क्रब इस्तेमाल के लिए तैयार है। चेहरे को फेस वॉश से धोने के बाद तरबूज का स्क्रब त्वचा और होंठ पर लगाकर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 2 से 3 मिनट त्वचा और होठों की मसाज करने के बाद स्क्रब को नॉर्मल पानी से धोकर क्लीन करें। आप बचे हुए हिस्से को तरबूज के स्क्रब को एक एयरटाइट कंटेनर में डालकर एक सप्ताह तक रेफ्रिजरेटर में स्टोर कर सकते हैं।

**त्वचा पर तरबूज का स्क्रब लगाने के फायदे:** त्वचा पर तरबूज का स्क्रब लगाने से त्वचा को एक नहीं बल्कि कई फायदे मिलते हैं।

**एक्सफोलिएशन:** दानेदार चीनी त्वचा का एक्सफोलिएशन करती है। यह डेड स्किन को हटाकर त्वचा को मुलायम बनाती है। साथ ही यह स्किन की रंगत को भी निखारती है।

**हाइड्रेशन:** तरबूज और नारियल का तेल त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा को नमी मिलती है।

**एंटीऑक्सीडेंट प्रोटेक्शन:** तरबूज में मौजूद विटामिन सी और लाइकोपीन त्वचा को वातावरण के प्रभाव से बचाकर रंगत को निखारता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई



ललित गर्ग

**सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है।**

**भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है।**

**विश्व** आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है। लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं। भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे।

# पड़रिया तुला पुलिस चौकी पर किया गया विशाल भंडारा

* जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के उपलक्ष्य में पूरे कस्बे में जगह मीठे शर्बत का किया वितरण

जन एक्सप्रेस । मालपुर खीरी





जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर पड़रिया तुला पुलिस चौकी के साथ साथ पूरे कस्बे में जगह जगह मीठे पंडाल लगाकर शर्बत के वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार के दिन श्री बालाजी महाराज के विशेष जेष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के उपलक्ष्य में पड़रिया तुला पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप कुमार यादव व जन सहयोग से चौकी के सामने लखीमपुर भीरा राजमार्ग के किनारे पंडाल लगाकर मीठे शर्बत के साथ पूड़ी सब्जी के भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर सुबह सर्व प्रथम पंडित मिथिलेश शुक्ल द्वारा श्री बालाजी महाराज के पूजन अर्चन के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद पूरे दिन चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में निकलने वाले राहगीरों में पूड़ी सब्जी के साथ मीठा शर्बत का वितरण किया गया। इस मौके पर भीरा एसओ पंकज त्रिपाठी,बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर,मुख्य आरक्षी संजय सिंह,शिव कुमार गौड़,राजू वर्मा, आरक्षी चन्द्र मोहन त्यागी, अरविंद कुमार, विशाल, सोहित, प्रभात, देवव्रत, पूर्व प्रधान विजय सिंह,रामू गुप्ता, श्याम खन्ना, डॉक्टर सतेंद्र यादव, राम नरेश मौर्या, प्रवीण गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, सुशील गुप्ता, पूर्व प्रधान सुशील पांडेय,अमन बाथम, आदर्श गुप्ता, सोम गुप्ता, राजू गोयल, दीपू पुरवार, अमित मिश्रा, दिनेश थापा, जितेंद्र भारद्वाज, हरीश मौर्या, ललित गुप्ता, बलराम गुप्ता, सीएल राज, विजय करन भारद्वाज, हर्षित शुक्ला, सुमन वर्मा, अमित वर्मा, राम निवास मिश्रा, प्रताप शुक्ला, अतीश त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं कस्बे के निर्माणाधीन श्री बालाजी पावन धाम पर प्रदीप मिश्रा,अमित मिश्रा द्वारा, मीठा शर्बत, गोन्धिया रोड के सामने उमेश गुप्ता द्वारा तहड़ी व श्री ठाकुरद्वारा मन्दिर प्रांगण में रमेश गौड़, केके गौड़ द्वारा पूड़ी सब्जी का भंडारा किया गया।

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर एक्सईएन मोहम्मदी से मिले पत्रकार

* बिजली कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाने के लिए एकजुट हुए क्षेत्रीय पत्रकार व समाजसेवी
* बिजली समस्याओं से परेशान उपभोक्ताओं के साथ खड़े नजर आये विधायक पुत्र वैभव प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



पिछले कई दिनों से मोहम्मदी विद्युत केंद्र के जेबीगंज उपकेंद्र में ग्रामीण क्षेत्रो में जैसे उचौलिया फीडर के गांव,बरखेड़ा फीडर क्षेत्र, सुनौवा फीडर क्षेत्र, जेबीगंज टाउन व पसगवां फीडर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। कई जगहों पर लाइट नही होने व बिजली की आंख मिचौली के कारण लोग बेहद परेशान है। इन्ही समस्याओ को लेकर आज क्षेत्रीय पत्रकार व समाजसेवी मोहम्मदी एक्सईएन व एसडीओ मोहम्मदी से मिले।वही विभाग के अनुसार सुधार जारी है।विद्युत वितरण विभाग का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था काफी हद तक दुरूस्त करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे है।वही ग्रामीणों के अनुसार जगह जगह मेजर फाल्ट के साथ साथ छोटे मोटे फाल्ट होते रहते है। शिकायत करने के बावजूद जेई जेबीगंज है। जिले में इन दिनों कई गांवों में बिजली समस्या के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। घंटों तक लाइट गुल रहने से ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था को लेकर पहले से लोगों में शिकायत रहती है। लेकिन आज कल तो 5 मिनट की सप्लाई मिलती है उसके बाद घण्टो घण्टो गायब, वही 24 घण्टो में केवल 4 से घण्टे ही विधुत सलाई मिल पाती है। मौसम का मिजाज बदलते ही बिजली व्यवस्था और भी अधिक गड़बड़ा जाती है। एक पखवाड़े पूर्व मौसम खराब होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी। तार पुराने व जर्जर होने के कारण ट्रिपिंग व बीड़ी हो जाती है जिससे कि क्षेत्र में लगातार बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान कर रखा है। अब भी परेशानी बनी हुई है। लोगों के अनुसार बिजली की आंख मिचौली लगातार जारी है। गर्मी के दिनों में बिजली की आंख मिचौली से परेशानी बढ़ गई है। कई बार रात अंधेरे में गुजारनी पड़ जाती है।इसी सभी दिक्कतों के चलते क्षेत्रीय पत्रकार व कुछ समाजसेवी एकत्रित होकर मोहम्मदी पहुंचे जहां उन्होंने एक्सईएन व एसडीओ से मुलाकात कर एक लंबी वार्तालाप की व क्षेत्र में बिजली की हो रही समस्याओ पर एक लंबी वार्ता की। इस दौरान विधायक पुत्र वैभव प्रताप सिंह भी ग्रामीणों की समस्याओं के लेकर साथ रहे और हो रही समस्याओ के जल्द निस्तारण हेतु एक्सईएन से सवाल जबाव किये और जल्द निस्तारण हेतु निवेदन किया। इस दौरान क्षेत्रीय पत्रकारों में डॉ.संजीत सिंह सनी, आशीष पांडेय, अमित सक्सेना, सुखदेव भार्गव, गौरव मिश्रा, सलमान खान शानू, अमोल पाल, समाजसेवी गौरव सिंह ठाकुर, अतुल वर्मा आदि सम्मलित रहे।

## 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा योगा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। सोमवार को 70 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी-ढ्ढ्ढ में अतुल कार्की, वाहिनी कमांडेंट के दिशानिर्देश में द्वारा वाहिनी मुख्यालय तथा वाहिनी के अधीन सभी समवाय में एक दिवस का कामन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस योग कार्यक्रम में आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, मयूरासन, भुजंगासन, चक्रासन, गोमुखासन, इत्यादि आसन से होने वाले लाभ तथा निरोग रहने के बारे में बताया गया।इस योगा कार्यक्रम में वाहिनी के सचिन कुमार, मेघनाथ राउत, संदीप प्रसाद, उप कमांडेंट; सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी तथा सभी बलकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

## शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



ग्राम नौरंगाबाद में 9 दिन से लगातार चल रहे शतचंडी महायज्ञ का समापन आज मूर्ति विसर्जन के साथ शोभा यात्रा निकालकर गाजे बाजे के साथ किया गया इस अवसर पर देवी भक्तों ने देवी के भजनों पर छिड़कते हुए खूब अमीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी।सिगाही नौरंगाबाद में पंडित दीनदयाल अमृत स्टेडियम में द्वितीय शतचंडी महायज्ञ नौ दिवसीय का कार्यक्रम बडी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ सत्य चंडी महायज्ञ की मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा मूर्ति विसर्जन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया 9 जून से 18 जून कलश यात्रा के साथ शुरु हुई थी सत्यचंडी महायज्ञ के समापन कार्यक्रम के अवसर पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया यज्ञ में प्रतिदिन दिन में रामलीला और रात्रि में रासलीला का मंचन किया गया दिन में सीता स्वयंवर का मंचन किया गया जिसमें राम लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहां पहुंचते हैं जहां पर बड़े- बड़े राजाओं महाराजाओं का जमवाड़ा लगा है लेकिन स्वयंवर के लिए रखी गई धनुष को कोई उठा नहीं पाया इस बात को लेकर राजा जनक बहुत व्याकुल होने लगे उसकी व्याकुलता को देखकर विश्वामित्र ने अपने शिष्य राम को आदेश दिया और कहा कि धनुष को तोड़कर राजा जनक के द्वारा रखा गया वचन पूरा करें और वह सीता का स्वयंवर रचाएं विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम ने धनुष को बड़े-बड़े राजा हिला तक ना सके उसे राम ने गुरू कीआज्ञा मिलते ही पल भर में ही तोड़ दिया तालियों की गड़गड़ाहट से साथ राम सीता का स्वयंवर संपन्न होता है मेला कमेटी ने बताया गांव के हित में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा इस मौके पर जिसमे प्रधान प्रतिनिधि यादुवेंद्र अवस्थी, डॉ पौरुष कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश पाल योगेश अवस्थी, संजय पाल, नरोत्तम पाल, यज्ञराज मौर्य, सतीश कुमार दीक्षित, अनिल दिक्षित, रामचंद्र सागरवंशी, भगवानदीन सागरबंसी, प्रकाश सागरवंशी, दयाशंकर भार्गव, अभयराज शुक्ला, लालजी यादव, शिवा किशोर शर्मा, बब्लू तिवारी, वर्मा दीक्षित, संजय कुमार दीक्षित, अंकित मौर्य, बेनी प्रसाद, राजेन्द्र कुमार गौतम, मोती लाल गौतम, समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, दोस्त घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**बेहंदर।** कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला-मल्लावां मार्ग पर बाइक सवार दोस्तों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक चला रहे छात्र की मौत हो गई, पीछे बैठा उसका दोस्त घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। कासिमपुर थाना क्षेत्र के जरहा गांव निवासी सईद (18) इंटर का छात्र था। सोमवार को बकरीद की नमाज पढ़ने के बाद गांव निवासी अपने दोस्त अरमान (18) के साथ बाइक से गौसगंज गया था। घर लौटते समय संडीला-मल्लावां मार्ग पर दोपहर एक बजे हिया गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक चला रहे सईद की मौत हो गई, अरमान गंभीर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सईद के पिता सत्तार और मां अनवरी बदहवास हो गई।

## एसडीएम की कार्यशैली का विरोध




* तहसील में वकीलों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

निघासन में वकीलों ने एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। करीब डेढ़ माह से वकील हड़ताल पर हैं। वकील डीएम से मुलाकात कर एसडीएम की कार्यशैली से अवगत करा चुके हैं, जिस पर डीएम ने एसडीएम को फोन कर वकीलों से वार्ता कर समाधान करने के लिए कहा था। एसडीएम के बुलावे पर शुक्रवार को संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल, मंत्री उमाकांत जायसवाल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, सुबोध कुमार, मेजर सिंह, रमेश शर्मा, चन्द्रकेश, विवेक श्रीवास्तव, रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अश्वनी सिंह के बुलावे पत्र पर वार्ता करने के लिए उनके चैम्बर में गए थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दिल्ली से बिहार जा रही मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग



जन एक्सप्रेस । सीतापुर। सीतापुर के तालगावँ थाना क्षेत्र के टप्पा खजुरिया रेलवे स्टेशन से निकलती हुई मालगाड़ी के एक कोच में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर ने कोच में धुआं उठता देखकर ट्रेन रुकवाकर सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। फायर ब्रिगेड ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मालगाड़ी के कोच में आग लगने से उसमे रखे जूते चप्पल और मोबिल ऑयल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद रेलवे कर्मियों ने बोगी को काटकर अलग कर दिया। मामला तालगांव थाना इलाके में टप्पा खजुरिया रेलवे स्टेशन का है। दिल्ली से बिहार प्रान्त के आजाद नगर जा रही मालगाड़ी अचानक देर रात जब टप्पा खजुरिया स्टेशन से गुजरी तो स्टेशन मास्टर ने बीच की एक कोच में धुआं उठता देखकर कंट्रोल रूम को सूचना दी। ट्रेन को स्टेशन के आगे रुकवाकर मामले की सूचना फायर ब्रिगेड और अन्य उच्चाधिकारियों को दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से करीब तीन घण्टे बाद आग पर काबू पाया। स्टेशन मास्टर अरविंद अग्निहोत्री ने बताया कि मालगाड़ी की बोगी के अंदर बिजली के पंखे, बच्चों के खिलौने, दवाइयां, जूते सहित मोबिल ऑयल और अन्य सामान भरा हुआ था। भीषण आग से लाखों रुपए के सामान के नुकसान का अनुमान है। रेलवे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ सामान को आग से बचा लिया है। आग लगने के बाद मालगाड़ी के कोच को अलग कर ट्रेन को दूसरे ट्रैक पर खड़ा कर दिया गया है।

### बैंक आफ इंडिया हरगांव ठगी प्रकरण में जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश: शिव प्रकाश सिंह

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। बैंक आफ इंडिया हरगांव में तैनात शाखा प्रबन्धक देवेश तिवारी, बैंक कैशियर राहुल रस्तोगी व बैंक मित्र के साथ दलालों के माध्यम से करोड़ों की ठगी प्रकरण में किसान मंच पदाधिकारियों ने मा0 मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी से मुलाकात कर प्रकरण संज्ञान में लाया गया। जिलाधिकारी द्वारा अविलंब जांच हेतु एल डी एम को आदेशित करके समस्या निराकरण के लिए कहा गया है। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि करोड़ों रुपए की इस लूट के शिकार पचासों किसान और बेरोजगारों के किसान कार्ड व शासन द्वारा बेरोजगारों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की फाइलें तैयार कर लोगों को गुमराह करके फर्जी भुगतान में संलिप्त लोगों के प्रति धन वसूली के साथ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि काफी दिनों से चल रही इस लूट में शिकार ग्रामीणों को जब इस फर्जी ऋण भुगतान की बैंक द्वारा नोटिस पहुंचने लगी तब इस घोटाले का खुलासा हुआ। काफी संख्या में पीड़ित लोगों द्वारा थाना हरगांव सहित जिला प्रशासन तक शिकायत की गई तब बैंक मैनेजर को निलंबित कर प्रशासन द्वारा खाना पूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लिया गया। जिला उपाध्यक्ष उत्तम मौर्य ने कहा मूढ़ी खेरा निवासी नीरज शुक्ला पुत्र परशुराम शुक्ला के पास नोटिस पहुंचने पर बेचारे गरीब किसान जिसके नाम सिर्फ चार वीघा जमीन थी,एक लाख का किसान कार्ड बताकर एक लाख पचास हजार निकासी से हतप्रभ उस बेचारे का खाना पीना छूट गया, शिकायत पत्र प्रेषित करने पर भी प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न होने के कारण हार्ट अटैक से किसान की आकस्मिक मौत हो गई। ठगी के शिकार बहुत से लोगों को अभी तक पता भी नहीं है।

### हेड उदय प्रताप सिंह ने पूजा अर्चना कर शर्बत व प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की आसवनी इकाई में बड़े मंगल के अवसर पर आसवनी के यूनिट हेड उदय प्रताप सिंह ने पूजा अर्चना कर शर्बत व प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। भीरा रोड स्थित आसवनी गेट के पर राहगीरों को बूंदी, चना, हलवा, शरबत आदि खिलाने पिलाने की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान, राजीव तोमर, यू के पांडे, सतीश श्रीवास्तव, मनोज मिस्त्र, बैभव सिंह, सतीश सिंह, नीरज शुक्ला उपस्थित रहे। साथ में महिला क्लब की अध्यक्ष सवी चौहान, मिनाक्षी तोमर, पारूल सिंह, सीमा तोमर, अंजना मिश्रा सहित काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इससे पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामकोट। कस्बा रामकोट सहित क्षेत्र भर में हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा (बकराईद) का त्योहार मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाहो, मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। लोगों ने घरों में बकरों की कुर्बानियां दी। क्षेत्र की सभी मस्जिदों, ईदगाहो में अलग-अलग समय में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में सुबह 5:45 बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया था, जो 8 बजे तक चला। कस्बे की जामा मस्जिद में कारी असलम कुरैशी ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। रामकोट कस्बे की ईदगाह में मौलाना मो.मेराज सिद्दीकी नदवी की ओर से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज़ के बाद अमन-ओ-अमान भाईचारे, प्यार मोहब्बत, मुल्क में अमन व शांति, रहमत वाली बारिश के लिए खुसुसी दुआ कराई गई। नमाज से पहले मौलाना मो.मेराज सिद्दीकी नदवी ने बयान किया। नदवी ने अपने खिताब मे कुर्बानी की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि ये हमारे नबी की सुन्नत है। कुर्बानी के जरिये हम मोला से करीब होते हैं। नमाज बाद खुतबा मो.मेराज सिद्दीकी नदवी ने दिया। उसके बाद मुल्क मे अमन पसन्दी और अच्छे मौसम की रब के हुजूर मे दुआ करायी। लोगों ने घरों में ही बकरों की कुर्बानियां दी। घरों की साफ-सफाई कर सेवई और पकवान बनाए। प्रभारी निरीक्षक रामकोट बलवंत शाही, मय फोर्स के साथ लगातार क्षेत्र में घूम कर जायजा लेते रहे। रोज खाली रहने वाला रामकोट क़स्बे का ईदगाह सोमवार को पूरी तरह से भरा नजर आया। नमाज के समय से पहले ही लोग ईदगाह पहुंचने लगे थे। ईदगाह परिसर में मौजूद ग्राम प्रधान रामनिवास पप्पू वर्मा, आदि ने लोगों को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी।

## बहनोई के घर युवक की मौत, हत्या का आरोप



जन एक्सप्रेस । हरदोई

**कछौना।** बहनोई के घर पिछले दो माह से रह रहे युवक की सोमवार को मौत हो गई। उसकी पत्नी ने करीबी रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी। कासिमपुर थाना क्षेत्र के बेहसार निवासी बाबूराम (45) खेती करता था। वह दो माह से अपने बहनोई राधेलाल के गांव कछौना कोतवाली क्षेत्र के नारायण देव गांव में रह रहा था। सोमवार सुबह नौ बजे बाबूराम की मौत हो गई। उसकी पत्नी रामदेवी ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह पहले नजदीकी रिश्तेदारों ने बाबूराम को बहलाकर उसकी जमीन बेच दी और सारे रुपये हड़प लिए। रुपये की मांग करने पर बाबूराम की हत्या कर दी गई। कोतवाल कछौना राकेश यादव ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्र में शांति पूर्वक रूप से मनाई गई बकरीद

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी




पसगवां, जेबीगंज में बकरीद का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें जेबीगंज में स्टेशन रोड पर मस्जिद में सभी क्षेत्रवासियों ने आकर नमाज अदा की जिसमें भारी बल के साथ कोतवाली पसगवां कोतवाल दीपक राठौर और जेबीगंज के चौकी इंचार्ज अपने दलबल के साथ पूरी जेबीगंज का निरीक्षण किया साथ साथ में जेबीगंज में स्टेशन रोड पर मस्जिद में शांतिपूर्वक नमाज अदा करवाई और सभी से निवेदन किया की जिस तरीके से शांतिपूर्वक नमाज अदा की है इस तरीके से कुर्बानी भी किया जाए आए हुए पब्लिक व मौलाना ने माइक से भी सभी को नमाज के बाद समझाया की आप लोग जिस तरीके से शांतिपूर्वक नमाज अदा की है इस तरीके से कुर्बानी भी करना आई हुई पब्लिक ने भी मौलाना को कहा कि बिल्कुल शांति वातावरण से कुर्बानी दी जाएगी कोतवाली पसगवां के कोतवाल दीपक राठौर सभी से निवेदन किया कि आप लोग शांति वातावरण बनाए रखें आई हुई जनता ने असवासन दिया कि आप बेफिक्र रहिए हम से कोई गलती नहीं होगी हिंदुओं ने भी कहा की जीवीगंज के और जितने क्षेत्रवासी हिंदू मुस्लिम एक हैं एक रहेंगे जेबीगंज के चौकी इंचार्ज ने भी सभी से अपील की शांति वातावरण बनाए रखें की।

## समाज सेवी मिले अग्नि पीड़ित परिवार से, यथा संभव की मदद





जन एक्सप्रेस । मितौली खीरी

मोहम्मदी तहसील के ग्राम बिचपरी मे अग्नि प्रभावित ग्रामीण रामपाल की मदद समाज सेवी कपिल गुर्जर द्वारा की गई। ज्ञात हो की बिचपरी गांव मे कूड़े के ढेर से निकली चिंगारी से ग्रामीण रामपाल के घर मे आग लग गई। आग लगने से ग्रामीण के घर पर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। काफ़ी मेहनत मसक्कत के बाद जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक दस हजार नगदी समेत जेवर कपड़ा सहित घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। खबर लगते क्षेत्र में एक लम्बे समय से समाज सेवा मे अपनी पहचान बना चुके कपिल गुर्जर अपनी टीम के साथ पहुँच कर अग्नि पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री तथा पहनने को कपडे आदि की व्यवस्था कराई गई। साथ ही परिवार को यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

आवश्यक उपभोगी वस्तुवे पाकर अग्नि प्रभावित परिवार की आँखों मे खुशी की झलक दिखाई दी।

## राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के पत्र का प्रशासन ने लिया संज्ञान, चीनी मिल को ड्रेन खुदाई के दिये निर्देश: एस के तूफानी

* तो संगठन के पदाधिकारी के द्वारा आगे के रणनीति बनाई जाएगी।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा पूर्व में सौंपे गए पत्र का प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए हरगांव चीनी मिल को ड्रेन खुदाई के निर्देश दिए थे। ड्रेन खुदाई न होने से किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष एस के तूफानी के द्वारा किसानों की समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को पत्र सौप कर बनेरा तालाब से निकली ड्रेन जो झरिया घाट के पास सराय नदी में जाकर मिलती है। जिसकी खुदाई न होने से किसानों की सैकड़ो बीघा जमीन जलमग्न हो जाती थी। किसानों की भयानक समस्या को देखते हुए ड्रेन खुदाई की मांग की गई थी। किसानों की समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 शशांक शेखर सिंह पुष्कर के अथक प्रयासों से ड्रेन की खुदाई पूर्व में बनेरा तालाब से भटपुरवा सड़क तक कराई गई थी आगे की खुदाई रोक दी गई थी। जिसको लेकर जिला अध्यक्ष एस के तूफानी ने माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आगे की खुदाई कराने की मांग किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने मिल से आगे खुदाई करने का निर्देश दिया था। जिसका पालन करते हुए वर्तमान समय में हरगांव चीन मिल द्वारा ड्रेन की खुदाई कराई जा रही है। ड्रेन खुदाई का कार्य सुचार रूप से संचालित हो रहा था जिसको लेकर किसानों में खुशी थी। आगे ड्रेन पर बक्सोहियो के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जो ड्रेन खुदाई में बाधा बने हुए हैं। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के पदाधिकारी व किसानों की तरफ से मांग की जाती है की ड्रेन की खुदाई में अवरोध करने वाले अवैध कब्जेदारों से कब्जा हटवा कर ड्रेन की खुदाई झरिया घाट तक कराने का कार्य करे जिससे जो सैकड़ो बीघा किसानों की जमीन जलमग्न होती थी उसको बचाया जा सके और किसान अपनी खेती कर परिवार का पेट पाल सके। यह किसान वैसे भी कई वर्षों से फसले नहीं बो पा रहे हैं। जिससे उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। इसलिए संगठन मांग करता है कि ड्रेन की खुदाई में अवरोध पैदा करने वालों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए और ड्रेन की खुदाई झरिया घाट सराय नदी तक पूरी कराई जाय। यदि ऐसा नहीं होता है तो संगठन के पदाधिकारी के द्वारा आगे के रणनीति बनाई जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## योग अपनाएं, अपना जीवन स्वस्थ बनाएं- ग्राम्य विकास राज्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह अंतर्गत हनुमान मंदिर/रविदास मंदिर के परिसर देवरिया में योग सप्ताह के चतुर्थ दिन प्रातः काल समय में आयुष प्रोटोकॉल के अनुसार ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने योगाभ्यास किये। योग सहायक पिंटू लाल यादव (योग सहायक) योग वेलनेस सेंटर गडेर द्वारा योगभ्यास कराया गया, जिसमें सौ से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ग्राम्य विकास राज्यमंत्री ने कहा कि? भारत में ÷योग÷ युगों से शरीर, मन और आत्मा को साध कर एक स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग दिखा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी के अथक प्रयासों से आज योग सम्पूर्ण विश्व को भी निरोगी जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहा है। भारतीय संस्कृति की इस अनमोल धरोहर पर न सिर्फ हमको गौरवान्वित होना चाहिए बल्कि इसे हमें अपने नित जीवन में सम्मिलित कर एक स्वस्थ जीवन का आधार रखना चाहिए।

# उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए मुस्तैद है विद्युत उपकेंद्र फाजिलनगर के कर्मचारी

### भीषण गर्मी की परवाह किये बिना जेई व संविदा कर्मी तेज धूप में ठीक कर रहे फाल्ट, तब मिल रही आपूर्ति

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

भीषण गर्मी व हीटवेव से विद्युत उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना विद्युत उपकेंद्र फाजिलनगर पर तैनात बिजली कर्मचारी दिन रात मेहनत कर बिजली आपूर्ति को बहाल रखने के लिए पूरी तन्मयता के साथ निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में लगे हुए हैं तब जाकर उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति मिल रही है।

जिले के फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र के सभी कर्मचारी भीषण गर्मी में अपने को तपाकर आम उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने में किसी भी तरह का कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उपकेंद्र पर गर्मी बढ़ने की वजह से अत्यधिक लोड होने के चलते पुराने जर्जर तार व ट्रांसफारमर में बार-बार फाल्ट होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए उपकेंद्र के अवर अभियंता शशि कपूर व संदीप मिश्रा अपने कर्मचारियों के साथ भीषण गर्मी में भी फाल्ट को ढूंढ़ने और उसको तत्काल ठीक कराने का काम कराते नजर आ रहे हैं।

बताते चलें कि फाजिलनगर के विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई कसया से होती है। इस उपकेंद्र के स्थापना के बाद से कोई भी नया 11 हजार या 33 हजार



वोल्ट की लाइन के लिए अलग से तार पोल लगाकर इस उपकेंद्र कों विभाग द्वारा सप्लाई पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं पुरानी जर्जर तार पोल के सहारे फाजिलनगर उपकेंद्र को कसया से बिजली कि आपूर्ति की जाती है। पूराने जर्जर तार की वजह से आये दिन 11 हजार या 33 हजार वोल्ट का जम्फर कटता रहता है। जिसके चलते कभी-कभी उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति देने में उपकेंद्र पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी असहज हो जाते हैं। और खुद अपने मातहत कर्मचारियों के साथ पेट्रोलिंग करने व फाल्ट ठीक कराने के लिए लगातार काम करते हैं।

विद्युत उपकेंद्र का कायाकल्प कराने में यहां के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी अपनी रुचि नहीं दिखाते है। बताया जाता है कि विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के बाद उपभोक्ताओं की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हुआ है। लोड़ बढ़े हैं राजस्व भी बढ़ा है। लेकिन संसाधन को सुदृढ़ करने में न तो विभाग के उच्च अधिकारियों ने कभी भी इस पर ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते अब तक जर्जर तार व पोल को नहीं बदला जा सका है।

इस भीषण गर्मी से निजात दिलाने में इस उपकेंद्र के अवर अभियंता शशि कपूर व संदीप कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता सहित उपकेंद्र की व्यवस्था संभाल रहे संविदा पर तैनात बिजलीकर्मियों के अथक प्रयास से फाजिलनगर उपकेंद्र के विद्युत उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी व उमस से राहत दिलाने के लिए पेट्रोलिंग कर प्राइवेट लाईन मैन कम समय में फाल्ट को ठीक कर बिजली की आपूर्ति निर्वाधगति से दे रहे है। जिसके चलते विद्युत उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी व हीटवेव से बचने में काफी राहत मिल रही है।

## मनाया बकरीद का त्योहार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सोमवार को बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। अल्लाह की खुशी की खातिर मुस्लिम भाईयों ने कुर्बानी दी। एक दूसरे से लगे मिलकर ईद की मुबाकरबाद दी। शहर से लगायत गांव देहात में ईद की खुशी का माहौल रहा।लोगों में सुबह से ही ईद को लेकर उत्साह रहा। सुबह नहा धोकर लोग ईद की नमाज अदा करने ईदगाह और मस्जिद की तरफ चल दिए। तय समय पर इमाम ने ईद की नमाज पढ़ाई। शहर के मालवीय रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया ईदगाह में बड़ी मस्जिद के पेश इमाम अशफाक अहमद कासमी ने पढ़ाई। 6:30 बजे हजारों लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। अबूबकर नगर की जामा मस्जिद में 7:00 बजे नमाज अदा की गई। यहां बांस देवरिया मस्जिद के इमाम अहमद रजा मिस्बाही ने लोगों को नमाज पढ़ाई। सभी ने देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

# ईओ-सभासद के बीच हुई मारपीट, मची अफरा-तफरी

**जन एक्सप्रेस । गौरीबाजार,देवरिया**

गौरीबाजार नगर पंचायत कार्यालय में ईओ और एक सभासद के बीच मंगलवार को कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद नगर पंचायत में काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। दोनों पक्षों से एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई है।

नगर पंचायत गौरीबाजार के ईओ महेंद्र पांडेय ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वार्ड नं.8 गोलघर के सभासद नितेश कुमार मद्धेशिया सुबह सवा ग्याहर बजे के करीब कार्यालय में पहुंचे और किसी बात को लेकर कर्मचारी अरविंद से कहासुनी के बाद मारपीट करने लगे। जब वे बीच बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ गाली गलौज, मारपीट की गई और जरुरी अभिलेख फाड़ दिया गया है। इस मारपीट में उन्हें चोट लगी है। वहीं वार्ड नंबर 8 गोलघर के सभासद नितेश कुमार मद्धेशिया ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह मोहल्ले की समस्या लेकर नगर पंचायत कार्यालय गए थे। ईओ महेंद्र पांडेय से अपनी समस्या बता रहे थे, तभी बीच में आकर कार्यालय के कर्मचारी अरविंद, छोटेलाल, पंकज सिंह बेवजह उनके साथ गालीगलौज मारपीट करने लगे। उनके साथ ईओ ने भी उनको मारापीटा। सभासद का आरोप है कि पूर्व में नगर में भ्रष्टाचार को लेकर उसके द्वारा याचिका दायर की गई। जिसे लेकर ईओ व नगर के कर्मचारी खुन्नस खाए बैठे हैं। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से तहरीर दी गई।

# दबंग प्रधान ने रास्ता चलते युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

- ✻ पीड़ित परिवार उच्च अधिकारियों से लगा रहा न्याय की गुहार,
- ✻ दबंग प्रधान के प्रभाव में पुलिस प्रशासन मामले में कर रहा लीपापोती

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



सीएम योगी आदित्यनाथ के अपराध और अपराधी मुक्त शासन प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है दबंग,राह चलते युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट। मामला

जनपद के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा पिपरा विट्ठल का है जहां वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा राह चलते एक युवक को बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान दबंग और हिंसक स्वभाव का व्यक्ति है, जो पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम देता रहा है।बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान ने युवक को इतनी बुरी तरह से पीटा की वह बेहोश हो गया। परिवार के लोग उसे तुरंत देवरिया मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । इस घटना से गांव में तनाव और आक्रोश की स्थिति है।

गांव में यह घटना चर्चा का मुख्य विषय बन गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अब देखना यह होगा कि उत्तर प्रदेश सरकार और देवरिया के उच्च अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। ग्रामीण न्याय की मांग कर रहे हैं और गांव में दोषियों को सख्त सजा देने की मांग उठ रही है। परिजनों ने स्थानीय कोतवाली पुलिस को चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

पहले जांच फिर होंगा मुकदमा दर्ज- घटना के संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। जबकि शासनादेश के अनुसार पिडित की तहरीर पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करना है फिर जांच करना है तो क्या शासनादेश को जनपद में पुलिस कोरा कागज साबित करना चाहती है या दबंगों के प्रभाव में कार्रवाई नहीं करना चाहती है। यह एक विचारणीय प्रश्न है।

# कोटेदार की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के विशुनपुरा विकास खंड के पटेरा खुर्द गांव मे कोटेदार की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली करने व कुछ लोगो को राशन नही दिये जाने से का आरोप लगाते हुए सोमवार को विरोध प्रर्दशन कर जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोटेदार की मनमानी व घटतौली से अजीज पटेरा खुर्द गांव के ग्रामीणों ने गांव में ही प्रर्दशन कर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। प्रदर्शन में शामिल चौथी, इसराइल, इद्रीश, मराछी, उमेश, किशोर, नरेन्द्र, मनोज, दिनेश, अनिल आदि लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे गांव के कोटेदार की मनमानी चरम पर है, सभी कार्डधारकों से दो किलो से पांच किलो की घटतौली करता है। तौल के लिए किलो ग्राम नही रखा है वह



बाल्टी से तौलकर राशन बाटता है, गांव मे अधिकांश लोग ऐसे हैं जिनका कार्ड है लेकिन उन्हें राशन नही देता है, यदि कोई कार्ड धाराक अपना हक का राशन मांगता है तो उसे उचित राशन नही देता है विरोध करने पर अभ्रदता करता है कहता है की अधिकारी मेरा कुछ नही बिगाड़ पाएंगे, तुम लोगो को जहां जाना है वहां जाओ। सरकार से मिलने वाला अन्य समाग्री को भी कोटेदार नही देता है। प्रर्दशनकारियों ने जिला प्रशासन से मनमानी करने वाले कोटेदार के खिलाफकार्रवाई करने के साथ गरीबो को उनका हक दिलाने की मांग किया है।

# पूर्व सांसद ने हार के लिए पार्टी नेताओं के सर फोड़ा ठीकरा

**जन एक्सप्रेस । सलेमपुर, देवरिया**

सलेमपुर से दो बार भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे रविंद्र कुशवाहा को इस बार हार का सामना करना पड़ा इनकी हार महज 3500 वोटो से ही हुई रविंद्र कुशवाहा अपनी जीत पर अस्वस्थ थे ।लेकिन मतगणना के अंतिम दौर में रविंद्र कुशवाहा को मात खानी पड़ी और इनकी हार हो गई। रविंद्र कुशवाहा ने सलेमपुर में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया और अपनी चुनावी हार के लिए पार्टी के कई पदाधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। इन्होंने कहा कि मेरी हार के पीछे तीन विधानसभाओं बासडीह, सिकंदरपुर, बेल्थरा रोड रहे और बलिया से जिला अध्यक्ष संजय यादव ने शुरू से मेरे खिलाफ कार्य किया मुझे हराने में लगा रहा सभी मंडल अध्यक्षों को बराबर निर्देशित करता रहता था की भाजपा को वोट नहीं करना है रविंद्र कुशवाहा को हराना है।वही सलेमपुर में हमारी ही सरकार के राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने एक दिन भी सलेमपुर में प्रचार प्रसार नहीं किया और अपने लोगो का प्रयोग करके मुझे हर बूथों पर हराने का कार्य किया इस पूरे चुनाव में बलिया से भाजपा जिला अध्यक्ष संजय यादव की भूमिका पार्टी बीरोधी रही पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रविंद्र कुशवाहा ने ये भी कहा कि 5 वर्ष संजय यादव विधायक रहा और हमेशा से एक जाती विशेष को छोड़ कर अन्य सभी जातियों के खिलाफ कार्य किया।

# नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर बिक रहा गांजा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में चट्टी चौराहों पर बेरोकटोक बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गांजा बेचे जाने का कारोबार फल फूल रहा है। आबकारी व पुलिस विभाग की मौन स्वीकृति ने कारोबारियों के हौसले बुलंद किए हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार की सूचना पुलिस व आबकारी विभाग को देने के बाद भी इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पकड़ियार पिपरा, सूरजनगर, खैरवा, बगही, डिबनी, तेजवलिया, चंडी चौराहा, मोतीपुर, खजुरी, मेहदिया, खैरी, बभनौली, मठिया चौराहा, नेबुआ, बेलवा, सेखुई, गोमतीनगर, ढोलहा, बिहारी छपरा, कोटवा, क्रांती चौराहा, कौआसार, बलकुडिया सहित अन्य चट्टी चौराहों पर अवैध तरीके से गांजा बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। इस कारोबार से क्षेत्र के जवान व युवा बर्वाद हो रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण अपना नाम न छपने के शर्त पर बताया कि पुलिस के सह पर गांजा कारोबारी खुलेआम धंधा कर रहे हैं।हल्के की पुलिस तयशुदा रकम लेकर कारोबारियों को संरक्षण दे रही है संरक्षण के चलते आसानी से गांजा कारोबारियों के पास उपलब्ध हो जाता है। गांजा आसानी से कम उम्र के लड़कों को मिल जाता है जिसके चलते उन्हें गांजा का लत लग गया है। बताया जाता है कि कई जगहो पर तो गांजा का मिनी गोदाम बन चुका है कुछ गाजा विक्रेताओं के भांग का लाइसेंस भी कभी कभी लोगो से दिखा दिया जाता है। हिन्दू नेता डा.राम अधार राजभर व गोरखनाथ मिश्र का कहना है कि थाना क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर अवैध तरीके से गांजा बेचा जा रहा है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है, जिसकी जानकारी लोगो के माध्यम से मिल रही है सम्बंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत की जाएगी, कार्रवाई नही होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य से करेंगे।

# जिला उद्योग, व्यापार एवं श्रम बंधु की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिला उद्योग बन्धु श्रम बन्धु व्यापार बन्धु की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व सीडीओ गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में पूर्व की कार्यवाहियों के बारे में सभी को अवगत कराया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों व्यापारियों, श्रमिकों की समस्याओं व प्रमुख सुझाओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उनके त्वरित निराकरण हेतु बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागो के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश गया। राजकीय औद्योगिक आस्थान पडरौना के पार्क की भूमि के सौंदर्यीकरण का प्रकरण उद्यमी संगठन के अध्यक्ष के द्वारा उठाया गया जिस पर समिति में चर्चा के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उद्योग निदेशालय से वार्ता पर ज्ञात हुआ हैं कि उक्त कार्य कि स्वीकृति शीघ्र प्राप्त होने की संभावना हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा उद्योग विभाग द्वारा




संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडी ओपी योजना की प्रगति समीक्षा की गई।

उक्त योजनाओं में धीमी प्रगति पर अग्रणी जिला प्रबंधक एवं बैकर्स के साथ-साथ उपायुक्त उद्योग को त्वरित रूप से कार्यवाही किए जाने को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इन्वेस्टर समिट के निवेशको की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा ओडीओपी टूलकिट प्रशिक्षण योजना में अभ्यर्थियों को वितरित किए जाने वाले टूलकिट के टूल्स चरखा व धागा लपेटन के स्थान पर वर्तमान समय में उपयोगी रेशा बुनाई मशीन को शामिल किये जाने का प्रस्ताव ओडीओपी प्रमुख उद्यमी व उद्यमी संगठन के अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्य उठाया गया, जिस पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चरखा व धागा लपेटन की प्रांसगिकता व व्यवहार्यता न होने के कारण उद्यमियों की मांग पर नवीन रेशा बुनाई मशीन को शामिल किए जाने की स्वीकृति की गई।

बैठक में उद्यमियों, व्यापारियों के अतिरिक्त जिला प्रबन्धक उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, सहायक श्रमायुक्त विजय यादव, सहायक पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन, उपायुक्त व्यापार अधिकारी सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय उपस्थित रहें।

## किसान दिवस का आयोजन आज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उप कृषि निदेशक ने बताया है कि कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसार, कृषि निवेश तथा तकनीकी प्रबन्धन योजना अन्तर्गत संचालित कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं किसान दिवस का आयोजन आज दिनांक 19 जून को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया जाएगा। किसान दिवस मे कृषकों की समस्याओं का निराकरण क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन एवं नियोजन पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## मालगोदाम के समीप मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।** नगर स्थित गांधी चौक से कुछ दूरी पर माल गोदाम के समीप रविवार की देर एक अज्ञात युवक की शव मिला। शव को देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की काफी प्रयास किया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया।

# बिजली विभाग ने वसूला बकाया पांच लाख रूपया

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर, महराजगंज**

विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा कराने को लेकर फरेंदा शहर के विभिन्न वार्डों में टीम बनाकर मंगलवार को अभियान चलाया, वसूली अभियान में पांच लाख रुपए बकाया की वसूली की गई।भीषण गर्मी में जहां उपभोक्ताओं के पंखे, कूलर और एसी का उपयोग करने से बिजली का 10 गुना तक खपत बढ़ जाता हैं ऐसे में बिजली के अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए शहर के अलग-अलग वार्डों में टीम ने अभियान चलाया। फरेंदा अधिशासी अभियंता चंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि बिजली विभाग की टीम द्वारा चेकिंग में निर्धारित से अधिक लोड मिलने की स्थिति पर 28 एसी उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया, इसके अलावा 12 लोगों के घरेलू कनेक्शन को कमर्शियल में बदला गया। इस अभियान में कुल चार टीम



में लगाई गई थी जिसमें 212 उपभोक्ताओं के घर पर जाकर पांच लाख रुपए का बकाया वसूली किया गया और साथ ही साथ अन्य सभी उपभोक्ताओं से अपील किया गया है कि अपना-अपना बिल तत्काल जमा करें एवं राष्ट्रहित में बिजली बचाएं। इस दौरान उप खंड अधिकारी प्रथम राजीव नायक, उपखंड अधिकारी द्वितीय वीरेंद्र कुमार शुक्ला, छेदी प्रसाद, गोपाल सिंह, आरके गौतम, प्रेम नारायण मौर्य सहित उदयभान मिश्रा उपस्थित रहे।

# घटिया ईंट से छठ घाट का हों रहा निर्माण, जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर नौकरशाही को भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस निति अपनाने का फरमान जारी किया जाता है परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे विभागीय जिम्मेदारों द्वारा सरकार की जीरो टॉलरेंस निति खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है और सरकार का फरमान कोरा कागज साबित हो कर गया है। जिसका जीता जागता उदाहरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के जनपद महराजगंज का है। जहां भ्रष्टाचारियों के भ्रष्टाचार से छठ पूजा स्थल निर्माण कार्य भी अछूता नहीं रहा।

बताते चलें कि छठ व्रतियों के सुविधाओं को लेकर जहां केंद्र व राज्य सरकार छठ घाटों निर्माण पर



करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो वहीं जिम्मेदारों के देखरेख के अभाव में मनमाने ढंग से घटिया ईट का प्रयोग कर छठ घाट का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश व्यक्त हैं। बता दें कि जनपद के विकास खंड लक्ष्मीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा बैरवा बनकटवा के टोला माफिया पर छठ घाट के अकटहवा पोखरे पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्माण कार्य चल रहा हैं।

## नवविवाहिता की गला काट कर हत्या

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** पनियरा थानांतर्गत क्षेत्र के पुराना खुटहा कस्बे में एक नवविवाहिता की ग्राइंडर मशीन से गला काट कर हत्या कर दिया गया। सूचना पर मौके पर एसपी सीओ ने पहुंचकर जांच पड़ताल किया। घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा है और घटना स्थल पर पुलिस तैनात है। ग्रामीणों के अनुसार अमरजीत पासवान ने अपने पुत्र अजय की शादी एक साल पूर्व कोठीभार थाना क्षेत्र के गौरा दूबे निवासी विनोद पासवान की पुत्री पूनम के साथ की थी। पति पत्नी में आये दिन विवाद होता रहता था। चर्चा है कि अजय अपनी पत्नी को पसंद नहीं करता था और किसी दूसरी महिला के साथ उसके संबंध थे। वहीं मृतका के भाई संदीप ने बताया कि मंगलवार सुबह उसकी बहन की सास ने फोन कर बताया कि उसकी बहन की तबीयत खराब है और अंदर से दरवाजा बंद कर कमरे में है, दरवाजा नहीं खोल रही है।

# ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी का दांत साबित हो रही जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के विशुनपुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत खजुरिया मे बीते 8 वर्षो से जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत पानी टंकी का निर्माण का कार्य अधुरा पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी में इस शुद्ध पेयजल योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाया है। पानी टंकी इस क्षेत्र के लोगों के लिए सफेद हांथी का दांत साबित हो रहा है। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों द्वारा अनेको बार विभाग व जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने के बाद भी निर्माण कार्य अभी तक न तो पूरा नही हो पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार खजुरिया ग्राम सभा मे सन् 2014 मे इंसेफेलाइटिस व डायरिया के चपेट मे आने से डेढ दर्जन से अधिक मासूम काल के गाल मे समा चुके थे।शुद्ध पेयजल को लेकर हुई मारपीट मे दर्जनो लोग घायल हुए थे। उस दौरान अधिकारियों द्वारा गांव का निरीक्षण किया उस समय ग्रामीणों ने गांव में शुद्ध पेयजल के लिए पानी टंकी लगवाने की मांग जिला प्रशासन से किया गया था। जिस पर विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए पानी टंकी लगवाने का निर्णय लिया था। सन 2016 से ही लगभग दो करोड़ो रूपये की लागत से इस टंकी का निर्माण हो रहा है। 8 वर्षो होने जा रहे हैं फिर भी आज तक इस योजना का काम न तो पूरा हो सका और नाही चालू हो सका है। कुछ माह से इसका निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। यहां पर ट्यूबवेल के लिए बोर हो चुका है, ट्रांसफार्मर लग गया है लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं हो पाया है। साथ ही पानी की सप्लाई को पाइप भी बिछाई गई है जो सिर्फ शो पीस बना हुआ है, जबकि इस टंकी का निर्माण दो वर्ष पूर्व ही पूरा हो जाना



चाहिए था। गांव के लोग इसका निर्माण होते देख यह सोच रहे थे की जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। मगर अभी तक यह टंकी वैसे ही पड़ी हुई है। इस टंकी पर जल निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम प्रधान मारकंडेय गुप्ता का कहना है कि दो करोड की लागत से यह निर्माण हो रहा है, जो अभी भी अधूरा है,दो वर्ष पूर्व पुरा होना था लेकिन नही सका है, मेरे द्वारा विखजुरिया के ग्रामीणों में पंकज कुमार का कहना है कि गांव में जल जनित बीमारियों के कारण प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बीमार पड़ते हैं। जलनिगम के अधिकारी इसे लेकर मौन साधे हुए हैं। जिसके चलते एक बड़ी परियोजना विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ती दिख रही है।इस गांव मे जब निर्माण कार्य शूरू हुआ तो ग्रामीणों के बीच आस जगी की टंकी बन जाएगा तो लोगो को शुद्ध पेयजल नसीब होगा, लेकिन यह टंकी जिम्मेदारो की लपरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। गांव के सत्यप्रकाश मिश्र का कहना है कि 2014 मे गांव के अंदर इंसफलाईटिस सहित डायरिया के चपेट मे आने से एक दर्जन बच्चें काल के गाल मे चुके थे। ग्रामीणों की मांग पर टंकी निर्माण शूरू हुआ जो अभी तक अधूरा है, इसका जल्द से जल्द निर्माण हो जाना चाहिए। गोरखनाथ मिश्र ने बताया कि पानी टंकी का निर्माण जब कराया गया तो ग्रामीण खुश थे, लेकिन अभी तक निर्माण पूरा न होने से पेयजल को लेकर ग्रामीण उदास है। विभाग पूरी तरह लपरवाह बना हुआ है। दीपक शर्मा का कहना है कि करीब दो करोड़ की लागत से गांव में कार्यदायी संस्था ने परियोजना के निर्माण का कार्य तो शूरू कराया लेकिन धीमी गति से हो रहे कार्य अभी भी अधूरा है। भाग से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक से शिकायत किया जा चुका है लेकिन अब तक कार्य पूरा कराने के लिए कोई कार्रवाई नही की गई है। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि टंकी निर्माण कइसकी जांच कराया जाएगा की किस वजह से निर्माण अभी अधूरा इसकी जांच की जायेगी और दोषियों के विरुद्ध जांच के अधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर डीएम के आदेश पर हुई छापामार कार्यवाही

**अवैध क्लिनिक सील कर संचालकों पर दर्ज किया गया मुकदमा, जनपद में एक साथ सभी तहसीलों में चला अभियान 17 अवैध अस्पतालों को किया गया सील 8 को भेजी गई नोटिस**

**जन एक्सप्रेस**

**खबर का असर**


अवैध नर्सिंग होम संचालकों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई





जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

पिछले दिनों जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से झोलाछाप डॉक्टर की चलाई थी खबर, जिसका असर हुआ और जनपद में मंगलवार को जिला अधिकारी के निर्देश पर झोलाछाप डॉक्टर और अवैध क्लीनिकों पर छापामार कार्रवाई के तहत पूरे जनपद में 17 अवैध अस्पतालों को सील किया गया। वहीं 8 अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। मंगलवार को पूरे दिन अवैध अस्पताल संचालकों में जहां हड़कंप मचा रहा। वहीं जानकारी होते ही अधिकांश अस्पताल संचालक अपना अस्पताल बंद कर फरार हो गए। वहीं सम्मनपुर थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैध क्लीनिकों पर जिलाधिकारी के निर्देश पर चिकित्सकों की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से संचालित हो रहे चार क्लीनिकों को सील किया गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर दो क्लीनिक संचालकों को हिरासत में लिया गया है। सम्मनपुर क्षेत्र में गत माह अवैध रूप से संचालित हो रहे कई क्लीनिको की चिकित्सकों की टीम ने जांच की थी। जांच के दौरान सैदापुर में स्थित शिवम क्लीनिक चला रहे डॉक्टर गुल्ली कोई कागजात नहीं दिखा सके थे। यहीं पर बेसमेंट में नीचे प्रसव करा रही डॉक्टर कविता भी कोई कागजात नहीं दिखा सकी थी। जबकि उनके पास प्रसव से संबंधित सभी उपकरण उपलब्ध मिले थे। सिकंदरपुर में किस्मत टेंट हाउस के बगल में स्थित डॉक्टर इंद्रावती के नर्सिंग होम पर चिकित्सकों की टीम ने जांच की यहां पर संचालिका कोई कागजात नहीं दिखा सकी थी। उनके यहां लंबे समय से अवैध रूप से गर्भपात की शिकायतें मिल रही थी। चिकित्सकों की टीम ने तीनों संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया था। उसी के क्रम में मंगलवार को एसडीएम पवन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय वर्मा व सीएचसी अधीक्षक अकबरपुर डॉक्टर नूर अहमद की टीम ने अवैध रूप से संचालित हो रहे उक्त तीनों क्लिनिको की जांच करने पहुंची तो डॉक्टर इंद्रावती व डॉक्टर कविता क्लीनिक बंद कर फरार हो गई। चिकित्सकों की टीम ने उक्त तीनों क्लिनिको के साथ ही सिकंदरपुर में चल रहे शिफा क्लीनिक को भी सील कर दिया। पुलिस ने मौके पर मरीज देख रहे डॉक्टर शिवपूजन उर्फ गुल्ली व डॉक्टर सरफराज को हिरासत में ले लिया। सम्मनपुर थाना निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि डॉक्टर नूर अहमद की ओर से मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर मिली है वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉक्टर आशुतोष के दिशा निर्देशन में जनपद में विश्व तंबाकू दिवस 31 मई से तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ अंबेडकर नगर के द्वारा विकास खंड बसखारी के ग्रामसभा भूलेपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डॉ सर्वेश कुमार ने लोगो को तंबाकू सेवन से हो रही बीमारियों के बारे मे जानकारी दी बताया कि तंबाकू सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि नपुंसकता भी होती है। वहीं उन्होंने बताया कि तंबाकू और धूम्रपान के सेवन से देश में हर वर्ष लाखों लोगों की मौत होती है तंबाकू छोड़ने के उपाय के साथ भारत सरकार द्वारा जारी किए टोल फ्री नंबर 1800112356 के बारे में भी बताया कि इस पर काल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान में रचना सिंह, वंदना यादव, अशुतोष ने उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाई जिसमें मो. तारिक, शादिक, जयराम यादव, रमेश, रामसुंदर, इजहार आदि लोग शामिल रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर चलती कार बनी आग का गोला, ड्राइवर ने कूदकर बचाया अपनी जान

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

भीषण गर्मी का कहर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को देखने को मिला। यहां एक चलती कार आग का गोला बन गई। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाया। मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने राहत और बचाव कार्य किया है।

जानकारी के मुताबिक घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 152.2 की है। सोमवार को दोपहर बाद एक कार न्च् 32 श्र्र 0958 लखनऊ से बलिया की ओर जा रही थी। कार जब दोस्तपुर थानाक्षेत्र में किमी 152.2 पर पहुंची तो अचानक कार का इंजन गर्म हो गया। इससे हीट पाकर कार में शॉट सर्किट हुई और चलती कार आग का गोला बन गई।

कार से धुंआ उठने लगा तब कार ड्राइवर कर रहे व्यक्ति ने कूदकर जान बचाया। उसकी पहचान शांतनु कुमार सिंह (35) पुत्र खड़क बहादुर सिंह निवासी पकड़ी जिला बलिया के रूप में हुई है। वो बाल बाल बच गया है। वही आग की लपटों को देख वहां जमा लोगों में कोई कार के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। अंत में सूचना यूपीडा कर्मियों को दी गई। यूपीडा टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया। आग बुझाकर कार को क्रेन के जरिए टोल प्लाजा पर ले जाकर रूट खुलवा दिया है।




## अधिवक्ताओं की हड़ताल एवं जज के अवकाश पर रहने के कारण राहुल गांधी मामले में सुनवाई टली, कोर्ट ने 26 जून को सुनवाई की तिथि नियत की

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

मानहानि के मामले में जमानत पर चल रहे रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मंगलवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में पेशी थी। अधिवक्ताओं की हड़ताल एवं जज के अवकाश पर रहने के कारण आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सुल्तानपुर एमपी/एमएलए कोर्ट में मानहानि मामले को लेकर सुनवाई टल गई। कोर्ट ने 26 जून को सुनवाई की तिथि नियत की है।

दरअसल कर्नाटक चुनाव के दौरान साल 2018 में राहुल गांधी ने अमित शाह को लेकर विवादित बयान दिया था। राहुल की टिप्पणी से आहत होकर कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अगस्त 2018 में एमपी/एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया था। पांच साल तक तारीख़ पर तारीख़ पड़ती रही। अंत में दिसंबर 2023 में एमपी/एमएलए कोर्ट के तत्कालीन जज ने राहुल के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू की कार्रवाई की थी।



इसके बाद न्याय यात्रा लेकर 19 फरवरी 2024 को अमेठी पहुंचे राहुल गांधी 20 फरवरी को सुल्तानपुर पहुंचे और उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। तब से लगातार हर महीने में दो तारीखें पड़ रही हैं, जिसमें कोर्ट में बयान मुलजिम की कार्रवाई होना है लेकिन राहुल गांधी की ओर से उनके अधिवक्ता काशी शुक्ला हाजिरी माफी दे रहे हैं। मंगलवार को सुबह कोर्ट में राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि माननीय न्यायालय के अवकाश के चलते सुनवाई टल गई है अब इस मामले में 26 जून को सुनवाई होगी। वहीं वादी के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने बताया कि दरअसल आज अधिवक्ताओं की हड़ताल है एवं जज के अवकाश के चलते आज मानहानि मामले सुनवाई टल गई। अब इस मामले में कोर्ट ने 26 जून को सुनवाई की तिथि नियत की है।

इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने पक्षकार बनने का प्रार्थनापत्र बीती तारीख पर कोर्ट में दिया गया है। पक्षकार बनाने के प्रार्थनापत्र का निस्तारण विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत 26 जून को करेगी।

# पुश्तैनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकवाने की जिलाधिकारी से लगाईं गुहार

**पीड़ित को डरा धमका कर सुलहनामा पर जबरन करवा लिया हस्ताक्षर, अवैध निर्माण**

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

अकबरपुर थाना क्षेत्र के राम सहाय पुत्र राम अवतार निवासी कनक पट्टी रामापुर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपने पुश्तैनी जमीन पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रोकवाये जाने के लिए गुहार लगाई है। प्रार्थी राम सहाय द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र ने कहा गया कि मेरी पुस्तैनी जमीन मेंरे पूर्वजों से प्राप्त आबादी गाटा संख्या 155 में बना हुआ मेरा मकान था जिसे गिराकर उसी जगह पर अपना नया मकान बना रहा था परन्तु गांव के ही विजय बहादुर पुत्र गोवर्धन व राम पूजन पुत्र बाबूराम निवासी कदनापुर द्वारा गोलबन्द होकर प्रार्थी के मकान बनाने में अवैध हस्तक्षेप करने रहे थे जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था। मौके पर नायब तहसीलदार द्वारा विपक्षियों से कुछ ना पूछने के बजाय प्रार्थी से ही सवाल जवाब करने लगे



तो प्रार्थी ने कहा कि मै अपना मकान अपनी नीव पर बनवा रहा हूं तथा मेरी घरौनी भी है। जिसके बाद नायाब तहसीलदार ने प्रार्थी को धमकाते हुए कहा कि घरौनी की वैधानिक मान्यता नही है, आबादी की जमीन का समझौता करके बगल की जमीन उन्हे दे दो नही तो तुम्हारी पूरी जमीन सीज कर दूंगा उसके बाद प्रार्थी को डरा धमकाकर सुलहनामा पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाया गया तथा प्रार्थी राम सहाय की भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध निर्माण करके अवैध कब्जा किया जा रहा है। प्रार्थी नायाब तहसीलदार के इस व्यवहार से काफी डरा हुआ है। प्रार्थी के पास और कोई घर भी नही है जिसके कारण वह खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ऐसी दशा में प्रार्थी को अपनी जमीन पर मकान बनवाने एवं विपक्षी द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को रोकवाया जाना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है।

# करंट की चपेट में आकर संविदा लाइनमैन की मौत : ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय हुआ हादसा, जेई पर लापरवाही के आरोप पर शुरू हुई जांच

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

बिजली अधिकारियों की लापरवाही से एक संविदा कर्मी लाइन मैन की करंट में चपेट में आने से मौत हो गई। साथी लाइनमैन की मौत से संविदा कर्मियों में आक्रोश है। संविदा कर्मियों ने जेई पर आरोप मढ़ा है। हालांकि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। पूरा मामला जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के उघड़पुर उपकेंद्र का है। जहां संविदा कर्मी लाइनमैन सन्मुख विश्वकर्मा (50 वर्ष) रोज की तरह काम करने सोमवार को भी उपकेंद्र पर पहुंचा था। यहां से वो उघड़पुर फीडर पर ट्रांसफार्मर चढ़ा रहा था कि एकाएक हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आकर वो गिर गया। पास मौजूद साथी तत्काल उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया। जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर लाइनमैन की मौत की खबर मिलते ही साथी संविदा कर्मी आक्रोशित हो गए। साथियों ने आरोप लगाया कि जेई की लापरवाही से साथी की जान गई है। अगर उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती तो हम प्रदर्शन करेंगे। उधर मामले की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने अधिशासी अभियंता जयसिंहपुर को जांच कर तत्काल कार्यवाई का आदेश दिया है।

## परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, अधिकारियों के आश्वासन पर हुए राजी-किया अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय संविदा कर्मी लाइनमैन की करंट की चपेट में आने सोमवार को मौत हो गई। मंगलवार को शव घर आया तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार करते हुए शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जयसिंहपुर एसडीएम व गोसाईगंज थाने के एसएचओ ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया तब शव का अंतिम संस्कार किया गया। मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के जासापारा गांव का है।

गांव निवासी सन्मुख विश्वकर्मा (45) सोमवार को जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के उघड़पुर उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर चढ़ा रहे थे। उसी समय एकाएक करंट की चपेट में आने वो झुलस गया। आनन-फानन में साथियों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। साथी की मौत पर संविदा कर्मियों ने उपकेंद्र पर हंगामा काटा। सूत्रों की माने तो जेई की लापरवाही से जान जाने से क्षुब्ध संविदा कर्मियों ने जेई की पिटाई कर दी। उधर सन्मुख का शव पीएम में भेजा गया।



पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजन शव रखकर मांग करने लगे कि किसान बीमा के तहत साढ़े सात लाख दिलाया जाए। साथ ही पिता के स्थान पर पुत्र को नौकरी, जेई व अन्य आरोपी पर कार्रवाई और आवासीय पट्टा दिया जाए। एसडीएम जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी ने मांगों को मानते हुए परिवार को राजी किया तब कही जाकर शव का अंतिम संस्कार हो सका।

**Visit us at**
**www.janexpresslive.com/epaper**



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ0रे0—मण्डल—वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-JNH-FW-139-24-2 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-06-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-07-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-07-2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-BOY-FW-30-22-2 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-06-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-07-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-07-2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1825/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# जोनल पार्क से मेक्सिको तक पहुंचा योग

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ पोस्टर विमोचन**

जन एक्सप्रेस । आगरा

ताज नगरी फेस टू स्थित जोनल पार्क में योग को समर्पित संस्था समत्व फॉउंडेशन द्वारा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले योग महाशिविर का आज पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में मेक्सिको से आये उद्योगपति मि. एंटोनियो और मिसेज बटिस्टा ने वैदिक योग और योगा विथ जुम्बा नृत्य के बाद पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया। विदेशी मेहमानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की योग भारत की वैदिक परंपरा है।

भारत से ही योग सम्पूर्ण विश्व मे पंहुचा है। योग से स्वास्थ लाभ मिलता है। जोनल पार्क में आकर हमको बहुत अच्छा लगा है। हम योग का प्रचार प्रसार अपने देश में भी करेंगे। इससे पूर्व संस्था के संरक्षक रमन गुप्ता और योग साधिका कांता उपाध्याय ने विदेशी अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष लाल सिंह धाकरे ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्था द्वारा यह तृतीय महाशिविर आयोजित हो रहा है जोनल पॉर्क से योग मेक्सिको तक पँहुच रहा है हमें बहुत खुशी है कि हमारे प्रयास जनहित में आगे बढ़ रहे हैं। पोस्टर विमोचन के साथ ही प्रचार प्रसार को गति देने का काम किया जाएगा। अगले तीन दिनों में एक हजार नागरिको की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया द्वारा प्रचार प्रसार तेज कर दिया है और विद्यालयो से भी सम्पर्क किया जा रहा है।

संस्था के महासचिव कवि दिनेश अगरिया ने कहा कि 2014 से भारत में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्रधानमंत्री के मिशन घर घर पहंचे योग को हमारी संस्था आगे बढ़ा रही है। पिछले तीन वर्षों से हम योग द्वारा आमजनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र शर्मा और उमेश वर्मा ने कार्यक्रम की तैयारी के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 18,19 और 20 जून को हमारी टीम द्वारा विशेष अभियान चालाकर आस पास की 50 सासाईटी एवं कॉलोनी में प्रभात फेरी के माध्यम से घर घर हैंडबिल और पोस्टर वितरित कर आमंत्रित किया जा रहा है। प्रचार वाहन भी आज से क्षेत्र में भृमण करेंगे। प्रचार सामग्री सभी योग साधकों को वितरित कर दी गई है हर कॉलोनी एवं सासाईटी के गेट पर बैनर स्टिकर लगाये गये है। संस्था के तृतीय योग महाशिवर में अधिक से अधिक जनभागीदारी हेतु तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग जोनल पार्क में आज से प्रारम्भ कर दिया गया है जिसमें जुम्बा नृत्य विथ योगा के लिए फिजियो ट्रेनर संयोगिता यादव द्वारा अभ्यास प्रारम्भ हो गया है। संस्था योगसाधक राजीव ठाकुर सीताराम शर्मा, डॉ जयवीर सिंह सोनू गुप्ता, नारायण सिंह, एल के उपाध्यक्ष, एम पी सिंह, अनुराधा सिंह, कमलेश शुक्ला, साधना शर्मा, बीना सिंह आदि ने समस्त नागरिको से 21 जून को जोनल पार्क में आने की अपील की है।

## ईद मनाने आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**लखनऊ वाराणसी हाइवे पर हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंधुआकला के सरैया पूरे बिसेन ग्राम पंचायत पर बुलेट सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक परिवार के साथ ईद मनाने घर पर आ रहा था। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के तियरी मछरौली गांव निवासी मोहम्मद तौफीक (44) पुत्र मोहम्मद अब्दुल सगीर बुलेट से लखनऊ से सुल्तानपुर अपने पैतृक गांव के लिए आ रहे थे। वे बंधुआकला थानाक्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर सरैया पूरे बिसेन ग्राम पंचायत में अलीगंज बाजार के बगल तिवारी ढाबा के सामने पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिरे और उन्हें हेड इंजरी आ गई। आनन फनन में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर आई पुलिस जब तक उन्हें अस्पताल भेजती तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव पोस्टमार्टम में भेजा जहां से शव घर पहुंचा और पैतृक गांव में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। बताया जा रहा है कि परिवार वाले एक दिन पूर्व ही घर पर ईद मनाने आ गए थे। वही त्योहार के दिन मौत से कोहराम मचा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत मृतक की मां ने लगाया हत्या का आरोप

- मृतका की मां ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर
- पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा





जनपद के बरखेड़ा कस्बा क्षेत्र मे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गई। वही मृतक की माँ ने हत्या का आरोप लगाते हुए दो लोगो के खिलाफ दी नामजद तहरीर बरखेड़ा थाने में दी, हालांकि युवक की मौत की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली वैसे ही मौके पर थाना पुलिस ने पहुंच कर मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया हैं।

बताते चले कि पूरा मामला जनपद के कस्बा बरखेड़ा के ब्लॉक तिराहे का है जहां मंगलवार सुबह 28 वर्षीय युवक अंकित कश्यप की मौत हो जाने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की माँ मीरा कश्यप ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया है कि मेरे बेटे अंकित को थाना क्षेत्र के भोपतपुर निवासी मुकुल शर्मा कल 17 जून को फोन करके बरेली 11 बजे कार से ले गये थे। और उनके साथ कौन था इसका पता नही बाद में कल रात 12 बजे के बाद मेरे बेटे अंकित को गाड़ी में तड़पता छोड़कर कर भाग गये।

जब हम लोगो को पता चला तो हम लोग पीलीभीत के निजी अस्पताल मे लेकर गये जहाँ मौजूद चिकित्सक ने दिखते मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के पीछे पैसों के लेन देन की वजह मृतक की माँ ने बताई इससे पूर्व भी आरोपी विकास के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मृतक की तरफ से मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

मृतक अंकित के 3 एवं 5 वर्ष की दो पुत्री हैं तथा एक भाई सुधांशु कनाडा में पढ़ाई कर रहा है। थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में आरोपी मुकुल शर्मा व विकास सक्सेना के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई हैं। इधर थाना पुलिस ने मौके पर पहुचकर फॉरेन्सिक टीम को बुलाकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये मुख्यालय भेज दिया हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया हैं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# रिठौरा में टोल प्लाजा के पास हुआ सड़क हादसा, पत्रकार की पत्नी की मौत

- हादसे की सूचना पर रवि अग्रवाल के परिवार में मचा कोहराम
- थाना हाफिजगंज पुलिस ने दर्ज किया बस चालक पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




जिले के वरिष्ठ पत्रकार व किराना मंडी के थोक स्टेशनरी विक्रेता/ बल्लभनगर कॉलोनी निवासी रवि अग्रवाल की पत्नी की बरेली जाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई।

रिठौरा के पास टोल प्लाजा पर सड़क पार करते समय अनियंत्रित गति से आ रही रूहेलखंड डिपो की रोडवेज बस ने उनको टक्कर मार दी। चालक बस लेकर मौके से भाग गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 9:00 बजे मुक्तिधाम पर होगा।

बल्लभनगर कॉलोनी निवासी रवि अग्रवाल सोमवार की सुबह अपनी पत्नी पूनम अग्रवाल(62), विवाहित बेटी छवि व धेवते चीकू के साथ कार से बरेली जा रहे थे। पूर्वाहन 11:15 बजे कस्बा रिठौरा में टोल प्लाजा के पास करीब 400 मीटर पहले जब कार रुकी, तो पत्नी किसी काम से कार से उतरी। वह सड़क को क्रॉस करने को आगे बढ़ी ही थीं। इस बीच अनियंत्रित गति से आ रही रुहेलखंड डिपो की रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। चालक मौके पर से बस लेकर तेजी से भाग निकला। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फ़ानन में पूनम अग्रवाल को बरेली जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन तब तक उनका निधन हो चुका था। हादसे की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। बरेली से तमाम नाते रिश्तेदार घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। टोल प्लाजा से दुर्घटना करके भागी रोडवेज बस का नंबर लेकर थाना हाफिजगंज में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बरेली में ही उनके शव का अंतिम परीक्षण किया गया। मृतका के एक विवाहित पुत्री और एक विवाहित पुत्र अर्पित अग्रवाल है,जो अमेरिका में है। अर्पित अग्रवाल भी अस्वस्थ चल रहे हैं। कुछ दिन पहले ही उनका अमेरिका में ऑपरेशन हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार रवि अग्रवाल भी अस्वस्थ हैं। निधन की सूचना पीलीभीत आते ही शोक व्याप्त हो गया। परिवारजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार मंगलवार 18 जून को प्रातः 9 बजे मुक्तिधाम पीलीभीत पर होगा।

उनके निधन पर मुक्तिधाम समिति के मंत्री दिलीप अग्रवाल गुड्डू, जिला पंचायत के वित्तीय परामर्शदाता सुधीर कुमार जिंदल, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष निर्मल कांत शुक्ल, संरक्षक विश्वमित्र टंडन, डॉ.महेश चंद्र अग्रवाल, प्रदीप नवरंग, मनोज गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# कोयला डिपो हटवाने को पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर



रेलवे स्टेशन के पास संचालित कोयला डिपो को हटवाने के लिए मुहिम एक बार फिर तेज हो गई है। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से भेंट कर ज्ञापन देकर कोयला डिपो हटवाने की मांग की है। जबकि नागरिकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या का निस्तारण करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को दिए गए ज्ञापन में भाजपा नेता एवं पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने कहा है। कि रेलवे स्टेशन के पास कोयला डिपो संचालित है। मालगाड़ियों से आने वाले कोयले का उतार करा कर कोयला स्टोर करने के बाद डंपरों के द्वारा फैक्ट्री को आपूर्ति किया जा रहा है। हवा के साथ उड़ने वाली कोयले की जहरीली राख आसपास रहने वाले लोगों के लिए भारी मुसीबत बनी हुई है। प्रदूषित वातावरण में रहकर लोग बीमार हो रहे हैं। बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कॉलोनीवासी काफी परेशान है। समस्या को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर चुके हैं। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बीसलपुर रेलवे स्टेशन के पास से कोयला डिपो हटवाकर किसी दूसरी स्टेशन के पास स्थानांतरित कराने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पालिका सभासद पति सतेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों ने उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह को ज्ञापन देकर कोयला डिपो के संचालित होने से फैल रहे प्रदूषण की शिकायत करते हुए कोयला डिपो हटाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों मे तेजबहादुर गौतम, महेश चंद्र शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, अनुज शुक्ला, अनूप कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार सहित एक दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने इस मामले की शिकायत मंडलायुक्त बरेली से की है।

## कार डिवाइडर से टकराने से पालिका के कर्मचारी की मौत

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर । मिर्जापुर के पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारी आयुष जायसवाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसके साथ मौजूद दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग लखनऊ से लौट रहे थे। इसी दौरान डिवाइडर से कार टकराने से हादसा हुआ। लखनऊ से वापस लौटते समय सोमवार की रात कार सवार पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारी सहायक जेई पद पर तैनात आयुष जायसवाल की असामयिक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार डिवाइडर से टकरा जाने के कारण पलट गई, जिसमें मौके पर ही आयुष की मौत हो गई और उनके साथ सवार दो लोग की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने पुलिस से लगाई गुहार, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगमियां निवासी रुबी पत्नी नरेशपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका पति शराबी व जुआरी होने के कारण आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करते हैं और विरोध करने पर मारपीट करते हैं। जिसकी सूचना पहले भी पुलिस को दी गई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने बताया कि दिनांक 16 जून को रात में उसका पति शराब पीकर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट की। शोरगुल सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पीड़ित महिला रुबी पत्नी नरेशपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नरेशपाल निवासी नौगमियां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर उसके पति नरेशपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बदलापुर नगर में वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन के लिए लगा कैंप

- प्रत्येक वार्डों में होगा रजिस्ट्रेशन श्रीमती: सीमा सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




बदलापुर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के द्वारा सोमवार को वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन के पंजीकरण के लिए भलुआही वार्ड नं 8 प्रथामिक विद्यालय पर कैंप लगाया गया।

अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के मांग पर नगर पंचायत में प्रत्येक वार्डों में प्रतिदिन कर्मचारियों द्वारा कैंप लगाकर वृद्धा विधवा एवं विकलांग के लिए आवेदन निशुल्क किया जायेगा। फार्म पूरा होने पर समाज कल्याण विभाग में जमाकर जल्द से जल्द लोगों को सुविधाएं मिलने लगे। यही हमारी प्रथामिकता एवं नैतिक जिम्मेदारी है।

नगर पंचायत के लोगों के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छूड़ेगी। लोगों के सुविधा प्रदान कराते हुए तीव्र गति से आवेदन कराने के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया। वही चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह सोमवार को उक्त विद्यालय पर फीता काटकर इस आयोजन का शुभारंभ किया।

उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 500 रुपये प्रति माह मिलने वाली पेंशन राशि को उत्तर प्रदेश सरकार ने दो गुना कर दिया है। पेंशन राशि में बढ़ोतरी के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि वृद्धा, विधवा व दिव्यांग तीनों पेंशन के लिए आधार कार्ड, पास बुक व आय प्रमाण पत्र की छाया प्रति तथा विधवा पेंशन के लिए पति का मृत्यु प्रमाण पत्र व दिव्यांग पेंशन के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी आवश्यक है।

इस अवसर पर सभासद पति मोहित सिंह, पीयूष मिश्रा, मोहरा देबी, रामा सिंह, अंकुर शुक्ल, सुनील तिवारी, सोनू, राम सिंह यादव, गणेश आदि लोग उपस्थित थे।

# जौनपुर के युवक की अफ्रीका में मौत के सातवें दिन विदेश मंत्रालय के प्रयास से शव घर पहुंचा





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सिरकोनी ब्लाक क्षेत्र के कबूलपुर बाजार निवासी प्रेमचंद्र मोदनवाल का दूसरा लड़का प्रिंस मोदनवाल उम्र 25 वर्ष अपने रोजी रोटी के चक्कर में पश्चिम अफ्रीका में स्थित बेनिन देश में एक कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर काम करता था।

जिसकी 13 जून को अचानक तबियत ख़राब होने के बाद इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहा पर इलाज के दो घंटे के भीतर उसकी वहीं मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया था।

## गर्मी की दंश को नही झेल पाया प्रिंस

बेनिन में भी गर्मी का प्रकोप ज्यादा लोगों को आशंका है कि उसकी मौत गर्मी की वजह से हुई है। जितने भी लोग इस दु:ख की घड़ी में शामिल थे सबकी जुबान पर एक ही बात ज्यादातर आ रही थी। उसकी मौत का कारण गर्मी है।बाजार के किसी व्यक्ति ने कहा कि बेनिन में मजदूरो को धुप में ही काम करना पड़ता है। प्रिंस की मौत धुप के कारण ही हुई है। फ़िलहाल रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## रामलीला समिति ने किया शोकसभा

श्री दया नारायण लीला समिति के अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता एक शोकसभा का आयोजन हुआ। दो मिनट का सभी ने मौन रखकर मृतक को श्रधांजली दी।जिसमें योगेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज हम सभी ने एक अच्छे कलाकार को खो दिया। जिसकी कमी हमेशा समिति को खलती रहेगी। महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा प्रिंस एक अच्छा कलाकार के साथ साथ बहुत मेहनती था। कृपा शंकर यादव ने कहा ने प्रिंस एक मिलनसार लड़का था, समिति उसकी कमी को हमेशा याद करेगी। इस मौके पर सुरेन्द्र यादव, पिंटू श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव,संजय यादव, राम आसरे मिश्र, मिताई जायसवाल, अखिलेश सिंह, रिंकू मौर्या, रोमी श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

## शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

मृतक प्रिंस मोदनवाल 12 अप्रैल को अपने घर से बेनिन जाने के लिए घर से निकला और ठीक दो महीनों के बाद 12 जून को उसकी मौत हो गयी। मौत होने के बाद बेनिन से उसका शव लाने में 7 दिन लग गया। पहले उसका शव बेनिन से कोटोंनौ हवाई अड्डा लाया गया वहा से दिल्ली हवाई अड्डा फिर दिल्ली से बाबतपुर हवाई अड्डा पर शव को उतारा गया। बाबतपुर से एम्बुलेंस के जरिये उसके घर उसका शव पहुंचा।

## विदेश में सुपर वाइजर पद पर था तैनात

प्रिंस बेनिन में इटीएच इंडिया कंपनी में सुपरवाईजर के पद पर तैनात होकर अपनी नौकरी करता था। मौत होने के बाद शव को लाने के लिए विदेश मंत्रालय से वार्ता के बाद 17 जून की रात में उसका शव अपने घर आया।

## नवम्बर में थी शादी, बेनिन जाने से हिचकिचा रहा था प्रिंस

प्रिंस के पिता प्रेमचंद्र मोदनवाल ने कहा कि प्रिंस की नवम्बर महीने में उसकी शादी थी।लडकी देख कर गोदभराई की रस्म पूरी हो चुकी थी।लेकिन उससे पहले ही उसकी मृत्यु हो गयी। प्रिंस एक बार जब बेनिन से वापस अपने घर आया था।तो दोबारा जाने के लिए एक बार उसके मन में हिचकिचाहट थी।लेकिन उसके मन में फिर पता नही क्या हुआ वो चला गया।

## रामलीला समिति में हनुमान, अंगद की निभाता था भूमिका

श्री दया नारायण लीला समिति कबूलपुर में रामलीला के दौरान हनुमान, अंगद के किरदार को निभाता था बाजार के लोग साथ साथ क्षेत्र में उसकी पहचान हनुमान व अंगद के रूप में होने लगी थी।प्रिंस बेनिन जाने से पहले अपने बाजार में चायनीज की दुकान को चला कर परिवार की मदद करता था।

## शव घर पहुंचते परिवार सहित बाजारवासियों की आँखों में आये आंसू

प्रिंस का शव जैसे ही सोमवार की देर रात को घर पहुंचा वैसे ही परिवार में कोहराम मच गया।रोने की आवाज सुन कर बाजार के लोग एकत्रित हो गये। बाजारवासियों की आँखों में आंसू आ पड़ें। सबकी जुबान पर सिर्फ एक ही बात थी। आज बाजार से एक और अच्छा लड़का इस दुनिया से चला गया।

# घर लौटते समय बीच रास्ते अधेड़ की मौत, सनसनी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जंगीपुर खुर्द गांव गडैला मार्ग से मंगलवार दोपहर घर जाते समय एक 55 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के उड़ली गांव के निवासी उमाशंकर गौतम 55 वर्ष जौनपुर में रहकर रिक्शा चलाने का काम करता था। रोज की तरह सोमवार को भी वह घर से रिक्शा चलाने के लिए निकला हुआ था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को उमाशंकर रात के पहर में ड्यूटी करने के लिए घर से निकला हुआ था मंगलवार सुबह जब वह साईकिल से घर के लिए वापस जा रहा था। गड़ैला मार्ग होते हुए जब वह जंगीपुर खुर्द गांव के स्वामी पहुंचा तभी वह अचानक सड़क के बीचो-बीच गिर पड़ा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई आसपास के लोगों ने देखा कि एक वृद्ध सड़क पर छटपटा रहा है जब तक लोग पहुंच कर उसकी मदद करते तब तक उसका प्राण निकल चुका था। थोड़ी देर बाद देखते ही देखते काफी संख्या में भीड एकत्रित हो गई और लोगों ने इसकी सूचना सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया और लोगों से पूछताछ करने के बाद शव की शिनाख्त उमाशंकर गौतम निवासी उडली के रूप में हुई। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनो द्वारा कोई भी तहरी प्राप्त नहीं हुई है।उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों ने बताया कि उमाशंकर की दो बेटियां थी दोनों की शादी कुछ दिन पहले ही उमाशंकर ने कर दी थी। घर में उमाशंकर ही कमाई करने वाला था उमाशंकर की कमाई से ही घर का लालन-पालन हो रहा था।

# श्री बालाजी मंदिर पर निर्जला एकादशी एवं बड़े मंगल के उपलक्ष्य में मीठे ठंडे शर्वत का हुआ वितरण

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार




**पीलीभीत।** ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले प्रत्येक मंगल बड़ा मंगल कहलाता हैं। इस माह के बड़े मंगल पर जहां विधि विधान से बजरंगबली की पूजा अर्चना करने से साधक को प्रत्येक कष्ट और बाधा से मुक्ति मिलती हैं। एवं जनपद भर के मंदिरों में सुंदरकांड हनुमान चालीसा बजरंग बाण का पाठ भी किया जाता हैं।

इसी क्रम में ज्येष्ठ माह के आज चौथे बड़े मंगल एवं निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के दरबार कर्ता एवं सभासद महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में बॉबी चौधरी, मनीष अग्रवाल, अंशु, रवि रत्नाकर, जानू शर्मा, अभी मौर्य, सौरभ सिंह के सहयोग से मीठे एवं ठंडे शर्वत का प्याऊ लगाया गया।

इस बीच निर्जला एकादशी एवं बड़े मंगल के उपलक्ष्य में श्री बालाजी से ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में आए सभी श्रद्धालुओं ने मीठे शर्वत का आनंद लिया तो वहीं सैकड़ो कॉलोनी वासियों ने भी मीठे शर्वत का लुफ्त उठाया।

यह कार्यक्रम सुबह 11:00 से शाम 4:00 तक चला रहा इस बीच मुख्य अतिथि महंत सेवक विशाल ने अपने हाथों से सभी को शरबत बाटकर शर्वत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं मनीष अग्रवाल तथा बॉबी चौधरी, जानू, हर्ष तिवारी, पत्रकार सौरभ सिंह, मोहक के सहयोग से शाम 4:00 बजे तक कार्यक्रम चलता रहा। सभासद महंत सेवक विशाल ने बताया कि मीठे शर्वत का कार्यक्रम भीषण गर्मी में जनता की सेवा करना प्रभु सेवा के समान हैं। वही दरबार कार्यकर्ता बॉबी चौधरी ने सभी को शर्वत का वितरण करते हुए कहा आपको अगर प्यास लगी हो और कोई आपको मीठा पानी पिलाया तो निश्चित थी आपसे उसके लिए कुछ अच्छा मन से निकलेगा। बताते चले कि प्रत्येक मंगलवार को जहां ईदगाह कॉलोनी में सभासद एवं महंत विशाल सेवक द्वारा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार लगाकर भजन कीर्तन समारोह आयोजित किया जाता हैं। तो वही आज ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल के उपलक्ष्य में सैकड़ो हनुमान भक्तों की भीड़ मौजूद रहीं। मंदिर पर आज भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने भजन अमृत वर्षा के बीच झूमते हुए दोनों हाथों को उठाकर जय बजरंगबली जय हनुमान जय श्री राम जय जय श्री राम के गगन भेदी जागरे लगाये एवं महंत सेवक विशाल के द्वारा आयोजित भजनों का आनंद लिया अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।।

# फर्जी मुकदमें में फंसाए जाने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

- आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील में की नारेबाजी
- एस डी एम एवं सी ओ को सौंपा ज्ञापन
- न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मछलीशहर तहसील अधिवक्ता मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के आशापुर गांव निवासी अखिलेश गौतम पुत्र प्रेम चंद्र के विरुद्ध मुंगरा बादशाहपुर थाने दुराचार का मुकदमा दर्ज किए जाने की सूचना पाकर साथी अधिवक्ता आक्रोशित हो गए।अधिवक्ताओं ने तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया व क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर वार्ता किया।अधिकारियों ने मामले का निष्पक्ष परीक्षण कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे।

अधिवक्ताओं का आरोप था कि आशापुर गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे के प्रकरण में अधिवक्ता अखिलेश गौतम द्वारा तहसील में पैरवी करने से आक्रोशित विपक्षी ने अधिवक्ता के विरुद्ध झूठा आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उनके आदेश पर भा.दं. संहिता की धारा 376डी ,323,504,506 के अंतर्गत फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराया है। जबकि अधिवक्ता निर्दोष है। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि अधिवक्ता के ऊपर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर अधिवक्ता को बरी किया जाय।इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र सिन्हा, रघुनाथ प्रसाद, प्रेम बिहारी यादव, आर पी सिंह, इंदू प्रकाश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, कुंवर भारत सिंह, विनय पांडेय, सतिराम यादव,जय शंकर यादव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एक ही चिता पर देवरानी जेठानी का हुआ अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन। पिलकिछा श्मशान घाट पर सोमवार की शाम एक ही चिता पर एक साथ दो शव? जलता देख लोगों में कौतूहल का विषय बना रहा। घाट पर शव? दाह को? आये अन्य लोग एक दूसरे से जानकारी लेते रहे कि आखिर दोनों शव? साथ ही क्यों जल रहे हैं। दोनों शव पिलकिछा गांव के ही रामापुर मजरा निवासी सगी जेठानी और देवरानी का था। दोनों के बीच अटूट प्रेम मरने तक बना रहा।

# 69.11 लाख से बना पशु अस्पताल
# हैंडओवर से पहले आईं दरारें

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

पालकों को पशुओं के इलाज के लिए दूरदराज के अस्पतालों में ले जाने के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए गुरसहायगंज में 69.11 लाख रुपये की लागत से राजकीय पशु अस्पताल निर्माण कराया गया, लेकिन अस्पताल का भवन में हैंडओवर से पहले ही दरारें आ गईं हैं। इससे साफ जाहिर है कि भवन निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया गया है। वहीं दूसरी ओर कार्यदायी संस्था की ओर से भवन को हैंडओवर करने के लिए विभाग पर दबाव बनाया जा रहा है। गुरसहायगंज के मोहल्ला गांधी नगर में राजकीय पशु अस्पताल निर्माण को




अनुमति मिली। पशुपालन विभाग की ओर से यूपीसीएलडीएफ कार्यदायी सस्था को निर्माण के लिए नामित किया गया। पशु अस्पताल के लिए 69.11 लाख रुपये बजट पास हुआ। इसके बाद 40.17 लाख रुपये अवमुक्त कर दिए गए। इसमें अस्पताल भवन, इंडोर वार्ड, केटर क्रस, शौचालय, हैंडपंप, बाउंड्रीवॉल आदि का निर्माण कराया जाना था। 14 दिसंबर 2022 को निर्माण कार्य शुरू हो गया और मार्च 2023 तक पूर्ण होना था। जून 2024 में अस्पताल बनकर तैयार हो गया, लेकिन हैंडओवर होने से पहले ही अस्पताल के लिंटर के नीचे दरारें आ गई हैं। दरवाजे और खिड़की के ऊपर बने छज्जे भी टूटने लगे हैं। इससे साफ जाहिर है कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है, जिस कारण हैंडओवर से पहले ही भवन में दरारें आ गई हैं। ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. विकराल सिंह ने निर्माणाधीन अस्पताल की हकीकत देखी तो वह दंग रह गए। निर्माण कार्य तो पूरा नहीं ही था। इसके अलावा घटिया सामग्री से निर्माण के चलते भवन में दरारें नजर आईं। इस पर कार्यदायी संस्था के जेई को सुधार करने और अधूरे कार्य को पूरा कराने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं रखा गया। कार्यदायी संस्था हैंडओवर का दबाव बना रही है।

### शौचालय टैंक पर डाल दिए गए दो पत्थर

पशु अस्पताल में शौचालय और उसका टैंक बनाया गया। टैंक को भी सही से बंद नहीं किया गया और उसके ऊपर दो पत्थर डाल दिए गए हैं। इसके अलावा अभी तक अस्पताल की बाउंड्रीवॉल भी नहीं बनाई गई है।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र में मांगी गई अमन चैन की दुआएं खुदा के सजदे में झुके हजारों सर

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र ईदगाह और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई वहीं पर हजारों की संख्या मे लोग इकट्ठा हुए पुलिस प्रशासन भी चप्पे चप्पे पर खड़ा रहा वहीं पर बिलोरी एसडीएम रश्मि लंबा एसीपी अजय कुमार द्विवेदी पल पल की खबरें उच्च अधिकारियों को देते रहे बिल्हौर कोतवाल केशव तिवारी ने कस्बे में पैदल हर गली की बारीकी से नजर रखी है जिस पर कहीं पर भी किसी तरह की कोई गैर कानूनी तरीके से कुर्बानी देता नजर ना आए। उत्तरीपुरा कस्बा काजी राशीद खां ने भी लोगों से अपील की थी कि वह सड़क पर नमाज बिल्कुल न पढ़े। वहीं कुर्बानी को खुले में न करें और कुर्बानी के बाद अवशेषों को ढक कर फेंके। जिसके बाद सभी ने उतरीं पूरा नूरी मस्जिद के अंदर आकर ही नमाज पढ़ी और कड़ी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा हुई। सुबह 7 बजे से शुरू हो गई नमाज धौरसलार स्थित मस्जिद में सुबह 7 बजे बकरीद की नमाज अदा की गई। वहीं बिल्हौर ईदगाह में 7-15 बजे और इसके बाद सुबह 8 बजे दो शिफ्ट में बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके साथ ही बिल्हौर तहसील की विभिन्न प्रमुख मस्जिदों और कस्बों की छोटी बड़ी मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा के बीच ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। उत्तरी पूरा नूरी मस्जिद में पुलिस के पुख्ता प्रबंध किए गए जिस मौके पर उतरीं पूरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह यूटी उपनिरीक्षक देव सिंह यूटी उपनिरीक्षक संजय सिंह यूटी उपनिरीक्षक सोनू गुप्ता बिजेंद्र दीवान राजेंद्र सिंह फौजी उर्फ पहलवान पुलिस टीम के साथ नवाज़ के समय मौजूद रहे।

## बिजली के खंभे से टकराई डीसीएम, करंट से चालक कुछ देर तड़पा, बाद में चली गई जान



जन एक्सप्रेस । औरैया

औरैया जिले में कस्बा के फफूंद रोड पर बझेरा गांव समीप मंगलवार शाम एक डीसीएम इस तरह अनियंत्रित हुई कि सड़क के दूसरी छोर पर जाकर एचटी लाइन के बिजली के खंभे से टकरा गई। तार टूटकर डीसीएम पर गिर गए। डीसीएम में उतरे करंट से झुलसकर चालक ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। कानपुर देहात जनपद के घाटमपुर अकबरपुर बीरबल कच्चर निवासी जगन्नाथ (46) मंगलवार शाम खाली डीसीएम लेकर औरैया से बिधूना की ओर जा रहा था। बझेरा गांव समीप योगीराज महाविद्यालय के पास एकाएक डीसीएम अनियंत्रित हो गई। सड़क के दूसरे छोर पर बिजली पोल से टकरा गई। हादसे में बिजली पोल टूट गया और भी तार टूटकर डीसीएम पर गिर गए। इसी बीच डीसीएम चालक जगन्नाथ ने करंट से झुलसने के दौरान वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया। डीसीएम से उतरने के बाद वह सड़क पर गिर गया। कुछ देर तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गई। अछल्दा थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि डीसीएम चालक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## सेवा मंदिर संकट मोचन मंदिर सहित पूरा कस्बा में भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सेवा मंदिर जीटी रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को स्थानीय पूर्व पूरा प्रधान बीके तिवारी सचिन किराना स्टोर एवं युवाओं की ओर से शिविर लगाकर लोगों के बीच चना व शरबत का वितरण किया गया। इसका नेतृत्व समाजसेवी सुरेन्द्र पाण्डेय, मंयक तिवारी, गोपाल अग्निहोत्री, अटल बिहारी वाजपेयी ने किया इस शिविर का लाभ हजारों राहगीरों ने उठाया। गर्मी के मद्देनजर मसाला चना, शरबत के साथ ठंडे पानी की भी व्यवस्था की गई थी। इस पुनहित कार्य का लाभ राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी उठाया। वही जीटी रोड स्थित ऋषभ वर्मा एवं पारस वर्मा के द्वारा भी शर्बत का वितरण किया गया शर्बत व ठंडा पानी पीकर प्रचंड गर्मी से राहगीरों ने राहत की सांस ली । अलग-अलग जगहों पर शिविर लगाकर चना-शरबत का वितरण किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से युवा समाजसेवी अरविंद आटोमोबाइल ने भी शर्बत वितरण कर गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाई।



## भाजपाइयों ने की अरौल को ब्लॉक बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील बचाओ संघर्ष समिति ठंडे बस्ते में चली गई लेकिन अब भाजपा पदाधिकारी ने अरौल को नया ब्लाक बनाने की अब मांग बढ़ गई है कहते हैं कि अरौल बिल्हौर तहसील का वह थाना क्षेत्र का हिस्सा है जहां की धरती पर रहकर कई युवाओं एवं महिलाओं ने राजनीति में क़दम रखकर विधानसभा से लेकर जिलापंचायत की राजनीति का उदय हुआ लेकिन कभी किसी ने अरौल क्षेत्र के विकास की ओर नहीं सोचा लेकिन आज अरौल ब्लाक संघर्ष समिति के पदाधिकारी नन्दलाल पाल महामंत्री आनन्द करन, सचिन गुप्ता उपाध्यक्ष विपिन कटियार, राजेश पाल, महमूद अली अध्यक्ष व बरंडा जिला पंचायत सदस्य, अशोक कटियार, विनोद कटियार, संजय कटियार, रामप्रकाश पाल आदि समाजसेवीओ ने उपजिलाधिकारी रशिम लांबा से मिलकर अरौल को ब्लाक बनाने का राज्यपाल संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा व एक एक प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत,पंचायत राज्यमंत्री, विधायक राहुल बच्चा सोनकर सहित कानपुर जिलाअधिकारी कानपुर नगर को प्रतिलिपि भेजी वही अरौल ब्लाक संघर्ष समिति के अध्यक्ष रुपेश कटियार ने कहा की अब ये जनहित का कार्य नहीं रुकेगा हमारे अरौल थाना क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जहां से बिल्हौर ब्लाक की दूरी काफी है और समय भी लगता है ऐसी प्रचंड भयंकर गर्मी में लोगों का बिल्हौर ब्लॉक पहुंचने तक दम घुटने लगता है जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

## नगला मकुंद और नगला जंगी की टीमों ने जीते मैच

**मैनपुरी।** करहल के नगला कूंड़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को दो मुकाबले हुए। पहल मुकाबले मं नगला मकुंद ने नगला कूंड को 33 रनों से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में नगला जंगी ने एमनपुर को 18 रनों से हराकर अगले चरण में जगह बनाई। नगला मकुंद के अंकित और नगला जंगी के प्रिंस को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहला मैच नगला मकुंद और नगला कूंड़ के बीच खेला गया। नगला मकुंद ने पहले खलते हुए 163 रन बनाए। टीम ने सलामी बल्लेबाज आंनद के 55 रन और अंकित के 48 रनों की तूफानी पारी की मदद से बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगला कूंड़ की टीम 130 रनों पर ही सिमट गई। नगला कूंड़ की तरफ से सीटू ने 48 रन की पारी खोली। नगला मकुंद ने यह मैचु 33 रनों से जीत लिया। ऑल राउंडर अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच नगला जंगी और एमनपुर के बीच खेला गया। नगला जंगी ने पहले खेलते हुए 118 रन बनाए। टीम कीत रफ से प्रिंस ने 47 रन की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमनपुर की टीम 100 रन ही बना सकी। एमनपुर ने यह मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। टीम की तरफ से ऋषि ने 20 रन बनाए।

## बहराइच में भागवत कथा के दौरान हुआ डॉ. कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री पर हमला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

श्री मद भगवद् फ़ाउण्डेशन द्वारा आयोजित संगीतमय श्री मद भागवत कथा के दौरान कथा वाचक डॉ.कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज पर एक समुदाय के कुछ लोगो ने हमला कर दिया परन्तु महाराज जी बाल बाल बच गए बता दें महाराज जी की अंतर्राष्ट्रीय ओजस्वी कथावाचक है जो हिन्दुत्व की बात निडर होकर करते है इस समय महाराज जी की कथा हमजपुरा बहराइच में चल रही है जो की मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है कथा उपरांत महाराज जी अपने शिष्य परिकर मण्डली के साथ रोज़ टहलने के लिए




निकलते थे इसी का लाभ उठाते हुए कुछ लोगो ने अचानक हमजपूरा से गुल्लावीर मन्दिर रोड पर हमला किया परन्तु महाराज जी के शिष्य परिकर की सक्रियता ने महाराज जी को वहाँ से सकुशल सुरक्षित लाने में सफल रहे इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी पर दिया गया अभी महाराज जी सुरक्षित है और कथा चल रही है आज कथा का विश्राम दिवस है।

## युवाओं के लिए संगम पोर्टल होगा रोजगार में मददगार

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सेवायोजन विभाग से रोजगार संगम पोर्टल पर युवाओं को जोड़ा जाएगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार की राह आसान होगी। संगम पोर्टल पर आवेदन करके युवा आसानी से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए युवाओं को इस पोर्टल पर आवेदन करना होगा। सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार संगम पोर्टल को लांच किया गया है, इससे जिले के महाविद्यालयों और शैक्षिक संस्थानों को जोड़ा जाएगा। इसमें नौकरी पाने के लिए युवा आवेदन कर सकेंगे। उसके बाद उनके डिग्री के आधार पर नौकरी दी जाएगी। संगम पोर्टल पर आवेदन करने वाले युवाओं को मेले के दिन बुलाया जाएगा। जिसमें युवाओं को अलग-अलग कंपनियां चयन करके नौकरी देंगे। रोजगार संगम योजना पर प्रदेश का कोई भी युवा आसानी से आवेदन कर सकता है। इससे युवा आउटसोर्सिंग की नौकरी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। युवा मेडिकल, टेक्निकल, एजुकेशन, कंप्यूटर, खेलकूद, बाल विकास, उद्यान, महिला कल्याण सहित कई विभागों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। रोजगार संगम योजना पर आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, 12वीं व स्नातक की डिग्री, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं।

## एसपी ने 20 पुलिस निरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के पुलिस महकमें में देर रात 20 इंस्पेक्टर का कार्य क्षेत्र बदल दिया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने कन्नौज कोतवाल को सौरिख थाने की कमान सौंपीं जबकि उनकी जगह गुरसहायगंज कोतवाल को कन्नौज सदर का चार्ज दे दिया। इसके अलावा कन्नौज कोतवाली को महिला इंस्पेक्टर समेत 2 अतिरिक्त निरीक्षक भी दिए गए। एसपी ने जिले के 5 थाना इंचार्जों समेत 20 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव कर दिया। उन्होंने कन्नौज कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह को सौरिख थाने की कमान सौंप दी जबकि उनकी जगह गुरसहायगंज में तैनात कोतवाल जेपी शर्मा को कन्नौज कोतवाली का चार्ज दे दिया। चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे को गुरसहायगंज कोतवाली भेजा गया। सौरिख थाना इंचार्ज सचिन कुमार सिंह को छिबरामऊ कोतवाली भेजा गया जबकि छिबरामऊ कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह को तिर्वा कोतवाली का चार्ज सौंपा गया। तिर्वा कोतवाल जयंती प्रसाद गंगवार को अपराध शाखा भेजा गया। महिला निरीक्षक विनीता सारथी और अनिल मणि त्रिपाठी को कन्नौज कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक नियुक्त किया गया। इसी तरह मनोज कुमार सिंह और हरिशंकर वर्मा को तिर्वा कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया। निरीक्षक विजय सिंह को पुलिस लाइन से सम्मन सेल का प्रभारी बनाया गया। देवेश शुक्ला को डीसीआरबी का प्रभारी नियुक्त किया गया। निरीक्षक वीरेंद्र विक्रम को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है । मदन गोपाल गुप्ता को एसपी का वाचक बनाया गया। रजनीश बाबू कटियार और रणजीत सिंह को अपराध शाखा भेजा गया। अजय कुमार अवस्थी को साइबर थाना प्रभारी बनाया गया। विश्वनाथ मिश्र, सियाराम गौतम और संजय कुमार शुक्ला को साइबर थाने भेजा गया।

# एन एस एनआई एस पटियाला में द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

बीते16 जून को राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस), पटियाला में द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान सभी कोचों में से प्रथम चार उत्कृष्ट योगासन कोचों को यूरोप टिकट के साथ पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आईडीवाई प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग भी दी गई। इस द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम में 29 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों से आए 140 कोचो ने भाग लिया, और आईटीबीपी के योगासन एथलीट्स और अधिकारियों ने भी आईडीवाई योग ट्रेनिंग प्रोटोकॉल में भागीदारी की। इस कार्यक्रम में कई राज्यों से आए पुलिस अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर तमिलनाडु की योगासन एथलीट ने योगासन खेल की शानदार प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया, और अफ्रीकी महाद्वीप से आए अंतरराष्ट्रीय कोच डॉ. जयराम ठक्कर जी ने भी सभी को प्रशिक्षण दिया

यह प्रतिष्ठित आयोजन योगासन भारत द्वारा आयोजित किया गया था, जो भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इस कार्यक्रम का संचालन योगासन भारत के माननीय महासचिव, डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में किया गया।

डॉ. जयदीप आर्य ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रथम 1 से 6 तक स्थान प्राप्त कोचों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संभावनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, यह बताते हुए कि सफल कोचों को भारत और विदेशों में कोचिंग करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगासन खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के मिशन पर भी जोर दिया, जो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के वैश्विक महत्व को रेखांकित करता है। समारोह के दौरान, डॉ. आर्य ने 6 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कोचों को सम्मानित किया-

प्रथम स्थान किसन शेषराव टोंडे, महाराष्ट्र, द्वितीय स्थान वंदना देओरा, राजस्थान, तीसरा स्थान विकास कुमार गोपे, झारखंड, चौथा स्थान युधवीर, हरियाणा

पांचवा स्थान इंदु मथुरिया, उत्तर प्रदेश, छठा स्थान पंकज भगत, पश्चिम बंगाल को मिला। कन्नौज से इस आयोजन में जानकी सिंह ने भाग लिया।

भव्य समापन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। अफ्रीकी महाद्वीप समन्वयक जयराम ठक्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ अफ्रीकी महाद्वीप की अंतरराष्ट्रीय योगा एंबेसडर मरियम, संपादक विशेषज्ञ प्रवीण प्रभाकर, और शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के निदेशक रचित कौशिक भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य उल्लेखनीय उपस्थितियों में आयोजन समिति के राष्ट्रीय निदेशक पीयूष कांत मिश्रा, सोशल मीडिया निदेशक रोहित कौशिक, पंजाब योगासन राज्य निकाय की अध्यक्ष डॉ. अकलकला, पंजाब योगासन राज्य निकाय के सचिव डॉ. सी. के. मिश्र, और एशियन योगासन के कोषाध्यक्ष एडवोकेट उमेश नारंग शामिल थे।

## तापमान में दो डिग्री की गिरावट, पर गर्मी से निजात नहीं

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मंगलवार की अलख सुबह हुई बारिश से जिले के तापमान में दो डिग्री की गिरावट नापी गई। जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री से 44 पर आ गया। लेकिन इसके बाद भी गर्मी से किसी प्रकार की निजात नहीं मिली मंगलवार की सुबह करीब पौने चार बजे अचानक बादल छाने के साथ रिमझिम बारिश हुई। लोगों को लगा कि अब मौसम ठंडा हो जाएगा। लेकिन यह रिमझिम बारिश लोगों को गर्मी से निजात नहीं दिला सकी। हालांकि जिले का तापमान जो सोमवार को अधिकतम 46 और न्यूनतम 36 डिग्री नापा गया था उसमें गिरावट जरूर आइ। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री नापा गया। मंगलवार को जैसे- जैसे दिन चढ़ता गया गर्म हवाओं के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। तेज धूप और उमस के बीच घरों में लगे पंखा और कूलर भी दोपहर के सयम राहत देते नजर नहीं आए। लगातार पड़ रही गमी से लोग बीमार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ दिखाई दे रही है। हालांकि मौमस विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट की बात कही है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को तापमान 43 डिग्री रहेगा तो वहीं बृहस्पतिवार को तापमान घटकर 41 डिग्री पहुंचने की संभावना है।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में किसान की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**छिबरामऊ।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दूसरे को परिजन लखनऊ ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। छिबरामऊ कोतवाली के गढ़िया ब्राहिमपुर गांव निवासी सुरजीत (45) खेतीबाड़ी करते थे। परिजनों ने बताया कि रविवार शाम वह बाइक



से अपने साथी लेकपाल (50) पुत्र बेचे के साथ छिबरामऊ बाजार करने आए थे। लौटते समय ब्राहिमपुर गांव के पास कट पर सामने से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों ने दोनों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सुरजीत की हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें लखनऊ ले गए, जहां इलाज के दौरान सुरजीत की मौत हो गई। सुरजीत की दो बेटियां तथा एक बेटा है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# रेलवे स्टेशन के निर्माण में नहीं होगी देरी, मिला बजट

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में तेजी आई है। रेलवे स्टेशन को जंक्शन का दर्जा मिला हुआ है। अमृत महोत्सव के तहत जंक्शन का विस्तार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर आने वाले समय में यात्रियों को जंक्शन वाली सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे स्टेशन पर चल रहे काम का रेलवे के अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। बजट की कमी की समस्या थी उसे दूर कर दिया गया है। रेल निदेशालय के निर्देश पर रेलवे स्टेशन की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर बड़े स्तर पर काम चल रहा है। कार्य योजना में दोनों प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जाएगी। स्टेशन परिसर में दो वाहन स्टैंड बनाए जाएंगे। प्रवेश और निकास द्वार अलग-अलग बनाए जाएंगे। रेलवे सिग्नलों को इलेक्ट्रिक व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। रेलवे द्वारा पांच स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। कार्य योजना के तहत रेलवे स्टेशन का भवन दो मंजिला होगा। दूसरी मंजिल पर एक फूड प्लाजा तथा एक कैंटीन बनाई जाएगी। वातानुकूलित प्रतीक्षालय बनेगा। बुकिंग खिड़की को कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा। रेलवे स्टेशन परिसर में ही रेलवे विभाग द्वारा तीन पार्क का निर्माण कराया जाएगा। ऊपरी तल पर जाने के लिए एस्किलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) लगाई जाएंगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर जंक्शन वाली सुविधाएं मिलेंगीं। चुनाव आचार संहिता के कारण निर्माण कार्य बाधित हो गया था। अब चुनाव बाद करीब एक करोड़ का बजट मिल गया है जल्द ही यहां निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। स्टेशन अधीक्षक एचएस मीणा ने कहा बजट मिलने के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है जल्द ही अधिकारी निरीक्षण करेंगे।

# उत्तर से दक्षिण तक होगा कांग्रेस का 'साम्राज्य'

## रायबरेली सीट से सांसद बने रहेंगे राहुल गांधी, वायनाड सीट छोड़ेंगे पर दक्षिण भारत को नहीं

- कांग्रेस आलाकमान ने प्रियंका गांधी को वायनाड सीट से उप चुनाव लड़ने के लिए चुना
- कांग्रेस बहुत सधे कदमों से यह संदेश देना चाहती है उसके लिए उत्तर भारत और दक्षिण भारत दोनों ही बराबर महत्वपूर्ण हैं
- लोकसभा चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस भाई-बहन की जोड़ी के जरिए देशभर में पार्टी में जान फूंकना चाहती है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 से कांग्रेस एक के बाद एक राजनीति का सधा हुआ कदम उठा रही है। पार्टी ने उत्तर भारत के साथ ही दक्षिण भारत की राजनीति को एक साथ साधने का तरीका ढूंढ लिया है। पहले की तुलना में अधिक सीट लाकर कांग्रेस का ब्रांड राहुल चल पड़ा है। यह भी तय हो गया है कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे और वायनाड सीट छोड़ेंगे। पार्टी ने प्रियंका गांधी को वायनाड सीट से उम्मीदवार बनाकर एक तीर से दो निशाने साधे हैं। मतदाताओं को पार्टी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कांग्रेस के लिए उत्तर भारत और दक्षिण भारत दोनों ही बराबर महत्वपूर्ण हैं। वहीं, एनडीए को बताया है की राहुल-प्रियंका की जोड़ी अब उत्तर से दक्षिण तक कांग्रेस का साम्राज्य खड़ा करेगी। अब यह देखना बाक़ी है कि वायनाड में कब उपचुनाव होता है और वहाँ के मतदाता किसे अपना सांसद चुनते हैं।



### पहली बार चुनाव लड़ रहीं प्रियंका

लंबे समय से केंद्र की सत्ता से दूर कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को लेकर कॉफी सब्र का परिचय दिया। प्रियंका ने यूपी और देश भर में आक्रामक चुनाव कैंपेन की जिम्मेदारी तो संभाली पर उन्हें चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया गया। यह पहली बार है जब पार्टी ने आधिकारिक रूप से प्रियंका गांधी को वायनाड सीट से उपचुनाव लड़ने के लिए चुना है।

### चुनाव जीतीं तो लोकसभा में राहुल को करेंगी मजबूत

अगर वायनाड सीट से होने वाले उपचुनाव में प्रियंका गांधी जीतती हैं तो न सिर्फ कांग्रेस की एक सीट उसके पास बरकरार रहेगी बल्कि संसद में राहुल गांधी की मौजूदगी बुलंद होगी। प्रियंका गांधी का बात कहने का अंदाज राहुल गांधी से भी अधिक सहज और स्पष्ट है। उनका आत्मविश्वास भी अधिक है। इसका सीधा फायदा राहुल गांधी को संसद में मिलेगा।

### राज्यसभा में सोनिया गांधी, लोकसभा में होंगे बेटा-बेटी

सोनिया गांधी के राज्यसभा पहुंचने के बाद गांधी परिवार संसद के दोनों सदन में और मजबूत हुआ है। राज्यसभा में सोनिया गांधी मौजूद हैं और लोकसभा में राहुल गांधी। अब अगर वायनाड सीट से चुनाव जीत कर प्रियंका गांधी भी लोकसभा पहुंच जाती हैं तो दोनों सदनों में परिवार की मौजूदगी पार्टी का कुशल नेतृत्व करेगी।

### इंदिरा गांधी ने दक्षिण के लिए छोड़ी थी रायबरेली की सीट

कांग्रेस पार्टी शुरू से ही उत्तर भारत और दक्षिण भारत की राजनीति को बखूबी साधती आई है। एक समय गांधी परिवार ने दक्षिण भारत की सीट के लिए रायबरेली सीट छोड़ दी थी। इंदिरा गांधी 1980 में रायबरेली से जीती थीं और उन्होंने आंध्र प्रदेश की मेडक सीट के लिए यहाँ से इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया था। इसके बाद सोनिया गांधी रायबरेली आईं और अब राहुल गांधी यहां से चुनाव जीते हैं।

### दिल्ली और यूपी में कांग्रेसी उत्साहित, बांट रहे मिठाई और प्रसाद: विश्वनाथ चतुर्वेदी

प्रियंका गांधी को वायनाड सीट से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। विशेष तौर पर पुराने कांग्रेसी खासे उत्साहित हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी के अनुसार कांग्रेस के लगभग सभी पुराने नेता और कार्यकर्ता अरसे से चाहते थे कि प्रियंका गांधी सदन मैं पहुंचें। इससे सदन में और बाहर पार्टी बहुत मजबूत होगी। अब ऐसा होने जा रहा है। इसलिए यूपी और दिल्ली समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में उत्साहित कार्यकर्ता मिठाई व प्रसाद बांट रहे हैं।

### पार्टी का चेहरा बने रहेंगे राहुल

कांग्रेस दरअसल, किसी भी हाल में राहुल गांधी को पार्टी का चेहरा और प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाहती है। इसलिए अब पार्टी ने सधी हुई पारी खेलते हुए प्रियंका को संसद भेजने का रास्ता तो बनाया है लेकिन प्रियंका गांधी की भूमिका देशभर में पार्टी और पार्टी से ज्यादा राहुल गांधी की इमेज बनाने की रहेगी।

# अब रात भी दिन जैसे हुए, दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने भी तोड़ा रिकॉर्ड, 13 साल में सबसे गर्म रही मंगलवार सुबह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राजधानी में बीते कई दिनों से दिन के साथ-साथ रात की गर्मी भी परेशान कर रही है। अभी तक अधिकतम तापमान ही रिकॉर्ड बना रहा था, मंगलवार को न्यूनतम तापमान ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिया। 13 साल में इस दिन की सुबह सबसे गर्म रही। न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज हुआ। वर्ष 2011 से वर्ष 2023 तक जून के महीने में इतना अधिक न्यूनतम तापमान नहीं रहा है। दिल्ली का पीतमपुरा इलाका सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 46 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि पूसा इलाके की सुबह सबसे गर्म रही, यहां न्यूनतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर भारत समेत दिल्ली-एनसीआर भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। बीते 13 जून से तो अधिकतम तापमान लगातार 44 डिग्री और उससे ऊपर चल रहा है। जून में ही दो बार दिल्ली का तापमान 45 डिग्री को पार कर चुका है। एक जून को अधिकतम तापमान 45.8 और 17 जून को 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं दिल्ली में लू भी कहर बरपा रही है। इस माह में लू भी सात दिन तक चल चुकी है, जबकि इससे पहले 2014 में भी लू सात दिन तक चली थी। गर्मी का आलम यह है कि पंखे, एसी, कूलर सब फेल होकर गर्म हवा दे रहे हैं। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 44 डिग्री दर्ज व न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पीतमपुरा के बाद जाफरपुर इलाके में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां न्यूनतम तापमान भी 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में मंगलवार को औसत तापमान भले ही सोमवार के मुकाबले में कम रहा लेकिन दिनभर लू के थपेड़े परेशान करते रहे, इस कारण से तापमान 46 डिग्री से अधिक ही महसूस हुआ। रात में भी गर्म हवा चलने के कारण लू की स्थिति ही रही। अब बुधवार को नए पश्चिमी विक्षोभ के आने से 19 व 20 जून को मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हल्की बारिश होगी और आंधी चलने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री तक रहने का अनुमान है।

# दादा साहेब फाल्के अवार्ड से फिल्म अभिनेता प्रेम कुमार तिवारी सम्मानित

जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा



**मुंबई।** दादा साहेब फाल्के सिने आर्टिस्ट एवं टेक्नीशियन अवार्ड 2024 का भव्य आयोजन अंधेरी पश्चिम स्थित मेयर हाल में संपन्न हुआ। जिसमें फिल्म जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों के साथ कैमरे के पीछे अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों का भी सम्मान किया गया। साउथ फिल्म के मशहूर अभिनेता अनूप सिंह ठाकुर एवं फाइट मास्टर,फिल्म अभिनेता टीनू वर्मा एवं एक्टर नीरज भारद्वाज के प्रमुख उपस्थिति में जाने-माने फिल्म अभिनेता प्रेम कुमार तिवारी को दादा साहेब फाल्के अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। अवार्ड मिलने के बाद प्रेम तिवारी ने कहा कि अपने 18 साल के करियर में हमने अनगिनत अवार्ड हासिल किया,लेकिन इस अवार्ड को पाकर जो मुझे खुशी मिली है वह मैं अपने शब्दों में बयां नहीं कर सकता। प्रेम तिवारी ने कार्यक्रम के आयोजक संजीव सिन्हा एवं सुकेश पड़वल के साथ-साथ सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं पत्रकार अंकित मिश्रा का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो की प्रेम तिवारी को फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हुए 18 साल हो गए हैं फुलवा नामक सीरियल में रंगा के रोल में लंबा काम किया। इसके बाद प्रतिज्ञा,दिया और बाती,ना आना इस देश में लाडो,झांसी की रानी, वीर शिवाजी,मेरे मन की कस्तूरी, डॉ भीमराव अंबेडकर,आहट फिर सीआईडी में लगातार कई एपिसोड में काम किया। इसके अलावा प्रेम तिवारी ने सावधान इंडिया,क्राइम पेट्रोल और कई वेब सीरीज में काम करके लोगों के बीच लोकप्रिय हुए हैं।

# गृह मंत्रालय ने हाईकोर्ट में कहा, बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने पर आपत्ति नहीं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने कलकत्ता हाईकोर्ट को सूचित किया कि यदि राज्य में चुनाव के बाद हिंसा के आरोपों के मद्देनजर बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती और कुछ समय तक बढ़ाई जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। अदालत ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार को याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए चुनाव बाद हिंसा के आरोपों के बाद स्थिति का आकलन करने और 21 जून को सुनवाई की अगली तारीख पर इनसे संबंधित सभी प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान, गृह मंत्रालय का प्रतिनिधित्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने किया।

### डीजी ने यह दी रिपोर्ट में जानकारी

सूत्रों के मुताबिक, 560 शिकायतों में से 107 एफआईआर दर्ज की गई है। 92 शिकायतों में कोई संज्ञेय अपराध नहीं पाया गया। 114 मामलों की जांच की गई और कोई अपराध नहीं पाया गया। 18 आरोप चुनाव के बाद के हिंसा से से संबंधित नहीं हैं। एक ही घटना के संबंध में 88 शिकायतें दूसरी बार दर्ज की गईं। सूत्रों के मुताबिक, तीन शिकायतों में शिकायतकर्ता का कोई पता नहीं है। 138 शिकायतों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीजी ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट, मिलीं 560 शिकायतें

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को राज्य सरकार ने एक रिपोर्ट सौंपी है। राज्य पुलिस डीजी संजय मुखर्जी ने रिपोर्ट में बताया है कि 6 से 12 जून तक मेल में कुल 560 शिकायतें मिली हैं। रिपोर्ट में डीजी ने अब तक कितनी प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और क्या कदम उठाए गए हैं, उसकी भी जानकारी दी है। इस संबंध में एक संगठन और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव बाद हिंसा को लेकर हाईकोर्ट में मामला दायर किया है। मामले पर मंगलवार को सुनवाई शुरू होनी थी, लेकिन सभी पक्षों के पास रिपोर्ट नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस पर सुनवाई अगले बृहस्पतिवार को होगी। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट 14 जून को राज्य पुलिस के डीजी ने सौंपी है। उल्लेखनीय है कि चुनाव के बाद हिंसा और हिंसा के आरोप सामने आने लगे थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश कौशिक चंदर की खंडपीठ ने 6 जून को एक आदेश पारित किया। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि चुनाव के बाद हिंसा से प्रभावित लोग राज्य के महानिदेशक को शिकायत ईमेल कर सकते हैं। कोर्ट ने शिकायत की जांच कर एफआईआर दर्ज करने का भी आदेश दिया था।

## सीडीएस चौहान ने साइबर जगत के अभियानों के लिए जारी किया संयुक्त सिद्धांत, कमांडरों का करेगा मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को साइबर जगत के अभियानों के संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करने वाला संयुक्त सिद्धांत (डॉक्टरीन) जारी किया। यह सिद्धांत एक ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो मौजूदा जटिल सैन्य अभियानों के इतर साइबर जगत के संचालन में कमांडरों, कर्मचारियों और पेशेवरों का मार्गदर्शन करेगा। यह तीनों सेनाओं के एकीकरण को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह सिद्धांत साइबर जगत के सैन्य पहलुओं को समझने पर जोर देता है। इसके अलावा, यह योजना बनाने और वांछित लक्ष्यों को हासिल करने में सेना को वैचारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह दस्तावेज ऐसे समय में जारी किया गया है, जब सरकार देश की सैन्य ताकत को मजबूत करने के लिए थिएटर कमान शुरू करने पर विचार कर रही है। जनरल चौहान ने चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान साइबर जगत के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह सिद्धांत कमांडरों को आज के जटिल सैन्य अभियानों के माहौल में साइबर जगत का संचालन करने में मार्गदर्शन देगा। मंत्रालय ने कहा कि साइबर जगत के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत प्रक्रिया को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान सीडीएस ने भविष्य के युद्धों में साइबर जगत की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थल, समुद्र और वायु सहित युद्ध के पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा साइबर जगत भी भविष्य के युद्धों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि साइबर जगत एक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि थल, समुद्र और वायु क्षेत्र की क्षेत्रीय सीमाओं के विपरीत साइबर जगत एक वैश्विक साझा क्षेत्र है। इसलिए इसकी साझी संप्रभुता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि साइबर जगत में शत्रुतापूर्ण कार्रवाई देश की अर्थव्यवस्था, सामंजस्य, सियासी फैसलों और राष्ट्र की खुद की रक्षा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसने आगे कहा कि साइबर जगत में अभियानों को राष्ट्रीय सुरक्षा के ताने-बाने में ढालने की जरूरत है।

## केरल से राज्यसभा निर्वाचन
## पी पी सुनीर और हारिस बीरान निर्विरोध चुने गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के हारिस बीरान, कांग्रेस के जोश के मणि और भाकपा नेता पी पी सुनीर को मंगलवार को केरल से राज्यसभा के लिए चुना गया है। निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईयूएमएल विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ की सहयोगी पार्टी है। जबकि केरल कांग्रेस और भाकपा राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा हैं। संसद के ऊपरी सदन के लिए तीनों नेता निर्विरोध चुने गए हैं। इन सांसदों का चुनाव इसलिए हुआ है, क्योंकि राज्य से राज्यसभा के तीन मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल एख जुलाई को समाप्त होने वाला है। राज्यसभा के जिन तीन सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का विरोध सरकार के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के सरकार के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। बंगलूरू में जनता दल (एस) और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वहीं उत्तर कन्नड़ ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स और ऑनर्स एसोसिएशन ने भी पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में राज्य में पेट्रोल पर 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.5 रुपये प्रति लीटर की दर से बढ़ोतरी की है। सरकार के इस फैसले का भाजपा ने विरोध किया है। भाजपा का कहना है कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से अन्य चीजों के दाम भी बढ़ जाएंगे। कर्नाटक भाजपा ने मांग की है कि सरकार को पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले को वापस लेना चाहिए। कर्नाटक सरकार ने अपने फैसले का यह कहकर बचाव किया है कि उन्हें घोषणापत्र में बताई गई गारंटी पूरी करने और विकास कार्यों के लिए पैसे की जरूरत है, इसलिए पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने जो पांच गारंटियां देने का एलान किया है, उससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि %गारंटियों और मुफ्त की योजनाओं के चलते विकास कार्यों के लिए कोई पैसा नहीं बचा है। हम गारंटी योजनाओं का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन ये किफायती होनी चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री भुजबल ने की जाति जनगणना की मांग, कहा मराठों को ओबीसी कोटे से नहीं मिल सकता आरक्षण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों के सरकारी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद वरिष्ठ ओबीसी नेता ने स्पष्ट किया कि मराठों को ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना की जानी चाहिए। 13 जून से दो ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हेक और नवनाथ वाघमारे अनशन पर बैठे हुए हैं। सोमवार को सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने दोनों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों से अनशन खत्म करने का आग्रह किया, साथ की पानी पीने के लिए अनुरोध किया। लेकिन दोनों आंदोलनकारियों ने इससे इंकार कर दिया। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे मराठों के लिए आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इससे ओबीसी कोटा प्रभावित नहीं होना चाहिए। वहीं वरिष्ठ ओबीसी नेता और महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि मराठों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लिए कोटे से आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्य में जाति जनगणना की अपनी मांग दोहराई। भुजबल ने कहा, ÷मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे से आरक्षण नहीं दिया जा सकता। हम ऐसा नहीं कह रहे हैं, लेकिन आरक्षण को लेकर पिछले चार आयोग ने यही कहा है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे नकार दिया है।÷ राज्य मंत्री ने मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे के विरोध का हवाला देते हुए कहा कि अब फिर से ओबीसी (कोटा) से आरक्षण की मांग हो रही है। भुजबल ने कहा कि राज्य में जाति आधारित जनगणना से ओबीसी समुदाय को अधिक धन मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। हड़ताली ओबीसी कार्यकर्ता राज्य सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी को मराठा समुदाय के सदस्यों के ऋषि सोयारे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है। भुजबल ने आगे कहा कि उन्होंने राज्य विधानसभा को दिखाया है कि किस तरह कुनबी रिकॉर्ड में हेराफेरी की जा रही है।

# 'भारत-अमेरिका को तकनीक के क्षेत्र में सबसे आगे आना होगा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और अमेरिका को अत्याधुनिक तकनीक के विकास और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सबसे आगे खड़े रहने की आवश्यकता है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष जैक सुलिवन की मौजूदगी में ये बातें कहीं। इससे एक दिन पहले अमेरिका के एनएसए जैक सुलिवन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के सहयोग को और भी अधिक मजबूत करने की बात कही थी। अजीत डोभाल ने कहा कि अपने नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए अमेरिका और भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सर्वोपरि रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह एक बड़े रणनीतिक हित का हिस्सा भी है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने आईसीईटी (महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका पहल को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बता दें कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ष 2022 में आईसीईटी की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच व्यापक तकनीक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। अजीत डोभाल ने प्रौद्योगिकी में उद्योग की भूमिका और आईसीईटी की प्रगति पर भी प्रकाश डाला।

### अमेरिका के एनएसए ने इन बातों पर दिया जोर

उधर अमेरिका के एनएसए जैक सुलिवन ने तकनीक के साझाकरण में तीन मुख्य बातों पर जोर दिया। उनके अनुसार नवाचार, उत्पादन और तैनाती के जरिए दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी का विकास हो सकता है। उन्होंने नवाचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि निजी क्षेत्रों में भी सरकार के सहयोग की जरूरत है। सुलिवन के अनुसार अमेरिका में भारतीय उद्योगों का समर्थन किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आईसीईटी का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच तकनीक के क्षेत्र में सहयोग करना है। दोनों देशों के एनएसए ने आश्वासन दिया कि वे विशिष्ट उद्योगों का स्वागत करते हैं और आपसी सहयोग से किसी भी परेशानी को हल करने की कोशिश की जाएगी। इस तरह से भारत और अमेरिका के संबंधों को गहरा और मजबूत बनाया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)